
कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी 12:35 तक उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 7 नवंबर 2024
वर्ष 5, अंक 352, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी आज भी अधूरी है 14
थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान 13

## पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को बुधवार को मंजूरी दे दी ताकि वित्तीय बाधाएं उन्हें गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से न रोक सकें। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने को भी मंजूरी दे दी।

पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के अनुसार, गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों (क्यूएचईआई) में दाखिला लेने वाला कोई भी विद्यार्थी पाठ्यक्रम से संबंधित ट्यूशन शुल्क और अन्य खर्चों की पूरी राशि को कवर करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों से बिना किसी जमानत या गारंटर के ऋण प्राप्त करने के लिए पात्र होगा। वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए योजना को मंजूरी दी है। यह योजना राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढांचा (एनआईआरएफ) रैंकिंग द्वारा निर्धारित सरकारी और निजी सभी शीर्ष क्यूएचईआई पर लागू होगी जो एनआईआरएफ में शीर्ष 100 में स्थान रखते हैं। इसमें एनआईआरएफ में 101-200 रैंक पर आने वाले राज्य के उच्च शिक्षा संस्थान और केंद्र द्वारा संचालित सभी संस्थान शामिल हैं। दूसरी ओर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने की भी मंजूरी दी गई।

### कैबिनेट के फैसले



- योजना में मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी आर्थिक मदद
- भारतीय खाद्य निगम को मिलेंगे 10,700 करोड़ रुपये

**277** वोट ट्रंप को मिले

**224** वोट हैरिस ने पाए



## ट्रंप ने कड़े मुकाबले में हैरिस को हराया

**अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव** ऐतिहासिक जीत हासिल कर दूसरी बार पहुंचे व्हाइट हाउस

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दूसरी बार देश के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की जिसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा जा रहा है। ट्रंप ने कड़े चुनावी मुकाबले में अपनी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को हरा दिया। विस्कोन्सिन में जीत के साथ ट्रंप (78) ने राष्ट्रपति पद के लिए जरूरी 270 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए। उन्होंने विस्कोन्सिन जैसी महत्वपूर्ण सीट पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पराजित किया। शाम सात बजे तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार, रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने 277 निर्वाचक मंडल वोट जबकि डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस को 224 वोट हासिल हुए। ट्रंप ने फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए इस जीत को अमेरिका में स्वर्णिम युग की वापसी बताया। 4 साल के बाद ट्रंप फिर से व्हाइट हाउस पहुंचेंगे।

### खरगे और राहुल ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। खरगे ने कहा कि हम वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। राहुल गांधी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार रहीं कमला हैरिस को भी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मेरे दोस्त ट्रंप को बधाई : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति निर्वाचित होने और उनकी ऐतिहासिक जीत पर बुधवार को उन्हें बधाई दी तथा वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई।




## रातों रात बुलडोजर लाकर घर नहीं गिरा सकते : सुप्रीम कोर्ट

### कोर्ट ने 2019 में ढांचों को गिराने पर उप्र सरकार से नाखुशी जताई

- अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पर सभी राज्यों को जारी किए निर्देश
- जिसके घर को गिराया उसे 25 लाख रुपये मुवावजा दे उप्र सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 2019 में अवैध तरीके से ढांचों को गिराने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से नाखुशी जताई और सड़कें चौड़ी करने एवं अतिक्रमण हटाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश जारी किए।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उप्र सरकार को निर्देश दिया कि उस व्यक्ति को 25 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए जिसका घर 2019 में सड़क चौड़ीकरण के लिए गिरा दिया गया था। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के वकील से कहा कि आप ऐसा नहीं कर सकते कि बुलडोजर लेकर आएं और रातों रात भवनों को गिरा दें। आप परिवार को घर खाली करने के लिए समय नहीं देते। घर में रखे घरेलू सामान का क्या? पीठ ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव से कहा कि महाराजगंज जिले में मकान गिराने से संबंधित मामले में जांच कराई जाए और उचित कार्रवाई की जाए।



### प्राकृतिक न्याय सिद्धांतों का पालन करें राज्य

अदालत ने राज्यों से कहा कि वे अभिलेखों या मानचित्रों के आधार पर सड़क की मौजूदा चौड़ाई का पता लगाएं तथा सर्वेक्षण करें, जिससे सड़क पर यदि कोई अतिक्रमण है तो उसका पता चल सके। कहा कि यदि सड़क पर अतिक्रमण का पता चलता है तो राज्य को इसे हटाने से पहले अतिक्रमण करने वाले को नोटिस जारी करना होगा और यदि नोटिस की सत्यता और वैधता पर आपत्ति जताई जाती है तो राज्य प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए स्पीकिंग ऑर्डर (कारण सहित आदेश) जारी करेगा।

### उचित कारण जरूरी, मुनादी से नहीं चलेगा काम

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ भटनागर और अधिवक्ता शुभम कुलश्रेष्ठ पक्ष रख रहे थे। अदालत ने उनका पक्ष सुनते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि मकान गिराने की प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी थी और कानून का पालन किए बिना इसे अंजाम दिया गया। सुनवाई के दौरान पीठ को संबंधित क्षेत्र में 123 ढांचों को गिराए जाने के बारे में सूचित किया गया। पीठ ने राज्य सरकार के वकील से कहा कि आप कह रहे हैं कि आपने केवल मुनादी की थी। बताएं कि किस आधार पर निर्माण कार्य को अनधिकृत बताया गया। जब राज्य के वकील ने सड़क चौड़ीकरण परियोजना के बारे में बताया तो पीठ ने कहा, सड़क चौड़ीकरण बस एक बहाना है। यह उचित कारण नहीं लगता।

### अतिक्रमण हटाने से पहले दी जाए नोटिस

पीठ ने कहा कि यदि आपत्ति को खारिज कर दिया जाता है तो संबंधित व्यक्ति को अतिक्रमण हटाने के लिए एक तर्कसंगत नोटिस दिया जाएगा। यदि संबंधित व्यक्ति इसका अनुपालन नहीं करता, तो सक्षम प्राधिकारी अतिक्रमण हटाने के लिए कदम उठाएंगे, जब तक कि सक्षम प्राधिकारी या अदालत के आदेश से रोक न लगाई जाए। जहां सड़क की मौजूदा चौड़ाई, जिसमें उससे सटी राज्य की भूमि भी शामिल है, सड़क चौड़ीकरण के लिए पर्याप्त नहीं है, तो राज्य कार्रवाई को शुरू करने से पहले अपनी भूमि का अधिग्रहण करने के लिए कदम उठाएगा।

## डीसीएम व ऑटो के बीच भिड़ंत में 11 लोगों की मौत

### मरने वालों में 6 महिलाएं, 3 बच्चे और दो युवक शामिल

- हरदोई जिले के बिल्हौर-कटरा हाईवे पर गांव रोशनपुर के पास हुआ हादसा
- मुख्यमंत्री ने जताई शोक संवेदना, घायलों के समुचित इलाज के दिए निर्देश

संवाददाता, बिलग्राम (हरदोई)



बिल्हौर-कटरा हाईवे पर दुर्घटनास्थल पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिल्हौर-कटरा हाईवे पर बुधवार दोपहर 12 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। बिलग्राम थाना क्षेत्र के रोशनपुर गांव के पास डीसीएम और ऑटो की भिड़ंत में 11 लोगों की मौत हो गई है। जबकि तीन लोग गंभीर हैं। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची ने घायलों को सीएचसी भेजा। मरने वालों में 6 महिलाएं और 3 बच्चे और दो युवक हैं। सूचना पर एसपी नीरज कुमार जादौन, एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार रोशनपुर पहुंचे और घायल लोगों से मिले।

प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताया है। अधिकारियों को निर्देश दिए है कि घायलों का समुचित इलाज और उनकी देखरेख की जाए। इसके अलावा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी ने मृतक के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपये सहायता देने के निर्देश दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बुधवार दोपहर 12 बजे एक सीएनजी आटो माधौगंज से 15 सवारियां लेकर बिलग्राम आ रहा था। आटो जैसे ही गांव रोशनपुर के पास पहुंचा, उसी बीच एक राहगीर को बचाने में सामने से आ रही डीसीएम से जा टकराया। चीख-पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े, उसी बीच चालक डीसीएम छोड़ कर भाग गया। सूचना पर पहुंचे एसपी नीरज कुमार जादौन, एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार, सीओ बिलग्राम सुनील कुमार शर्मा और एसडीएम बिलग्राम ने स्थानीय लोगों के आक्रोश को संभाला। पुलिस ने बताया मृतकों में माझगांव निवासी माधुरी (38), सुनीता (40) पटियनपुरवा माधौगंज, आंशी (8), नीलम (60) इटौली, सत्यम (30) पटेल नगर पूर्वी माधौगंज, राधा (42) इटौली, निर्मला (36) अल्लीगढ़ बिलग्राम, रोशनी (30) गुर्रा सवायजपुर, वंशिका (6), प्रांशु (4), विमलेश (25) सर्रा सथरा थाना सुरसा शामिल है।

घायलों में संजय पहुतेरा, रमेश अल्लीगढ़ बिलग्राम व आनंद पहुतैरा शामिल हैं। एक घायल की पहचान नहीं हो पाई। उधर, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

### एक नजर

#### भड़काऊ भाषण : मिथुन चक्रवर्ती पर प्राथमिकी

**कोलकाता।** बिधाननगर पुलिस ने बुधवार को अभिनेता से भाजपा नेता बने मिथुन चक्रवर्ती के खिलाफ पिछले महीने उत्तर 24 परगना जिले में एक पार्टी कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के लिए प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चक्रवर्ती के खिलाफ शिकायत 27 अक्टूबर को साल्ट लेक क्षेत्र में ईजेडसीसी में भाजपा के एक कार्यक्रम के दौरान उनके भाषण से संबंधित है।

#### सीबीएसई ने 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डमी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ले ली और छह स्कूलों का उच्चतर माध्यमिक का दर्जा घटाकर माध्यमिक कर दिया। यह कदम सितंबर में राजस्थान और दिल्ली के विद्यालयों में किए गए औचक निरीक्षण के बाद उठाया गया है।

## युवक ने 4 साल की बच्ची से किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, कांट/शाहजहांपुर

- मां के साथ सोते समय घर से उठा ले गया था, एक किलोमीटर दूर खून से लथपथ मिली, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

**अमृत विचार:** मां के साथ सो रही चार वर्षीया बच्ची को युवक उठा ले गया और ट्यूबवेल पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची को घर में नहीं देख परिवार में अफरा-तफरी मच गई। घर से एक किलोमीटर दूर ट्यूबवेल पर बच्ची खून से लथपथ मिली। पुलिस ने पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। एसपी ने मौका मुआयना कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कांट क्षेत्र के एक गांव में चार वर्षीया बच्ची मंगलवार रात मां के साथ सो रही थी। रात लगभग तीन बजे पिता लघुशंका के लिए उठे। वापस आकर देखा तो बच्ची बिस्तर पर नहीं थी। उसने पत्नी व अन्य परिजनों से पूछा, पता न चलने पर सब बच्ची की तलाश में जुट गए। घर से लगभग एक किलोमीटर दूर ट्यूबवेल पर पहुंचे तो वहां बच्ची बदहवास मिली। गुप्तांग से खून बहता देख उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। उधर, ट्यूबवेल से कुछ दूर परिजनों ने एक युवक राजाराम को पकड़ा। वह ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। उसे पुलिस के हवाले कर पिता ने तहरीर दी कि आरोपी उनकी बेटी को घर से उठाकर ट्यूबवेल पर ले गया और दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार बच्ची का पिता लघुशंका के लिए उठा, आरोपी ने दरवाजा खुला देखा तो घर में घुस गया और बच्ची को उठाकर ट्यूबवेल पर ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस अधीक्षक राजेश एस, सीओ सदर प्रियंक जैन, प्रभारी निरीक्षक कांट अश्वनी कुमार ने मौका मुआयना किया।

> कांट क्षेत्र के एक गांव में बच्ची से दुष्कर्म की घटना हुई है। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मौका मुआयना किया गया है। प्रकरण में विधिक कार्रवाई की जा रही है। -**राजेश एस**, एसपी।

## एलएमवी लाइसेंस धारक चला सकेंगे ट्रांसपोर्ट वाहन

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन चालकों को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) का लाइसेंस धारक व्यक्ति 7,500 किलोग्राम तक वजन वाले परिवहन वाहन चला सकता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ का फैसला बीमा कंपनियों के लिए एक झटका है। बीमा कंपनियां उन दावों को खारिज कर देती थीं, जो एक विशेष वजन के परिवहन वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं से संबंधित होते थे।

## जम्मू-कश्मीर विस में विशेष दर्जा बहाली प्रस्ताव पारित

- भाजपा विधायकों का कड़ा विरोध वेल में कूदे, जमकर हंगामा

श्रीनगर, एजेंसी



विधान सभा के भीतर विरोध प्रदर्शन करते भाजपा के विधायक। ● एजेंसी

जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने भाजपा के कड़े विरोध और हाईवोल्टेज ड्रामा के बीच विशेष दर्जा बहाली संबंधी प्रस्ताव को बुधवार को पारित कर दिया। इस प्रस्ताव में केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष दर्जा बहाल करने, संवैधानिक गारंटी देने और इन प्रावधानों को बहाल करने के लिए संवैधानिक तंत्र तैयार करने के लिए बातचीत शुरू करने का आह्वान किया गया। उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी द्वारा विशेष दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पेश किया गया जिसका स्वास्थ्य मंत्री सकीना मसूद ने समर्थन किया। प्रस्ताव के बाद सुबह विधानसभा में काफी हंगामा हुआ। प्रस्ताव का मसौदा बहुत ही चतुराई से तैयार किया गया था और इसमें अनुच्छेद 370 या पांच अगस्त 2019 का उल्लेख नहीं था जब जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किया गया था। भाजपा विधायकों ने खड़े होकर प्रस्ताव का विरोध किया। नारेबाजी-हंगामे के चलते अफरा-तफरी मच गई। कुछ विधायक सदन के वेल में कूद गए और अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर पर हमला करते हुए उनसे प्रस्ताव वापस लेने को कहा। उनमें से कुछ ने अध्यक्ष के खिलाफ नारे लगाए। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के विधायक भी अपनी सीटों से उठ गए और प्रस्ताव के पक्ष में नारे लगाने लगे।

### प्रस्ताव वापसी तक विस चलने नहीं देंगे : भाजपा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने कहा कि वह सदन की कार्यवाही तब तक चलने नहीं देगी जब तक राज्य के विशेष दर्जे को बहाल करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश के निर्वाचित प्रतिनिधियों और केंद्र के बीच बातचीत संबंधी प्रस्ताव को वापस नहीं लिया जाता। नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि यह एक अवैध प्रस्ताव है।

## भाइयों के झगड़े में तीन साल के भतीजे की गोली लगने से मौत

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

- बिजली काटने पर तीन भाइयों के बीच हुआ विवाद, एक ने तमंचे से चला दी गोली

**अमृत विचार :** बिजली का तार काटने से सबमर्सिबल पंप बंद हो जाने पर तीन भाइयों में झगड़े के बीच एक भाई ने तमंचे से दूसरे भाई पर फायर कर दिया। गोली वहीं खड़े तीन साल के भतीजे को लगी और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी तमंचा लेकर भाग गया।

थाना क्षेत्र के गांव नगरिया भूड़ निवासी शिवरतन का भाई बलराम बिजली का काम करता है। बुधवार शाम बलराम ठेकेदार से काम करने के रुपयों की बात कर रहा था। तीसरे भाई सुखदेव ने डेक बजा दी जिससे बात करने में व्यवधान होने लगा। बलराम ने गुस्से में बिजली का तार काट दिया जिससे डेक और सबमर्सिबल पंप भी बंद हो गया। उस समय शिवरतन की पत्नी नहा रही थी। तीनों भाइयों में कहासुनी होने लगी। विवाद इतना बढ़ गया कि बलराम छत पर गया और तमंचे से सुखदेव पर फायर कर दिया। सुखदेव तो बच गया मगर वहीं खड़े शिवरतन के तीन साल के बेटे आदित्य के गोली लग गई। मेडिकल कालेज में डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आदित्य मां-बाप का इकलौता बेटा था।

## सनातन में सभी को धारण करने की क्षमता

**चित्रकूट।** संतों के काम में कोई बाधा न आए इसलिए संत जब सनातन धर्म की कथा कहते हैं तो संघ के लोग डंडा लेकर बाहर बैठते हैं। सभी को जोड़कर उन्नति करना हमारे देश का धर्म है। महाभारत हमें सिखाती है कि दुनिया कैसी है और रामायण बताती है कि यहां कैसे रहना है। यह बात बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने श्रीधर धाम दास हनुमान देवस्थान आश्रम में प्रख्यात कथावाचक स्व. पं. रामकिंकर उपाध्याय के 3 दिवसीय जन्म शताब्दी समारोह के समापन पर कही। संघ प्रमुख ने कहा कि सनातन में सभी को धारण करने की क्षमता है।

**उपलब्धि** यूपीटीटीआई ने तैयार की सस्ती वाटर प्यूरीफायर डिवाइस, बोतल में लगाने पर 1 साल से ज्यादा समय तक गंदा पानी करेगी साफ

## केवल 50 रुपये में पीजिए एक साल तक शुद्ध पानी

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

- पानी से हैवी मैटल, लेड, क्रोमियम जैसे तत्वों को हटाने में सक्षम



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (यूपीटीटीआई) ने एक ऐसी डिवाइस बनाई है, जो किसी भी तरह के दूषित पानी को आरओ जैसे स्वच्छ पानी में बदल देगी। इस डिवाइस की खासियत यह है कि इसे पानी की बोतल में आसानी से फिट किया जा सकता है। यह डिवाइस पानी में मौजूद हैवी मैटल, लेड, क्रोमियम जैसे तत्वों को हटाने में सहायक है। पॉलिएस्टर और केमिकल मिश्रित इस डिवाइस की प्रारंभिक कीमत लगभग 50 रुपये होगी। इसे अगले साल मार्च तक बाजार में उपलब्ध कराने की योजना है।

संस्थान ने एक साल के शोध और अनुसंधान के बाद वाटर प्यूरीफायर डिवाइस बनाई है। इसे तैयार करने वाले प्रो. डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि यह पॉलिएस्टर सिलामेंट की डिवाइस है। टेक्सटाइल में नैनो टेक्नॉलाजी के जरिए धागा बनाते समय उसमें अति सूक्ष्म सुराख किए गए। डिवाइस इन्हीं सुराखों और केमिकल की मदद से काम करती है। पानी सूक्ष्म छिद्रों से गुजरकर साफ होता है। इस डिवाइस की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इस्तेमाल के योग्य नहीं रहने पर इसके दूसरे सिरे से पानी गुजारने पर यह फिर से पहले की तरह शोधन करने लगती है। इस डिवाइस की औसत उम्र एक साल से अधिक है। सभी तरह के प्रयोगों से सफल परिणाम हासिल करने के बाद डिवाइस को पेटेंट प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। पेटेंट हासिल होने के बाद इसे बाजार में उतारने की योजना है। इस संबंध में कई कंपनियों से बातचीत चल रही है। जल्दी ही उत्पादन के लिए एमओयू साइन किया जाएगा

### स्कूली बच्चों और दुर्गम इलाकों के लिए वरदान

यूपीटीटीआई के शोधकर्ता डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि यह डिवाइस स्कूली बच्चों और फील्ड में काम करने वाले लोगों तथा दुर्गम इलाकों के लिए काफी उपयोगी है। अमूमन एक बोतल में एक या दो लीटर पानी आता है। यह पानी खत्म हो जाने पर लोगों को दोबारा साफ पानी तलाश करना पड़ता है। ऐसे में इस डिवाइस युक्त बोतल में हर तरह का पानी भरकर साफ पानी हासिल किया जा सकता है। डिवाइस को बनाने में लगभग 9 लाख रुपये खर्च आया है।

> अपने छोटे आकार की वजह से यह डिवाइस बोतल या उसके जैसी किसी भी चीज में आसानी से फिट हो जाती है। इससे बोतल में बार-बार साफ पानी भरने का झंझट खत्म हो जाता है। पेटेंट का आवेदन किया गया है। कंपनियों से बात चल रही है। जल्दी ही डिवाइस को बाजार में उतारने का प्रयास है। -**डॉ. जेपी सिंह**, प्रोफेसर, यूपीटीटीआई, कानपुर।

# पांच दिनों में 465 वाहनों का चालान, पांच सीज, 7.16 लाख जुर्माना

## सख्ती के बावजूद नियमों का पालन नहीं कर रहे वाहन चालक, न बाइक पर ट्रिपल राइडिंग थमी, न सीट बेल्ट लगा रहे कार सवार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** बढ़ते सड़क हादसों की रोकथाम एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन कराने के लिए चलाई जा रही मुहिम से जागरूकता कोसों दूर है। इस महीने की शुरुआत के पांच दिनों में कार्रवाई के आंकड़े भले बेहतर हों, लेकिन सड़कों पर हालात नहीं सुधरते दिख रहे। इसके पीछे जिम्मेदारों की कमी नहीं, बल्कि वाहन चालकों की बेपरवाह तस्वीर उजागर हो रही है। सड़कों पर बेतरतीब दौड़ते वाहनों चालकों की लापरवाही साफ दिखती है।

हर साल की तरह इस बार भी एक नवंबर से यातायात माह की शुरुआत हुई। पहले दिन अपर पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र कुमार ने पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। वाहन चलाते वक्त नियमों का पालन करने की अपील की गई थी। नियम उल्लंघन से होने वाले नुकसान को बखूबी बयां किया था। इसके बाद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई। मगर, यातायात माह के पांच दिन बीतने के बाद भी मुहिम धरातल पर पस्त है। बीते कुछ सालों की तरह इस बार भी कार्रवाई के आंकड़े बढ़ रहे हैं, लेकिन जागरूकता नहीं। हालांकि पुलिस की ओर से इतनी सख्ती नहीं हो पा रही है, जितना कभी पूर्व के सालों में हुआ करती थी। एक वक्त ऐसा था कि चालान से बचने के लिए ही सही, लेकिन माह नवंबर आते ही वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करने से घबराते थे। हालांकि जागरूकता के प्रयास पहले भी खूब किए गए और इस बार भी। मगर वाहन चालक भी इसे अपनाने को गंभीर नहीं दिख रहे हैं। खास बात यह है कि जनपद के बाहर आवागमन के दौरान यही बेपरवाह चालक नियम पालन करने में सबसे आगे रहते हैं। यातायात पुलिस के पांच दिन की कार्रवाई की बात करें तो अब तक 465 चालान यातायात नियमों का उल्लंघन मिलने पर किए जा चुके हैं। 7.16 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया है। जबकि पांच वाहनों पर सीज की कार्रवाई की जा चुकी है।


सामान ढोने वाले वाहन में सफर करते लोग। ● अमृत विचार


युवक बिना हेलमेट के बाइक चला रहा, हेलमेट पीछे बैठी महिला को पकड़ाया।


गौहनिया चौराहे पर बाइक चलाते समय मोबाइल पर बात करता युवक।

### पांच दिन हुई कार्रवाई

| दिनांक | चालान | जुर्माना | सीज वाहन |
|---|---|---|---|
| 01 नवंबर | 43 | 46000 | 00 |
| 02 नवंबर | 105 | 228000 | 01 |
| 03 नवंबर | 73 | 122000 | 01 |
| 04 नवंबर | 128 | 161000 | 01 |
| 05 नवंबर | 116 | 159000 | 02 |

"यातायात माह नवंबर अभियान के दौरान नियम उल्लंघन पर कार्रवाई की जा रही है। शहर के अलावा पूरनपुर, बीसलपुर समेत अन्य ग्रामीण इलाकों में टीमें स्कूल-कॉलेजों में जागरूक कर रही हैं। वाहन चालकों की बैठक कर उन्हें नियम पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। - **राघवेंद्र सिंह चौहान**, यातायात प्रभारी


गन्ना तिराहा से एलएच शुगर फैक्ट्री मार्ग पर एक बाइक पर जाते तीन युवक।

### बच्चों के प्रति अभिभावक निभाएं अपनी जिम्मेदारी

कई बार जागरुकता गोष्ठियों में ये बात खुलकर कही जाती है कि सड़क हादसे में जान गंवाने पर सिर्फ एक व्यक्ति की जान नहीं जाती। उसका असर उसके पूरे परिवार पर पड़ता है। बावजूद इसके ट्रिपल राइडिंग धड़ल्ले से की जा रही है। बिना सीट बेल्ट लगाए चार पहिया वाहन चलाने वालों की भरमार है। बाइक चलाते वक्त हेलमेट का प्रयोग तो नाममात्र बाइकर्स ही कर रहे हैं। ऐसे में वाहन चालक और उनके परिवार की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह बच्चों को नियमों के प्रति जागरुक करें। सिर्फ चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि सड़क सुरक्ष जीवन रक्षा...की मंशा को देखते हुए नियमों के प्रति जागरुक हों।

### अक्टूबर में 2839 चालान, 46.99 लाख जुर्माना वसूला

माह नवंबर ही नहीं, इससे पहले भी एसपी अविनाश पांडेय के निर्देश पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कराई जा रही है। एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान में अक्टूबर माह में भी जमकर कार्रवाई हुई। पुलिस के आंकड़ों पर गौर करें तो अक्टूबर माह में 2839 वाहनों के चालान किए गए थे, जबकि 28 वाहन सीज किए गए थे। इतना ही नहीं नियम उल्लंघन पर 46 .99 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया था।

### अतिक्रमण हटवाने का किया जा रहा दावा

पुलिस की ओर से माह नवंबर अभियान के दौरान यातायात नियमों के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करने के साथ ही अतिक्रमण हटवाने का भी दावा किया जा रहा है। इसे लेकर सोशल मीडिया ग्रुप पर फोटो भी अपलोड किए जाते हैं। मगर सड़कों का हाल जस का तस बना हुआ है। बीते दिनों दिवाली से पूर्व प्रशासन और नगर पालिका के स्तर से भी अभियान की औपचारिकता निभाई जा चुकी है। फिलहाल सड़कों पर अतिक्रमण हट सका न ही जाम की समस्या से निजात मिल सकी है।


कार्यशाला में विद्यार्थियों को जानकारी देते मोहन तिवारी। ● अमृत विचार

# सही करियर का चयन जीवन का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- ज्ञान इंटरनेशनल में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित
- बच्चों को इंजीनियरिंग, मेडिकल, कला, वाणिज्य की जानकारी दी

**अमृत विचारः** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की विशेष करियर काउंसलिंग कार्यशाला आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को करियर के विभिन्न विकल्पों की जानकारी देना और सही करियर पथ चुनने में मार्गदर्शन प्रदान करना था। इसकी शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

दिल्ली से आए विशेषज्ञ मोहन तिवारी बच्चों का मार्गदर्शन किया। बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों जैसे इंजीनियरिंग, मेडिकल, कला, वाणिज्य, और नई पीढ़ी के करियर विकल्पों जैसे डिजिटल मार्केटिंग, डेटा साइंस, एआई के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अपनी रुचि और कौशल के आधार पर सही करियर का चयन कैसे करना है। कक्षा के अनुसार करियर चुनने की विभिन्न तकनीकों और रणनीतियों पर भी चर्चा की।

छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि सही करियर का चयन जीवन का सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक है। यह तभी संभव है जब हम अपने लक्ष्य को समझकर अपनी प्राथमिकताओं को तय करें। प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को आत्मविश्वास प्रदान करते हैं और उन्हें उनके करियर की दिशा में एक सुदृढ़ मार्ग पर ले जाते हैं। प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# 50 मीटर दौड़ में ऋषभ, हीरानूर प्रथम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** स्प्रिंगडेल कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्कोर फैस्ट की बुधवार को शुरुआत की गई। सर्वप्रथम बच्चों ने संरक्षक आरपी जगोता, निर्देशिका सरोज जगोता, कार्यकारी निदेशक डा. हेमंत जगोता, प्रधानाचार्या प्रिया आनन्द का कार्ड देकर स्वागत किया। संरक्षक समेत अन्य ने फीता काटकर व गुब्बारे आकाश में छोड़कर वार्षिक खेलकूद की शुरुआत की। गंगा, युमना, बहापुत्र एवं गोदावरी हाउस के बच्चों ने हाउस कैप्टन के साथ मार्चपास्ट का प्रर्देशन किया।

पहले दिन 50, 100, 200 और 400 मीटर दौड़ बालक बालिका वर्ग, लौंग व हाई जंप आदि प्रतियोगिताएं हुई। कक्षा पांच व छह की 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में ब्रह्मपुत्र हाउस के ऋषभ प्रथम, युमना हाउस के यश द्वितीय गोदावरी हाउस के अर्नव तृतीय रहे। जबकि बालिका वर्ग में ब्रह्मपुत्र हाउस की हीरानूर प्रथम, गोदावरी हाउस की दृष्टि देवी द्वितीय व गंगा हाउस की हरगुनदीप कौर तृतीय रही। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में गंगाा हाउस के अभिनव वर्मा प्रथम, युमना हाउस के सहजवीर सिंह द्वितीय, ब्रह्मपुत्र हाउस के वंश गंगवार तृतीय रहे। बालिका वर्ग में ब्रह्मपुत्र हाउस की गुरसीरत कौर प्रथम, गंगा हाउस की हरगुनदीप कौर द्वितीय, गोदावरी हाउस की दृष्टि देवी तृतीय रही। कक्षा सात व आठ में 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में गंगा हाउस के आकर्ष कुमार वर्मा प्रथम, युमना हाउस के अनिकेत सिंह द्वितीय, ब्रह्मपुत्र हाउस के जशनदीप सिंह तृतीय रहे। फैस्ट रेस में गंगा हाउस के अभिनय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में गंगा हाउस के आकर्ष प्रथम, जतिन द्वितीय, नुमान अंसारी तृतीय रहे। ऊंची कूद बालक वर्ग में फरहान प्रथम जबकि बालिका वर्ग में रंजना प्रथम रही। इसके अलावा भी कई छात्र छात्राओं ने बाजी मारी।


प्रतियोगिता में पुरस्कृत किए गए बच्चे। ● अमृत विचार

# तीन दिवसीय सालाना उर्से करीमी आज से

**बीसलपुर, अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला हबीबुल्ला खां जनूबी में हज़रत सैय्यद करम अली रह. (दादा मियां) का 167वां तीन दिवसीय सलाना उर्स गुरुवार से शुरू होगा। दरगाह के मोहतमिम सैय्यद फरजान अली करीमी क़ादरी ने बताया कि उर्स के आयोजन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

गुरुवार को बाद नमाज़े अस्र परचम कुशाई के साथ उर्स का आगाज़ होगा। जिसमें बाद हामिदी कॉन्फ्रेंस व नातिया मुशायरे भी होगा। आठ नवंबर शुक्रवार को बाद नमाज़े इशां जलसे का आयोजन होगा। जिसमें बाहर से आये उलमा अपने कलाम पेश करेंगे। शनिवार सुबह 11.20 बजे कुले ख़ास व लंगर के साथ उर्स का समापन होगा।

# मकसूदापुर मिल गेट पर किसानों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, बिलसंडा

- पिछले पेराई सत्र के बकाया 85 करोड़ का नहीं किया गया भुगतान
- आठ नवंबर से चीनी मिल में शुरू होगा नवीन पेराई सत्र

**अमृत विचारः** बजाज शुगर मिल मकसूदापुर की मनमानी की वजह से गन्ना किसान परेशान हैं। आठ नवंबर से शुगर मिल का नवीन पेराई सत्र शुरू होने वाला है, लेकिन पिछले पेराई सत्र का बकाया 85 करोड़ का भुगतान अभी तक नहीं हो सका है। उधर, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को शुगर मिल के जीएम से मिलकर किसानों का तत्काल भुगतान कराने की मांग की है। ठोस आश्वासन न मिलने पर मिल गेट पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के करीब 50 फ़ीसदी किसान बजाज शुगर मिल मकसूदापुर को गन्ने की सप्लाई करते हैं। हर वर्ष गन्ने के भुगतान को लेकर किसानों को परेशान होना पड़ता है। मिल का पिछला पेराई सत्र नौ नवंबर 2023 से भले ही शुरू हुआ था, लेकिन गन्ने की खरीद छह नवंबर से ही शुरू हो सकी थी। दो मार्च 2024 तक मिल ने करीब 250 करोड़ से अधिक का गन्ना खरीदा, लेकिन भुगतान सिर्फ नौ जनवरी 2024 तक की गई आपूर्ति का ही किया है। जबकि आगामी आठ नवंबर से नवीन पेराई सत्र शुरू होने जा रहा है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अंग्रेज सिंह का कहना है कि गन्ने की छिलाई और ढुलाई पर अत्यधिक खर्च आता है। जिसकी किसानों को भरपाई करना मुश्किल हो रहा है, लेकिन इसके बाद भी मिल प्रबंधन भुगतान पर ध्यान नहीं दे रहा है। 22 सितंबर को उत्तर प्रदेश चीनी मिल्स संघ के पूर्व निदेशक राकेश प्रताप सिंह एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि एवं प्रधान संगठन के मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल ने मिल के यूनिट हेड से मुलाकात की थी। इसके 45 दिन गुजरने के बाद सिर्फ चार दिन का ही भुगतान किसानों के बैंक खाते में भेजा गया। जबकि दिवाली का त्योहार भी था। इसे लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अंग्रेज सिंह की अगुवाई में दर्जनभर से अधिक कार्यकर्ता बुधवार को मिल के जीएम से मिले। नए पेराई सत्र शुरू होने से पहले ही पूर्ण भुगतान की मांग की। उनकी मानें तो कोई ठोस आश्वासन नहीं मिल सका। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने मिल गेट पर मिल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। चेतावनी दी गई कि अगर शीघ्र ही भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।



मकसूदापुर चीनी मिल के बाहर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

# इंस्पेक्टर बने प्रमेंद्र कुमार एसपी ने थ्री स्टार लगाए

संवाददाता बिलसंडा

**अमृत विचारः** बिलसंडा एसओ प्रमेंद्र कुमार प्रोन्नति पाकर इंस्पेक्टर बन गए। एसपी अविनाश पांडेय ने इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार के कंधे पर स्टार लगाए। थानाध्यक्ष प्रमेंद्र कुमार को पिछले सप्ताह पदोन्नति मिली थी। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय बुलाकर प्रमेंद्र कुमार के कंधे पर स्टार लगाए। इधर, पदोन्नति पर चेयरमैन डीके गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अटल सिंह जायसवाल, सपा नेता अंसार मंसूरी, डॉ अवधेश शर्मा, बागेश मिश्रा आदि ने बधाई दी।


बिलसंडा थानाध्यक्ष प्रमेंद्र कुमार के कंधे पर स्टार लगाते एसपी अविनाश पांडेय।

# विधानसभा चुनाव की अभी से करें तैयारी

संवाददाता, बीसलपुर

- सपा की विधानसभा स्तरीय मासिक बैठक में वक्ताओं ने संगठन मजबूती पर दिया जोर

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी की विधानसभा स्तरीय मासिक बैठक बुधवार को स्थानीय कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमें संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

वरिष्ठ नेता हरिपाल लोधी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। बूथ स्तर पर बैठक कर संगठन को मजबूत बनाएं। अभी से आगामी विधान सभा चुनाव 2027 की तैयारियां कर ली जाएं। सभी कार्यकर्ता ईमानदारी के साथ जिम्मेदारी निभाएं। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा एडवोकेट जबकि संचालन महासचिव यासीन अंसारी ने किया। कई कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर स्वागत भी किया गया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष आफताब आलम अंसारी, समाजवादी लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव विशाल गंगवार, डॉ. राम मूर्ति गंगवार, बीडी प्रजापति, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामप्रताप गंगवार, आरिफ सिद्दीकी, केदारनाथ गौतम, महिला सभा की विधानसभा अध्यक्ष मीनाक्षी गंगवार, मोहम्मद बलीउल्ला, विनोद दिवाकर, हरपाल बाल्मीकि, सुधा यादव, जीवेन्द्र गंगवार, शाहबाज हसन अंसारी, देवदत्त गंगवार, अवनीश यादव, राहुल सक्सेना, रमेश सिंह, मोहम्मद हनीफ खान, बंटी शर्मा, शिवनंदन मौर्य, आवेश सिंह गुर्जर, लाजपत गंगवार, एजाजुल हसन, भगवत शरण गंगवार, श्रीकृष्ण वर्मा, रूम सिंह यादव आदि मौजूद रहे।



कार्यकर्ताओं का स्वागत करते विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष। ● अमृत विचार

# गन्ना कृषक महाविद्यालय में नई समिति का स्वागत


समिति के अध्यक्ष नितिन दीक्षित को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. सुधीर शर्मा।

संवाददाता, पूरनपुर

- खांडसारी और इथेनाल विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**अमृत विचारः** गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रबंध समिति का स्वागत समारोह बुधवार को आयोजित किया गया। गुड़, खांडसारी और इथेनाल उत्पादन विषय पर संगोष्ठी हुई। इस दौरान सहकारी गन्ना विकास समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष और महाविद्यालय के प्रबंधक नितिन दीक्षित ने पूर्व प्रबंधक मोहन सिंह को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा नितिन दीक्षित को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। समिति के अन्य पदाधिकारियों को भी पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संगोष्ठी में प्राचार्य डा. सुधीर शर्मा ने कहा कि खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एनसीसी, एनएसएस, रोवर रेंजर के माध्यम से छात्राओं के व्यक्तित्व का विकास करना हमारा ध्येय है। महाविद्यालय में मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर की स्थापना की गई। इसमें निर्धन छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। विशिष्ट अतिथि अपर गन्ना आयुक्त डा. बीबी सिंह ने ऑनलाइन जुड़कर गन्ने पर आधारित उद्योग का कल्टीवेशन करने के उपायों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में उन्नति से ही देश की बेरोजगारी मिटेगी। गन्ना संस्थान लखनऊ के विशेषज्ञ अरुण कुमार ने बताया कि गन्ना एक ऐसी फसल है जो सर्वाधिक ऑक्सीजन दे कर वातावरण को शुद्ध करती है। गन्ने के विभिन्न उत्पाद आजीविका के साधन हैं। उपाधि महाविद्यालय के प्राचार्य डा. दुष्यंत सिंह ने गन्ने के उत्पादन से जुड़ी समस्याओं पर विचार विमर्श किया। संगोष्ठी में राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता अंकित गुप्ता ने गन्ना विकास के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में डीसीओ डा. खुशीराम भार्गव, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, प्रेम प्रकाश वर्मा, सत्येंद्र सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानी, दुष्यंत कुमार, गुरुमंगत सिंह, गंगाराम, राज किशोर, सिपाही लाल, डा. रेखा सिंह डॉक्टर वी के शर्मा, डा. मधुर मिश्रा, डा. अरविन्द दीक्षित, डा. रंजना सिंह, डा. अर्निका दीक्षित, शाहिद खान, डा. सौरभ सक्सेना, शोभना मिश्रा ,तहमीना शमसी ,अनूप शुक्ला आदि रहे।

# बच्चों को शिक्षा की रोशनी दे रहे दृष्टिहीन शिक्षक राधेश्याम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



- पूरनपुर के जूनियर हाईस्कूल अकेला हंसपुर में हैं तैनात
- 2019 से अकेले संभाल रहे स्कूल प्रतियोगिता में बच्चे कर रहे टॉप

**अमृत विचारः** कहते हैं कि मंजिल उन्हें मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों में उड़ान होती है। इस कहावत कोदृष्टिहीन शिक्षक राधेश्याम ने साबित करके दिखाया है। वह पूरनपुर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय अकेला हंसपुर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वह छात्र-छात्राओं की जिंदगी में शिक्षा का उजियारा फैला रहे हैं। वह ब्रेल लिपि किताबों की मदद से कई छात्र-छात्राओं का भविष्य संवार चुके हैं।

पूरनपुर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय अकेलापुर हंसपुर में शिक्षक के पद पर कार्यरत दृष्टिहीन शिक्षक राधेश्याम ने बताया कि वर्ष 2009 में उन्हें बेसिक शिक्षा में शिक्षक के पद पर नौकरी मिली थी। पहली पोस्टिंग 14 जुलाई 2009 को प्राथमिक विद्यालय जोगरापुर में हुई थी। जहां उन्होंने 29 माह अपनी सेवाएं दी। इसके बाद तैनाती पूरनपुर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय अकेला हंसपुर में कर दी गई। उस वक्त यहां चार शिक्षक पहले से कार्यरत थे। मगर अब राधेश्याम अकेले पूरा स्कूल संभाल रहे हैं। यहां वर्तमान में छात्र-छात्राओं की संख्या 118 है। पहले इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक दृष्टिहीन शिक्षक राधेश्याम को देख हैरत में पड़ गए कि वह कैसे पढ़ा सकेंगे। मगर उन्होंने गांव के लोगों का मिथक तोड़ दिया। दृष्टिहीन होने के बाद ब्रेल लिपि की किताब से बच्चों को पढ़ाते हैं। पूरे स्कूल को अकेले ही मैनेज किए हुए हैं। इसकी जानकारी विभागीय अफसरों को भी है, लेकिन किसी अन्य शिक्षक की तैनाती यहां नहीं की गई। राधेश्याम के पढ़ाए बच्चे टॉप क्लास कंपनियों में कार्यरत हैं। कोई शिक्षक बन गया तो किसी ने दूसरा काम पकड़ लिया। हाल में ही हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सुलेख प्रतियोगिता में राधेश्याम अपने स्कूल की कक्षा आठ की छात्रा शिखा को लेकर प्रतिभाग कराने पहुंचे। सुलेख प्रतियोगिता से पहले राधेश्याम ने अपने स्कूल के बच्चों को सुलेख में गुर सिखाए। इस प्रतियोगिता में इस स्कूल के बच्चों ने जिले में टॉप किया। इतना ही नहीं निपुण मिशन में भी बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। जो शिक्षक राधेश्याम की मेहनत का परिणाम है। उनका कहना है कि हौसले बुलंद होना चाहिए। मंजिल अपने आप मिल जाती है। शिक्षा का उजियारा फैलने के साथ-साथ ही वह अन्य गुर भी अपने छात्रों को दे रहे हैं।

### चार साल की उम्र में चली गई थी आंखों की रोशनी

शिक्षक राधेश्याम ने बताया कि वह मूलरुप से बनारस के रहने वाले हैं। चार साल की उम्र में चेचक होने की वजह से वह दृष्टिहीन हो गए थे। परिवार के प्रोत्सहित करने और हिम्मत देने के बाद श्रीहनुमान प्रसाद पोद्दार अंध विद्यार्थी दुर्गाकुंड से इंटरमीडिएट की शिक्षा ग्रहण की। जिसमें वह टॉपर भी रहे। वर्ष 1999 में इंटर उत्तीण करने के बाद महात्मा गांधी काशी विद्यालय से वर्ष 2004 में एमए अंग्रेजी से किया। इसके बाद बनारस विश्वविद्यालय से वर्ष 2007 में बीएड की शिक्षा ग्रहण की। इसके बद वर्ष 2009 में उनकी बेसिक शिक्षा में शिक्षक के पद पर नौकरी लग गई। इसके बाद से वह दृष्टिहीन निर्धन बच्चों में शिक्षा का उजियारा फैला रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा क्षेत्र के अलावा हिंदी और अंग्रेजी की टाइपिंग का भी ज्ञान है। साथ ही कुर्सी की बुनाई में भी हुनरमंद हैं।

# खाद की किल्लत दूर कराएं अफसर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**पीलीभीत, अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के कार्यकर्ता बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने डीएम कार्यालय के बाहर कुछ देर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद अपनी मांगों से जुड़ा ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया कि जनपद में किसान खाद की समस्या से जूझ रहे हैं। इसे तत्काल दूर कराया जाए। राइस मिल मालिकों के द्वारा सीड्स के नाम पर किसानों का शोषण करते का आरोप लगाते हुए इसका समाधान कराने की मांग की। इसके अलावा बीते दिनों आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए रास्तों का सुधार कराने समेत कई मांगों को रखा।

# पीटीआर के खुले द्वार, पहले दिन 300 से अधिक सैलानियों ने की सैर

## हवन पूजन के साथ पर्यटन सत्र आरंभ, डीएम ने झंडी दिखाकर सफारी को किया रवाना, नैनीताल, गौतमबुद्धनगर, बहराइच व अन्य जनपदों से पहुंचे सैलानी, दिखा गजब का उत्साह

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के नए पर्यटन सत्र की हवन पूजन के साथ शुरुआत हो गई। बुधवार को मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीएम ने झंडी दिखाकर सफारी वाहनों को रवाना किया। उन्होंने नवनिर्मित बुकिंग काउंटर की फीता काटकर शुरुआत कराई। पहले दिन स्कूली बच्चों समेत 300 से अधिक सैलानियों ने निशुल्क सफारी वाहनों से चूका बीच तक सैर की। पर्यटन सत्र के पहले दिन सैलानियों में खासा उत्साह देखा गया।

देश-दुनिया में बाघों के लिए मशहूर पीलीभीत टाइगर रिजर्व बुधवार को सैलानियों के लिए खोल दिया गया। इसके लिए टाइगर रिजर्व प्रशासन पिछले कुछ दिन तैयारियों में जुटा हुआ था। मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस परिसर में हवन पूजन के साथ नए पर्यटन सत्र की विधिवत रूप से शुरुआत की गई। हवन पूजन के दौरान बतौर अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पीलीभीत डॉ. आस्था अग्रवाल, डीएम संजय कुमार सिंह, मुख्य वन संरक्षक बरेली वृत्त/फील्ड डायरेक्टर विजय सिंह, डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह मौजूद रहे। समारोह के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पीलीभीत ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व को जनपद की अमूल्य निधि बताया। कहा कि पीटीआर को बेहतर बनाने में सभी का सहयोग आवश्यक है। डीएम ने कहा कि पीटीआर बाघों के साइटिंग के लिए मशहूर है। उन्होंने नेचर गाइडों एवं चालकों से कहा कि पीटीआर में आने वाले सैलानियों से अच्छा बर्ताव किया जाए। मुख्य वन संरक्षक बरेली वृत्त/फील्ड डायरेक्टर ने पीलीभीत के जंगलों के इतिहास पर प्रकाश डाला। भाजपा के प्रफुल्ल मिश्रा ने संबोधन के दौरान कुछ सुझाव दिए। पूरनपुर विधायक प्रतिनिधि रितुराज पासवान ने भी उपलब्धियों पर चर्चा की। डिप्टी डायरेक्टर ने जनप्रतिनिधियों के कुछ सुझावों पर भविष्य में काम करने की बात कही।

डीएम ने नवनिर्मित बुकिंग काउंटर का फीता काटकर शुरुआत कराई। इसके बाद डीएम ने झंडी दिखाकर सफारी वाहनों के संचालन की शुरूआत की। समारोह में मौजूद परिषदीय स्कूलों के बच्चों समेत अन्य लोग सफारी वाहनों से चूका बीच पहुंचे। पहले दिन समारोह में मौजूद लोगों को निशुल्क सफारी वाहनों से सैर कराई गई। चूका बीच पहुंचे स्कूली बच्चों समेत अन्य सैलानियों ने हरे-भरे जंगल के बीच बने चूका बीच में प्रकृति को बेहद करीब से देखा और जाना। चूका बीच में खुली कैंटीन पर जमकर लोगों ने स्नैक्स समेत खानपान की वस्तुए खरीदें। चूका बीच के सफर को यादगार बनाने के लिए विभाग की ओर से चूका बीच में सोबेनियर शॉप भी खोली गई। यहां सैलानियों ने वाइल्ड लाइफ से जुड़ी टीशर्ट, कैंप और अन्य सामान की खरीदारी की। सफारी के दौरान सैलानियों को हिरन, जंगली सुअर, मोर समेत अन्य वन्यजीवों के दीदार हुए। पहले दिन स्कूली बच्चों समेत 300 से अधिक सैलानियों ने निशुल्क सफारी वाहनों से चूका बीच की सैर की। चूका बीच पहुंचे सैलानियों ने खासा उत्साह दिखाई दिया।

**समारोह में इनकी रही मौजूदगी :** समारोह में आलोक गोयल, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार, एसडीएम कलीनगर देवेंद्र सिंह, एसडीएम पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी पीटीआर रमेश चौहान, उप प्रभागीय वनाधिकारी सामाजिक वानिकी प्रभाग अंजनी श्रीवास्तव, क्षेत्रीय वनाधिकारी महोफ रेंज सहेंद्र यादव, सभासद सुनीता सिंह, साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, पंकजा तिवारी।



फीता काटकर नवनिर्मित बुकिंग सेंटर आरंभ करते डीएम संजय कुमार सिंह। ● अमृत विचार



मुस्तफाबाद में हवन पूजन करते अधिकारी व जनप्रतिनिधि।



सफारी वाहन से चूका बीच जाते डीएम व जनप्रतिनिधि।

- नगर पालिका अध्यक्ष पीलीभीत ने पीटीआर को अमूल्य निधि बताया
- समारोह में मौजूद लोगों को निशुल्क सफारी से सैर कराई

### सप्त सरोवर भी तैयार बड़ी स्क्रीन पर दिखेगा पीटीआर का नजारा

चूका बीच पर बढ़ते सैलानियों के दवाब को देखते हुए गत वर्ष इसी की तर्ज पर सप्त सरोवर को विकसित करते हुए पिछले पर्यटन सत्र में इसकी शुरूआत की गई थी, मगर कुछ खामियां रह गई थी। इधर इस पर्यटन सत्र शुरू होने से पूर्व ही सप्त सरोवर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि मुस्तफाबाद में आने वाले सैलानियों के एक बड़ी स्क्रीन लगाई जा रही है। सैलानी इस बड़ी स्क्रीन के माध्यम से पीटीआर के टूरिज्म प्वाइंट एवं यहां के वन्यजीवों को देख सकेंगें।



पहली बुकिंग कराती दिल्ली की महिला।



सैलानियों के लिए खुली सोबेनियर शॉप।



सफारी का आनंद लेते सैलानी।



चूका बीच भ्रमण करते सैलानी।

### दिल्ली की पूजा ने कराई सफारी की पहली बुकिंग

पर्यटन सत्र के पहले दिन दिल्ली की पूजा मेहरिश ने सफारी वाहन की पहली बुकिंग कराई। इसके अलावा नैनीताल, गौतमबुद्धनगर, बहराइच, लखीमपुर समेत कुछ अन्य जनपदों के करीब 50 सैलानियों ने बुकिंग कराने के बाद सफारी वाहनों से चूका बीच समेत पीटीआर की सैर की। इस दौरान इन सैलानियों ने प्रकृति समेत कुछ वन्यजीवों की तस्वीरों को भी कैमरे में कैद किया। उधर, नगर पालिका अध्यक्ष पीलीभीत, नगर पालिका अध्यक्ष पूरनपुर शैलेंद्र गुप्ता, डीएम, फील्ड डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी सफारी वाहनों से चूका बीच पहुंचे। चूका बीच पहुंचे अफसरों एवं जनप्रतिनिधियों ने यहां बनी हटों समेत अन्य खूबसूरत नजारों के करीब से देखा। वहीं कुछ जनप्रतिनिधियों ने फोटोग्राफी भी की। चूका बीच में सैलानियों में सेल्फी लेने का खासा क्रेज देखा गया। अधिकांश सैलानी चूका बीच में हरी-भरी वादियों के साथ सेल्फी लेते देखे गए। इसमें परिवार समेत आए सैलानी भी पीछे नहीं रहे। कोई शारदा सागर डैम के नजदीक तो कोई वाटर हट पर सेल्फी लेते देखा गया।



चूका बीच के बारे में केवल सुना ही था, लेकिन आज पहली बार इतने करीब से देखा है। सफारी से साथियों के साथ जंगल भी घूमा। यहां के बारे में जितना सुना था, यह उससे भी अच्छा है। – **रामजी**, छात्र



जंगल और जंगली जानवरों को देखने का पहली बार मौका लगा है। चूका बीच जाने के लिए पीटीआर ने सफारी वाहन भी उपलब्ध कराया। पीलीभीत टाइगर रिजर्व को करीब से जानने का मौका मिला। – **मोहम्मद** आरिफ



शारदा डैम में तैरते पुल से होकर गुजरते सैलानी। ● अमृत विचार

### चूका बीच की हटें ऑनलाइन बुक, 15-16 को हाउसफुल

चूका बीच में सैलानयों के ठहरने के लिए बैंबो हट, अरण्य कुटी, ट्री हट एवं थारू हटें हैं। इन हटों की ऑनलाइन बुकिंग की जाती है। वन निगम के पुलकित के मुताबिक चूका बीच की हटों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो चुकी है। उन्होंने बताया कि सात नवंबर से लेकर 16 नवंबर तक हटों की बुकिंग कराई गई है। इसमें 15 एवं 16 नवंबर को चूका बीच की सभी हटें एडवांस बुक हो चुकी हैं।



चूका बीच से शारदा डैम का नजारा देखते स्कूल के बच्चे।



पर्यटन सत्र के पहले दिन सैलानियों की उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार





सैलानियों को लेकर चूका बीच पहुंचे सफारी वाहन। ● अमृत विचार

# संभावित डिप्थीरिया से ग्रसित बालिका की मौत

संवाददाता, पूरनपुर

- बालिका के परिजनों व आसपास के लोगों की कराई जाएगी जांच

**अमृत विचारः** संभावित डिप्थीरिया से ग्रसित बालिका की लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। इससे स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई है। स्वास्थ्य विभाग बालिका के परिजनों के अलावा आसपास के 50 घरों के लोगों की जांच कराएगा।

गांव मुजफ्फरनगर के ईश्वरदयाल की बेटी क्रांति को कई दिनों से बुखार आ रहा था। सोमवार रात उसके परिजनों ने बालिका को कस्बे के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। वहां से से उसे रेफर कर दिया गया था। उसके बाद परिजन बालिका को सीएचसी ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत होने पर पीलीभीत रेफर कर दिया गया। वहां भी सुधार न होने पर उसे बरेली भेजा गया। बरेली से परिजन बालिका को मंगलवार रात लखनऊ ले जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। जानकारी लगते ही स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई। अब स्वास्थ्य विभाग बालिका के परिजनों की भी जांच कराएगा। इससे पहले भी डिप्थीरिया से दो बालिकाओं की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग ने डिप्थीरिया के खिलाफ विशेष टीकाकारण अभियान चलाया था।

> बालिका को उपचार के लिए लखनऊ रेफर किया गया था। उसकी मौत होने की जानकारी लगी है। बच्ची के परिजनों की भी जांच कराई जाएगी।
> – **डा. आलमगीर**, एमओआईसी

# बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**बिठौराकलां, अमृत विचारः** असम हाईवे पर दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल भिजवाया गया।

हादसा बुधवार को थाना गजरौला क्षेत्र के गांव सराय सुंदरपुर के पास हुआ। एक बाइक पर घुंघचिहाई क्षेत्र के ग्राम दिलाबरपुर निवासी अमन अपनी पत्नी अंजलि के साथ पीलीभीत जा रहे थे। दूसरी बाइक पर गांव नकटिया निवासी श्याम सुंदर पीलीभीत आ रहे थे।

रास्ते में दोनों बाइक आपस में टकरा गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार दंपति समेत तीन लोग घायल हो गए। एंबुलेंस से घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। हादसे के चलते मौके पर भीड़ लगी रही।

# दुकान जाने को निकला किशोर लापता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- परिजनों ने सुनगढ़ी पुलिस को दी तहरीर, किराना दुकानदार पर अभद्रता करने का आरोप

**अमृत विचारः** काम पर दुकान जाने की कहकर घर से निकला किशोर रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। परिजनों को इसकी जानकारी तब हुई जब दुकान पर काम करने अन्य लोग उसे तलाशते हुए घर पहुंचे। परिजनों का कहना है कि किशोर किराना व्यापारी के झूठे आरोप लगाकर की गई अभद्रता से आहत था। इसकी तहरीर सुनगढ़ी पुलिस को दे दी गई है।

सुनगढ़ी थाने में दी गई तहरीर में बल्लभ नगर कॉलोनी निवासी मुरारीलाल ने बताया कि वह चीनी मिल में बेल्डिंग का काम करते हैं। उनका 17 वर्षीय पुत्र करन छतरी चौराहा स्थित एक दुकान पर काम करता है। तीन नवंबर को कॉलोनी के नजदीक स्थित किराना की दुकान के मालिक ने करन पर गल्ले से रुपये निकालने का आरोप लगाकर बाइक छीनकर रख ली थी। करन के साथ मारपीट भी की गई थी। साथ ही 20 हजार रुपये की मांग की जा रही थी। परिजन सात हजार रुपये देने के बाद बाइक और करन को छुड़ाकर ले गए थे। परिजनों की मानें तो झूठे आरोप लगने से करन आहत था।

चार नवंबर की सुबह करीब नौ बजे करन काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। परिजन समझते रहे कि वह दुकान पर गया होगा। मगर दोपहर में दुकान पर काम करने वाले उनके घर आए तब करन के लापता होने का पता चला। इसके बाद परिजनों ने कई जगह तलाश किया, लेकिन करने के बारे में कुछ पता चला। इसके बाद परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। लापता होने के तीन दिन बाद भी कोई सुराग न मिलने से परिवार वाले परेशान हैं।

परिजनों का कहना था कि घटना के बाद से करन गुमशुम था। वह किसी ने कुछ बोला न ही उसने कुछ बताया।

> इस मामले में परिवार की ओर से तहरीर दी गई है। चूंकि लापता होने वाला नाबालिग बताया गया है। ऐसे में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। किशोर के बारे में जानकारी की जा रही है।
> – **पवन कुमार पांडेय** इंस्पेक्टर सुनगढ़ी

# पंखे का तार लगाते समय ग्रामीण की करंट से मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कस्बा गजरौला कलां मुस्तकिल गांव में हुआ हादसा

**अमृत विचारः** पंखे का तार लगाते वक्त ग्रामीण को करंट लग गया। परिवार वाले उसे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

कस्बा गजरौला कलां मुस्तकिल के रहने वाले महबूब (26) पुत्र चांदबाबू फेरी लगाकर चूड़ी बेचने का काम करते थे। उनका सरकारी आवास आया हुआ था। जिसे लेकर निर्माण कार्य चल रहा है। मंगलवार देर शाम काम निपटाने के बाद वह गर्मी लगने पर पंखा चलाने के लिए गए। बताते हैं कि जैसे ही वह पंखे का तार बिजली के बोर्ड में लगा रहे थे। इस दौरान शार्ट सर्किट होने पर उन्हें करंट लग गया। वह बेसुध होकर जमीन पर गिर गए। परिजन कमरे में पहुंचे तो बेसुध ग्रामीण पर नजर पड़ी। आनन-फानन में उसे परिजन मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गए। तराई क्षेत्र में ग्रामीण अंचलों में करंट लगने के बाद कई बार लोग शव को रेत में दबा देते हैं। इसी तरह से परिजन ने महबूब को रेत में दबाया। हालांकि उसकी पहले ही मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही। पत्नी आसमां का रोकर बुरा हाल रहा।

# क्लीनिक की जांच करने गढ़वाखेड़ा पहुंचे एमओआईसी

संवाददाता, पूरनपुर

- जांच में नहीं मिला लाइसेंस का नवीनीकरण, टीम ने ओटी में लगवाया ताला
- संचालक ने नवीनीकरण के लिए मांगा तीन दिन का समय, फिर होगी कार्रवाई

**अमृत विचारः** गढ़वाखेड़ा में अवैध रुप से क्लीनिक संचालन की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच करने पहुंची। इस दौरान क्लीनिक का लाइसेंस पुराना मिला। सर्जन न होने पर ओटी में ताला लगवा दिया गया। इस कार्रवाई को लेकर खलबली मची रही। तमाम झोलाछाप अपनी क्लीनिक बंद करके भाग गए।

मंगलवार को सेहरामऊ के एक व्यक्ति ने गढ़वाखेड़ा में चल रहे क्लीनिक को अवैध बताते हुए सीएमओ को पत्र भेजकर शिकायत की थी। इसमें बिना सर्जन और डाक्टरों के गर्भवती महिलाओं के आप्रेशन करने का आरोप लगाया गया। क्लीनिक में भ्रूण की जांच और गर्भपात करने की भी शिकायत की गई थी। बुधवार को सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. आलमगीर क्लीनिक पर जांच करने पहुंचे। उन्होंने शिकायतकर्ता को बुलाया लेकिन उसका पता नहीं चल सका। जांच के दौरान क्लीनिक का लाइसेंस पुराना मिला। उसका नवीनीकरण नहीं कराया गया था। इसके अलावा क्लीनिक में ओटी कक्ष भी मिला। हालांकि जांच के दौरान टीम को अस्पताल में मरीज नहीं मिले।

संचालक के पास उपचार से संबधित डिग्री मिली। एमओआईसी ने ओटी में ताला लगवा दिया। इस दौरान संचालक ने उनसे लाइसेंस नवीनीकरण के लिए तीन दिन का समय मांगा। एमओआईसी ने नोटिस देते हुए लाइसेंस प्रस्तुत करने को कहा। छापेमारी को लेकर खलबली मची रही। क्षेत्र के अन्य संचालक क्लीनिक बंद कर फरार हो गए।

> शिकायत के अनुसार क्लीनिक की जांच की गई। लाइसेंस रिन्युवल नहीं मिला। नोटिस दिया गया है। संचालक ने कुछ दिन का समय मांगा है।
> – **डा. आलमगीर** एमओआईसी

## छापेमारी के समय बंद मिला क्लीनिक, नोटिस चस्पा



क्लीनिक पर नोटिस चस्पा करते छापामार टीम के सदस्य। ● अमृत विचार

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** अवैध तरीके से क्लीनिक संचालन की शिकायत पर टीम ने छापामारी की। हालांकि क्लीनिक बंद कर संचालक भाग चुका था। टीम ने क्लीनिक के बाहर नोटिस चस्पा किया है।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. लोकेश कुमार गंगवार ने बताया कि एक शिकायत मिली थी कि हबीब नामक व्यक्ति बिना चिकित्सा प्रमाण पत्र के लोगों का इलाज कर रहा है। उसी के आधार पर बुधवार को नायब तहसीलदार बीसलपुर अवधेश कुमार व पुलिस बल के साथ कस्बा बरखेड़ा के पुराना बाजार में क्लीनिक पर छापा मारा था। टीम के छापा मारने से पूर्व ही क्लीनिक चलाने वाला व्यक्ति दुकान बंद करके भाग गया। उसकी दुकान पर नोटिस चस्पा किया गया है। जिसमें दो दिन के अंदर अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। इस छापामार कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा।

# डॉक्टर का काम सिर्फ रोग का इलाज करना नहीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मेडिकल कॉलेज में व्हाइट कोट सेरेमनी के दौरान शपथ ग्रहण करते एमबीबीएस के नए छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में नए बैच की शुरुआत पर कॉलेज प्रशासन की ओर से छात्र-छात्राओं की व्हाइट कोट सेरेमनी कराई गई। प्राचार्य, सीएमओ व अन्य फैकल्टी ने छात्र-छात्राओं को सफेद एप्रीन पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्हें डॉक्टर पेशे से रूबरू कराते हुए अनुशासन का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर रोगों का इलाज नहीं करता है, बल्कि मानव की सेवा करने जितना होता है। इसलिए इस बात को सदैव याद रखें। अगर कोई समस्या होती है, तो तत्काल कॉलेज प्रशासन को अवगत कराएं।

पूरनपुर हाईवे पर खाग गांव में बने मेडिकल कॉलेज के एकेडमिक ब्लॉक में बुधवार को व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डा. संगीता अनेजा, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, सीएमएस जिला पुरुष अस्पताल डॉ. रमाकांत सागर रहे। दीप प्रज्ज्वलित करके शुरुआत की गई। प्राचार्य और सीएमओ ने मंच पर छात्र-छात्राओं को बुलाकर उन्हें सफेद एप्रीन ग्रहण कराई। इसके बाद छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। शपथ लेते समय छात्रों के चेहरों पर सेवा और संकल्प का भाव साफ झलकता दिखाई दिया। प्राचार्य ने कहा कि व्हाइट कोट पहनते ही आपके कंधों पर एक नई जिम्मेदारी आ जाती है। यह कोट चिकित्सा सेवा की पवित्रता और आपके समर्पण को दर्शाता है। सफेद रंग आपको हमेशा यह याद दिलाएगा कि आपका कर्तव्य केवल रोग का इलाज करना नहीं, बल्कि मानवता की सेवा करना है। सीएमओ ने चिकित्सा जगत की चुनौतियों और जिम्मेदारियों के बारे में प्रेरणादायक बातें बताई। कार्यक्रम का संचालन बॉयोकेमिस्ट विभागाध्यक्ष डॉ. शिखा सक्सेना, माइक्रो बायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. दीपिका वर्मा ने किया। इस मौके पर एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, कम्युनिटी मेडिसन विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण सिंह, डॉ. जगदंबा शरण, डॉ. श्रेयसी, डॉ. विभूति गोयल, डॉ. ज्योति, डॉ. केएल गुप्ता, डॉ. मानसी सिंह, डॉ. सुमित, डॉ. सतीश, डॉ. मुकेश, डॉ. पंकज, डा. स्नेह सुमन, डॉ. प्रियंका, डॉ. कमलेश मौजूद रहे।



मेडिकल कॉलेज में व्हाइट कोट सेरेमनी के दौरान छात्रा को एप्रीन पहनाती प्राचार्य डॉ. संगीता व सीएमओ डॉ. आलोक कुमार।

- मेडिकल कॉलेज में बुधवार को हुई व्हाइट कोट सेरेमनी
- मेडिकल छात्रों को पढ़ाया गया अनुशासन का पाठ

# अवैध निर्माण पर गरजी प्रशासन की जेसीबी

## प्लाट में बनाई गई नींव, पेड़ और दीवारों को ढहाया गया, मकान मालिकों को 15 नवंबर तक की मोहलत

संवाददाता, बरखेड़ा



खलिहान की जमीन से अवैध कब्जा हटाने पहुंचे अधिकारी व कर्मचारी।



जेसीबी से हटाया जा रहा अवैध कब्जा। ● अमृत विचार



अवैध कब्जे हटाने के दौरान मौके पर एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों पर प्रशासन की ओर से कार्रवाई की शुरुआत कर दी गई। पुलिस बल के साथ पहुंची राजस्व टीम ने जेसीबी से अवैध निर्माण ध्वस्त कराए। करीब चार घंटे चली कार्रवाई के दौरान प्लाट पर खड़े पेड़, दीवार और नींव को उखाड़ा गया। तीन मकानों समेत अन्य पक्के निर्माण को खुद हटाने के लिए 15 नवंबर तक का समय दिया गया है। अगर, अतिक्रमण कारियों ने खुद ही अवैध कब्जा नहीं हटाया तो इन पर भी जेसीबी चलना तय है। कार्रवाई के दौरान मौके पर भीड़ लगी रही।

बीते दिनों एक शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से की गई थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि ग्राम अमखेड़ा में खलिहान की जगह को अवैध तरीके से कब्जा करके उस पर प्लाटिंग करने के साथ ही पक्के निर्माण करा लिए गए हैं। सोमवार को एसडीएम बीसलपुर नागेंद्र पांडेय के निर्देश पर टीम ने पहुंचकर संबंधित जमीन की पैमाइश कराई थी। जिसमें तीन मकान समेत कुल नौ लोगों द्वारा अवैध कब्जा करना चिन्हित किया गया था। बुधवार को मामले में कार्रवाई को गति दी गई। नायब तहसीलदार बीसलपुर अवधेश कुमार, शिवेंद्र प्रताप, लेखपाल पूनम शर्मा, रनजीत सिंह, ललित मोहन गंगवार पुलिस बल के साथ दोपहर 12 बजे के बाद मौके पर पहुंच गए। जेसीबी मशीन भी टीम साथ लेकर पहुंची थी। टीम के जेसीबी के साथ पहुंचते ही अवैध कब्जा करने वालों में खलबली मच गई। टीम ने खलिहान की जगह पर कब्जा कर भरवाई गई प्लाटों की नींव को जेसीबी से ध्वस्त कराया। इसके अलावा कुछ प्लाट में खलिहान की जमीन पर ही पेड़ लगा दिए गए थे। इनको भी जेसीबी मशीन से हटवाया गया। कुछ अन्य पक्के निर्माण भी ध्वस्त किए। तीन मकान, एक प्लाट में बने शौचालय समेत अन्य पक्के निर्माण को टीम ने अभी फिलहाल छोड़ दिया। गृह स्वामियों ने टीम से कुछ समय मांगा। इस पर पंद्रह नवंबर तक खुद ही अवैध कब्जा हटाने का समय दिया गया। ये भी चेतावनी दी गई कि अगर इसके बाद भी अवैध कब्जा नहीं हटाया तो जेसीबी से ध्वस्त कर दिया जाएगा। शाम करीब पांच बजे टीम वापस लौट गई।

### कार्रवाई पर उठाए सवाल

नायब तहसीलदार की अगुवाई में पहुंची टीम कार्रवाई कर रही थी। इस बीच तमाम लोग जमा हो गए थे। इस दौरान बजरंग दल के कुछ कार्यकर्ता भी पहुंच गए थे। जैसे ही टीम कुछ प्लाटों पर की भरी गई नींव का ध्वस्त करते हुए आगे बढ़ी और मकानों को छोड़कर पीछे की तरफ के प्लाटों पर कार्रवाई करने लगी तो आरोप लगाए गए। ये सवाल उठाए गए कि बीच में अवैध निर्माण को ध्वस्त क्यों नहीं किया गया।

### ...जब जेसीबी में खत्म हो गया डीजल

खलिहान की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को जेसीबी से ध्वस्त कराया जा रहा था। इस दौरान बताते हैं कि जेसीबी का डीजल ही खत्म हो गया। जिसके बाद उसे चालू कराने के लिए टीम के बजाय मौजूदा ग्रामीणों ने ही रुपये इकट्ठा करके दिए। उसके बाद जेसीबी दोबारा अवैघ कब्जे पर गरजी। ये मामला कार्रवाई कर टीम के लौटने के बाद चर्चा का विषय बना रहा। हालांकि जिम्मेदार चुप्पी साध गए।

खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया था। बीते दिनों पैमाइश कराकर अवैध कब्जे को चिन्हित कर लिया गया था। टीम के साथ पहुंचकर जेसीबी से अवैध कब्जा ध्वस्त कराया गया है। मकान समेत कुछ पक्के निर्माण बाकी है। कब्जा करने वालों को पंद्रह नवंबर तक खुद ही इसे तुड़वाने का समय दिया गया है। नियत समय में अगर नहीं हटाया गया तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।
–**अवधेश कुमार**, नायब तहसीलदार

# रामजन्म का मंचन देख भावुक हो गए श्रद्धालु

संवाददाता, बिलसंडा

- **बिलसंडा में आयोजित रामलीला मेले का दूसरा दिन**

**अमृत विचारः** नगर में मंगलवार से शुरू हुए रामलीला मेले के दूसरे दिन बुधवार को कलाकारों ने राम जन्म,विश्वामित्र आगमन एवं सीता स्वयंवर की लीला का सजीव मंचन किया। गुरुवार को श्रीराम बरात शोभायात्रा निकाली जाएगी।

रामलीला मेले में बुधवार को हुई लीला में दिखाया गया कि लंका में रावण, कुंभकर्ण और विभीषण का जन्म हुआ। इसके बाद तीनों भाइयों ने घोर तपस्या की। इस पर प्रसन्न होकर ब्रह्मा, विष्णु व महेश ने दर्शन दिए। तीनों भाइयों ने इच्छानुसार वर मांगा। इसके पूर्व प्रभु ने कुंभकर्ण की नीयत को समझकर मां सरस्वती को कुंभकर्ण की बुद्धि घुमाने को कहा। जिसके चलते कुंभकरण ने इंद्रासन की जगह निंद्रासन मांगा। इसे सुनकर रावण अत्यन्त दुखी हुआ, और प्रभु से कुंभकर्ण द्वारा मांगे गए वरदान में राहत देने का निवेदन किया। इस पर छह महीने में एक दिन जागने का वचन सुनकर रावण प्रसन्न हो जाता है। उधर, अयोध्या में राजा दशरथ के यहां राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघन जन्म लेते हैं। इस पर अयोध्यावासी खुशियां मनाते हैं। जैसे-जैसे चारों बालक बड़े होते हैं, उनकी बाल लीला देख अयोध्यावासी प्रफुल्लित होते हैं। राम और लक्ष्मण के किशोर उम्र में पहुंचने पर ऋषि विश्वामित्र राक्षसों से धार्मिक अनुष्ठानों की रक्षा के लिए अयोध्या जाकर राजा दशरथ से मांगते हैं। गुरु वशिष्ठ के समझाने पर दशरथ ऋषि के साथ भेज देते हैं। सीता स्वयंवर की लीला का भी मंचन किया गया।रामलीला में प्रस्तुति देख भक्त भाव विभोर हो गए।

# अधिवक्ता के निधन पर बार-बेंच की शोकसभा आयोजित

**पीलीभीत, अमृत विचारः** अधिवक्ता नरेंद्र कुमार के निधन पर बुधवार को जिला जज न्यायालय में जनपद न्यायाधीश जितेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बार बेंच की संयुक्त शोक सभा हुई। जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत अधिवक्ता को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। फुल कोर्ट रेफरेंस पारित किया गया। अपर जिला जज विजय कुमार डूंगराकोटि, विशेष न्यायाधीश चंद्रमोहन मिश्रा, स्पेशल जज महेशानंद झा, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित यादव, जिला संयुक्त बार एसोसिएशन अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र, महासचिव आनंद मिश्रा, जिला सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक पांडेय , सचिव मोहन गिरि, सेंट्रल बार एसोसिएशन के महासचिव विवेक अवस्थी,महेंद्र मिश्र, अभिषेक मिश्र, एसआर गंगवार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# कस्तूरबा गांधी के जीवन पर गोष्ठी का आयोजन




मिशन शक्ति फेज-5 के तहत आयोजित गोष्ठी में मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचारः** नगर के शफ़ी डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति फेज- 5 के तहत कस्तूरबा गांधी के जीवन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका संचालन बीएड विभाग के प्रवक्ता रविंद्र पाल सिंह गंगवार ने किया।

प्राचार्य राजेन्द्र कुमार ने कस्तूरबा गांधी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। कहा कि कस्तूरबा गांधी ने महिला अधिकारों को लेकर महिलाओं को जागरूक किया और उन्होंने महात्मा गांधी के साथ कई आंदोलनों में भाग लिया। महाविद्यालय के बीए, बीएससी, बीसीए, बीएड, डीएलएड के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद फहीम, चिरंजीव गंगवार, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, मोहम्मद सज्जन, आशीष कुमार, नरेश कुमार, दिगंबर शर्मा, शोभना शुक्ला आदि ने विचार रखे।

# वकीलों ने गाजियाबाद कांड को लेकर सभा की



**पूरनपुर, अमृत विचार**ः प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन ने बुधवार को गाजियाबाद की घटना को लेकर तहसील परिसर में सभा की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखे। गाजियाबाद में अधिवक्ताओं के साथ की गई मारपीट की निंदा की गई। अधिवक्ताओं ने कहा कि निहत्थे अधिवक्ताओं के साथ मारपीट कर उनके खिलाफ ही फर्जी मुकदमें दर्ज कर दिए गए। इससे पुलिस की मनमानी साफ जाहिर होती है। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। अधिवक्ताओं ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए और दर्ज किए मुकदमें निरस्त करने की मांग की। सभा में अध्यक्ष अमिताभ मिश्रा, महामंत्री संजय पांडे, संजय सक्सेना, देव शार्म, नईम खां, रजनीश सक्सेना, धमेंद्र सक्सेना, मुकेश गुप्ता, उपेंद्र भारती, संजय विश्वास आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** जनपद बरेली के थाना क्योलड़िया के गांव जरपा मोहनपुर निवासी रूपदेई पत्नी स्वर्गीय शिवचरन लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र अजय दो नवंबर को दवा लेने बीसलपुर के गांव टिकरी माफी बाइक से गया था। दवा लेकर वापस आ रहा था। इस बीच पीलीभीत बीसलपुर मार्ग पर कस्बा बरखेड़ा की गोपी कॉलोनी के पास पहुंचते ही दूसरी बाइक ने उसे टक्कर मार दी। उसे कस्बा बरखेड़ा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सक ने हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर है।

# आरटीई के एडमिशन की प्रक्रिया एक दिसंबर से आरंभ होगी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **शासन ने जारी किया आदेश पिछली बार देरी से शुरू हुए थे एडमिशन**
- **चार चरणों में कराए जाएंगे आवेदन, ऑनलाइन भरे जाएंगे फॉर्म**

**अमृत विचार** : शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत प्री-प्राइमरी और कक्षा एक में निःशुल्क प्रवेश के लिए इस बार एक दिसंबर से प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए शासन ने प्रचार-प्रसार के आदेश दिए हैं। ताकि अधिक से अधिक बच्चों को लाभ मिल सके।

हर बार की तरह इस बार भी शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बच्चे का प्रवेश प्राइवेट स्कूलों में कराने के लिए एक दिसंबर से आरटीई के तहत आवेदन मांगे गए हैं। यह प्रक्रिया चार चरणों में कराई जाएगी। स्कूली शिक्षा महानिदेशक के जारी किए गए आदेश के अनुसार पहले ही समय सारिणी जारी की है। पहले चरण में एक दिसंबर से 19 दिसंबर तक आवेदन होगा। 20 से 23 दिसंबर तक सत्यापन करके लॉक किया जाएगा। 24 दिसंबर को लॉटरी निकलेगी और 27 दिसंबर को आवंटन की सूची जारी होगी। बीएसए अमित कुमार सिंह ने बताया कि दूसरे चरण में एक जनवरी से 19 जनवरी तक आवेदन होंगे। 20 से 23 जनवरी तक सत्यापन व लॉक और 24 जनवरी को बच्चों के प्रवेश के लिए गैर सहायता मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के आवंटन की सूची व लॉटरी निकलेगी। तीसरे चरण के लिए एक फरवरी से 19 फरवरी तक आवेदन होगा। 20 से 23 फरवरी तक सत्यापन के बाद लॉक और 24 फरवरी को लॉटरी निकाली जाएगी। वहीं, चौथे चरण में एक मार्च से 19 मार्च तक अभिभावक आवेदन कर सकेंगे। 20 से 23 मार्च तक आवेदन पत्रों को सत्यापन के बाद लॉक किया जाएगा। 24 मार्च को लॉटरी निकलेगी। विद्यालयों की यू-डाइस पोर्टल से मैपिंग कराई जा रही है, जिससे पिछले सत्र की अपेक्षा सीटें बढ़ने की भी संभावना है। हालांकि अभी सीटों की तस्वीर स्पष्ट नहीं है।

डॉ. अमित कुमार कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)
श्वास, दमा, टी.बी, फेफड़ों के कैंसर, खर्राटों की जांच व इलाज की सुविधा एवं अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ
जन आरोग्य क्लीनिक
बन्नू बाल नगर, पीलीभीत रोड बरेली, निकट शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल
9411477351
समय : - दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक
सोमवार, बुद्धवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार
पीलीभीत क्लीनिक
गौहनिया चौराहा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत।
8191813757
समय : - सुबह 10 से शाम 5 बजे तक
मंगलवार, शनिवार

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोमा की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

# छठ मइया सुन लीजिए अर्जी हमार...

## दूसरे दिन हुआ खरना, गुड़ -चावल की खीर बनाई, 36 घंटे के लिए निर्जल व्रत की शुरुआत

- आज अस्तगामी और कल उगते सूर्य को अर्घ्य देंगे व्रतधारी, बिखरेगी पूर्वांचल की छटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** छठ पूजा के दूसरे दिन बुधवार को खरना हुआ। व्रतधारियों ने शाम को कुलदेवता की आराधना की। वहीं, बुधवार से 36 घंटे के निर्जल व्रत की भी शुरुआत हो गई। गुरुवार को व्रतधारी जलाशय में खड़े होकर अस्तलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर उपासना करेंगे।

छठ पर्व की शुरुआत मंगलवार को नहाय-खाय से हुई। व्रतधारियों ने बुधवार को पूरा दिन उपवास रखा। छठ व्रतियों ने खरना की पूजा की। शाम के समय स्नान कर पूरी श्रद्धा के साथ रोटी और गुड़ की खीर से बने खरना का प्रसाद सूर्य को अर्पित किया। इसके बाद खुद और परिवार के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। एक-दूसरे के घर जाकर खरना का महाप्रसाद वितरित किया। साथ ही महिलाओं ने छठ मइया के भजन गाए। शुक्रवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

छठ के तीसरे दिन बरहा कॉलोनी स्थित जलाशय के अलावा बीसलपुर, पूरनपुर, मझोला समेत ट्रांस शारदा क्षेत्र, सिद्धनगर, शास्त्रीनगर, अशोक नगर, राम नगर, आजाद नगर, मुरैनिया गांधी नगर, श्रीनगर और राणा प्रताप नगर में छठव्रती अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पण करेंगी। इसको लेकर जलाशयों और घाटों पर स्थानीय लोगों द्वारा साफ सफाई और सजावट का कार्य शुरू किया गया है। गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी।

### पूजा अर्चना कर मनौती मांगी

**मझोला।** आस्था का महापर्व छठ के दूसरे दिन लोगों ने खरना किया। बुधवार को बिरहैनी के भरा पचपेड़ा में महिलाओं ने स्नान करने के बाद अपने घरों के बर्तन को शुद्ध करने के बाद गुड़ की खीर और पूजन के लिए पकवान बनाए। इसके बाद पूजा अर्चना कर निर्जल उपवास की शुरुआत की। इस दौरान कई महिलाओं ने घाट पर पहुंचकर भी छठ मइया के दूसरे दिन पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। इसके बाद एक दूसरे के घरों में जाकर खरना का प्रसाद ग्रहण किया। गुरुवार को महिलाएं अब डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी।





दूसरे दिन घर में खरना के लिए भोजन तैयार करती महिला।



जलाशय में बनी वेदी पर अर्घ्य देती महिला। ● अमृत विचार

### 1996 में हुई थी रेलवे कॉलोनी में छठ की शुरुआत

पीलीभीत में छठ पर्व मनाने की शुरुआत शहर की रेलवे कॉलोनी में रहने वाले पेंटर पद पर तैनात रहे राजेश्वर कामती ने वर्ष 1996 में कराई थी। उस समय 10-15 परिवार ही इसमें शामिल होते थे। बरहा स्थित जलाशय पर पर्व को लेकर महिलाएं नए वस्त्र धारण कर बांस के सूप और टोकरियों में फल, मेवा, अनाज, नारियल, मिठाई और गन्ना आदि लेकर पहुंचती हैं। पर्व को लेकर जलाशय और उसके आसपास भव्य सजावट की जाती है। हर बार की तरह इस बार भी छठ पर्व धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। रेलवे क्रॉसिंग के समीप स्थित जलाशय को सजाया संवारा जा रहा है।



बरहा कॉलोनी में छठ पूजा के लिए जलाशय की तैयारी करते लोग। ● अमृत विचार

### बाजार पर चढ़ा छठ का रंग, जमकर खरीदारी

छठ मइया की पूजा अर्चना करने के लिए महिलाएं निर्जला व्रत रखती है। इसको लेकर कई दिनों से तैयारियां चल रही है। बाजार में भी अब इसकी रौनक देखने को मिल रही है। बुधवार को अस्ताचलगामी और उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए के पूजा सामग्री की खरीदारी करने में जुट रही है। बाजार में कपड़ों की दुकानों पर महिलाएं साड़ी खरीदते हुए दिखाई दी। इसके अलावा अर्घ्य के रूप में चढ़ाए जाने वाले मौसमी, गन्ना, नारियल, मिट्टी का हाथी, मिट्टी का बर्तन, मिट्टी का दीप, अर्घ्यपात, बांस की टोकरी, केला आदि खरीदने के लिए पूरे दिन बाजार में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। इसके अलावा फूल वालों की दुकानों पर भीड़भाड़ देखने को मिली।

# प्रतियोगिताओं में दिखाया हुनर, 40 बच्चे पुरस्कृत



प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

- एआरपी मुईन अहमद, दिनेश राव की देखरेख में प्रतियोगिता संपन्न

**अमृत विचारः** बीआरसी में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर पर हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा की प्रतियोगिताओं का आयोजन खंड शिक्षाधिकारी डॉ. हर्षित शर्मा के निर्देशन में किया गया। एआरपी मुईन अहमद खां, दिनेश राव की देखरेख में इसे संपन्न कराया गया।

श्रुतलेख, सुलेख, स्पेल बी, कविता पाठ, निबन्ध, क्विज आदि प्रतियोगिताओं में ब्लॉक बीसलपुर के समस्त न्याय पंचायतों के विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। हिंदी श्रुतलेख में प्राथमिक विद्यालय महादेवा की अनमता व प्राथमिक विद्यालय चठिया के कमल, उच्च प्राथमिक विद्यालय के आशीष कुमार एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय लुहिचा की स्वाति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी श्रुतलेख में प्राथमिक विद्यालय हाफिजनगर बन्नाही के दिवांश गंगवार, प्राथमिक विद्यालय रोहनिया की नैंसी राठौर, उच्च प्राथमिक विद्यालय खंनका के मुदित यादव, उच्च प्राथमिक विद्यालय नरोत्तम नगला की काम्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुलेख में प्रियांश, करिश्मा, राजनब्बू, रीतिका, हिन्दी सुलेख में अनमता, कुलदीप, सचिन सिंह, रागिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी कविता पाठ में मुदस्सिर, कीर्ति, रानी शर्मा, बौनी के अंश शुक्ला व हिंदी कविता पाठ में राधा देवी और रोहित वर्मा आदि बच्चों ने बाजी मारी। विजयी 40 बच्चों को कॉपी और पेन देकर पुरस्कृत किया गया। शिक्षक संकुल हरीश कुमार, संदीप कुमार, सत्यम गंगवार, ओमपाल, तालिब हुसैन, रोहित कुमार, रवि कुमार, चिराग शिव, शोभना कश्यप आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### शराब की दुकान पर नायब तहसीलदार ने मारा छापा

**पूरनपुर।** मंदिर के पास अवैध रूप से शराब की दुकान संचालित होने की शिकायत एसडीएम से की गई थी। नायब तहसीलदार ने दुकान की जांच की तो कई अनियमितताएं पाई गईं। नगर के मोहल्ला कायस्थान में देसी शराब की दुकान नंबर चार संचालित है। कुछ दिन पहले मोहल्ले के कुछ लोगों ने दुकान का संचालन अवैध रूप से किए जाने की शिकायत एसडीएम से की थी। एसडीएम के निर्देश पर बुधवार को नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी शराब की दुकान पर जांच करने के लिए पहुंचे। इससे दुकान पर मौजूद लोग भाग गए। दुकान के आसपास गंदगी मिली। दुकान पर अनाधिकृत सेल्समैन बैठा मिला। उसके पास दुकान संचालन से संबंधित दस्तावेज नहीं मिले। सेल्समैन के बयान दर्ज किए गए। नायब तहसीलदार इसकी रिपोर्ट एसडीएम को देंगे। उसके बाद कार्यवाही की जाएगी।

### बालाजी वार्षिक उत्सव में लगा छप्पन भोग

**पीलीभीत, अमृत विचार :** श्री संकट मोचन बालाजी महाराज घाटे वाले बाबा के दरबार का 18वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इससे पहले बुधवार को बालाजी महाराज को छप्पन भोग लगाया गया। उसके बाद बालाजी की कपूर आरती की गई। बाबा का तुलसी शृंगार किया गया। गुरुवार को श्री बालाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। शोभायात्रा मोहल्ला मोहत्सिम खां चरक का कुआं स्थित बालाजी मंदिर से रवाना होगी, जो शोभायात्रा रंगीलाल चौराहा, जेपी रोड, काला मंदिर, सुनगढ़ी, स्टेशन रोड आदि से होकर गुजरेगी। शोभायात्रा में झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आठ नवंबर शुक्रवार को 108 कन्याओं का भोज, बालाजी बाबा का भव्य भंडारा कराया जाएगा। इस अवसर पर महन्त नितिन गुप्ता, अंचल गुप्ता, अनुकल्प गुप्ता, शोभित जैसवार, सुनील, राजकुमार, दीपांश, वैभव, अतीत, नीरज, जसवंत, प्रशान्त, संजीव गुप्ता आदि सेवक मौजूद रहे।

### युवती से छेड़छाड, मारपीट की नामजद रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने अपने फुफेरे बहनोई के नामजद अगवा कर छेडछाड़ करने और मारपीट की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव निवासी युवती ने हैदराबाद थाना में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि चार नवंबर की शाम को उसके माता पिता खेत पर गए थे। पीड़िता और उसके दो छोटे भाई बहन घर पर थे। इसी बीच फुफेरा बहनाई ब्रजेश कुमार पुत्र रूपराम निवासी चंदीपुर थाना मितौली घर पर आया और उसने बताया कि तुम्हारे पिता ने फोन किया है कि उन्हें चोट लग गई है, जिससे वह गोला सीएचसी में भर्ती हैं। युवती ने अपने बहनोई को बताया कि उसके माता पिता खेत पर गए है, लेकिन रिश्तेदार होने के कारण वह भरोसा कर बहनोई की बाइक पर बैठकर गोला के लिए चल दी। रोशननगर ममरी मार्ग पर ब्रजेश छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर लात घूसों से पिटाई की।

### छात्राओं को स्वच्छता के लिए किया प्रेरित

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज में बुधवार को मातृ भारती की ओर से व्याख्यान माला सप्ताह का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन मातृ भारती अध्यक्ष प्रीति दीक्षित एवं प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने किया। मातृ भारती सदस्य प्रीति ने पहले दिन स्वच्छता विषय जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छता से स्वास्थ्य और सफलता की दिशा में पहला कदम बढ़ता है। इसलिए घर से लेकर, स्कूल और समुदाय में साफ सफाई रखे। इसके लिए नियमित रूप से हाथ धोएं, खासकर खाने से पहले और शौचालय जाने के बाद हाथों को अच्छी तरह धोएं। कूड़ा-कचरा कूड़ेदान में डाले। पानी की और बर्बादी न करें। स्वच्छता की जिम्मेदारी लेकर दूसरों को भी प्रेरित करें। स्वच्छता अभियान में भाग लें और अपने समुदाय को स्वच्छ बनाने में मदद करें। उन्होंने छात्रओं से कहा कि स्कूल और घर में स्वच्छता के नियम बनाकर उनका पालन करें।

### शिकायत की तो बंद कर दी खाद की दुकान

**गोला गोकर्णनाथ।** कृभको के सेंटर पर डीएपी खाद की कालाबाजारी की शिकायत पर दुकान संचालक ने दुकान में ताला डाल दिया। जिससे गुस्साए किसानों ने धरना शुरू कर दिया। जिला कृषि अधिकारी के हस्तक्षेप के बाद दुकान खुलवाई गई और किसानों को खाद मिली तब मामला शांत हुआ। नगर की खुटार रोड पर कृभको की खाद दुकान है जिसकी देखरेख भूपेंद्र कुमार करते हैं। किसानों का कहना है कि मंगलवार को डीएपी खाद की कालाबाजारी की जा रही थी। इसलिए तमाम किसानों को खाद नहीं दी गई। जब उसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को भेजी गई तो दुकान संचालक ने बुधवार को दुकान ही नहीं खोली। खाद लेने के लिए तमाम किसान एकत्र थे। इसकी सूचना भारतीय किसान यूनियन अमन संधू के राष्ट्रीय अध्यक्ष को मिली तो वह अपने साथियों के साथ दुकान पर पहुंचे, धरना शुरू कर दिया।

### समितियों से डीएपी नदारद, भटक रहे किसान

**धौरहरा, अमृत विचार :** गेहूं और सरसों की बुवाई का समय चल रहा है। ऐसे में किसानों को डीएपी खाद की जरूरत है, लेकिन धौरहरा क्षेत्र की ज्यादातर समितियों से खाद नदारद है। किसान बाजार से महंगे दामों में खाद खरीदने को विवश हैं। क्षेत्र में इस समय गेहूं शरद कालीन गन्ना और सरसों की किसान बुवाई कर रहे हैं। इसके लिए किसानों को डीएपी खाद की जरूरत है पर धौरहरा तहसील क्षेत्र की लगभग सभी समितियों से खाद नदारद है। ऐसे में बेबस किसान प्राइवेट दुकानों से महंगे दामों में खाद खरीद कर बुवाई कर रहे हैं। धौरहरा कस्बे के किसान नंदकिशोर, रमाशंकर शुक्ला, कुंवर सेन, मिथलेश कुमार, कपिलेश्वर शुक्ला आदि ने बताया साधन सहकारी समिति धौरहरा, साधन सहकारी समिति जगंलवाली-माधोपुरवा, साधन सहकारी समिति सुजई कुण्डा, साधन सहकारी समिति चकलाखीपुर, साधन सहकारी समिति हसनापुर व साधन सहकारी समिति बम्हौरी आदि समितियों में खाद नहीं मिली मजबूरन प्राइवेट दुकानों से 17 सौ रुपये प्रति बोरी खाद लेकर बुवाई की है।

# कोर्ट के आदेश पर चोरी व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचारः** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने बरेली के हाफिजगंज की रहने वाली अफसाना पत्नी अख्तर अली की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है।

रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि 15 सितंबर 2024 को वह अपने मायके थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव अमखेड़ा आई थी। 16 सितंबर की सुबह 10 बजे वह अपने माता-पिता के घर पर बाथरूम में नहाने चली गई। उस वक्त घर में कोई नहीं था। उसने अपना पर्स आंगन में चारपाई पर रख दिया था, जिसमें उसके सोने के दो तोला के झाले व 30 हजार रुपये थे। आरोप है कि गांव अमखेड़ा का ही शकील शाह पुत्र लालशाह उसके झाले व रुपये चोरी कर ले गया। उसने आरोपी को पर्स से सामान चुराते बाथरूम के भीतर से ही देख लिया था। बाद में पूरी घटना परिजनों को बताई। मायके वालों के साथ चोरी गया सामान आरोपी के घर लेने गई। तभी आरोपी, उसकी पत्नी हसीन बानो, पुत्र मोनिस, चाचा इकबाल शाह, पिता लाल शाह ने गाली गलौज की। चोरी किया सामान लौटाने से इनकार कर दिया। कुछ देर बाद आरोपी लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और मारपीट की।

# खेत से लौट रहे किसान पर वन्यजीव ने किया हमला

संवाददाता, दियोरिया कला

- शोर-शराबा करने पर बमुश्किल बची किसान की जान
- दियोरिया रेंज के समीप बुधवार शाम हुई घटना से मचा हड़कंप

**अमृत विचार :** खेत से धान लेकर साइकिल से घर लौट रहे किसान पर वन्यजीव ने हमला कर दिया। किसान के चीखने पर आसपास से गुजर रहे किसानों ने शोर-शराबा कर बमुश्किल बाघ को भगाया। हमले में घायल किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा ले जाया गया है। ग्रामीण बाघ द्वारा हमला किए जाने की बात कह रहे हैं।

यह घटना दियोरिया रेंज के समीप बुधवार शाम करीब सात बजे की है। गांव लक्ष्मनपुर नौगवा निवासी 45 वर्षीय किसान कोमिल प्रसाद बुधवार शाम साइकिल पर धान के बोरे लादकर खेत से गांव की तरफ आ रहे थे। कोमिल प्रसाद गांव के समीप ही पहुंच पाए थे कि इस बीच गन्ने के निकले एक वन्यजीव ने उन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से घबराए किसान ने चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर आसपास से गुजर रहे तमाम किसान मौके पर पहुंचे और उन्होंने शोर-शराबा करना शुरू कर दिया। किसानों के मुताबिक शोर-शराबा करने पर वन्यजीव पास के ही खेत में जा घुसा। हमले में कोमिल प्रसाद घायल हो गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना दियोरिया रेंज के वनकर्मियों को भी दी। बताते हैं कि सूचना देने के एक घंटे बाद भी कोई वनकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा है। इधर घायल किसान को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा ले जाया गया है। इधर ग्रामीणों की मानें तो किसान पर हमला बाघ ने किया है। अब जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि हमला बाघ का था या फिर किसी अन्य वन्यजीव का। फिलहाल किसान के ऊपर हुए हमले के बाद से गांव में दहशत का माहौल है।



हमले में घायल कोमिल प्रसाद।

> जिस स्थान पर घटना बताई जा रही है। वहां तेंदुए के मूवमेंट की जानकारी मिली थी। फिलहाल हमले की कोई जानकारी नहीं है। मौके पर जाकर ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।
> -**रॉबिन सिंह**, प्रभारी क्षेत्रीय वनाधिकारी दियोरिया रेंज

# एमएलए विंटर कप सीजन थ्री के विजेता बने गोल्डन ईगल

- फाइनल मैच में बरकाती टाइगर्स को हराया

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** एमएलए विंटर कप सीजन थ्री क्रिकेट टूर्नामेंट पर गोल्डन ईगल टीम ने कब्जा कर लिया। फाइनल मैच में बेहतर प्रदर्शन करते हुए बरकाती टाइगर्स को हराया। आयोजक और अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

क्षेत्र के एक स्कूल के मैदान में कई दिनों से एमएलए विंटर कप सीजन थ्री क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा था। इसमें कई टीमें ने प्रतिभाग करते हुए अपना दमखम दिखाया था। बुधवार को टूर्नामेंट का फाइलन मैच हुआ।

गोल्डन ईगल के कप्तान ने टॉस जीत कर बरकाती टाइगर्स को पहले बल्लेबाजी करने का मौका दिया। मैच 20 ओवर का था। बरकाती टाइगर टीम 15.3 ओवर में 61 रन पर ऑल आउट हो गई। गोल्डन ईगल टीम के जसपाल पाली ने सर्वाधिक पांच विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोल्डन ईगल टीम ने 13.1 ओवरों में आसानी से जीत हासिल कर ली। मैन ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट जसपाल पाली रहे। टूर्नामेंट के आयोजक पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान के पुत्र रितुराज पासवान व मनराज मंडेर ने विजेता और उपविजेता को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। इस मौकेपर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, प्रफुल्ल मिश्रा, राजमणि पासवान, श्रेय सिंह आदि मौजूद रहे।




टूर्नामेंट पर कब्जा करने के बाद उत्साहित विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# जहर खाकर थाने पहुंची युवती, मची खलबली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- प्रेमी के दूसरी जगह शादी करने से खफा होकर खाया जहर
- हालत बिगड़ने पर पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया

**अमृत विचार :** प्रेम के दूसरी जगह शादी करने का पता चलने पर युवती ने जहर खा लिया। इसके बाद थाने जाकर प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई करने की बात पुलिस से कही। युवती के जहर खाने का पता चलने पर पुलिस में खलबली मच गई। आनन-फानन में युवती को मेडिकल कॉलेज ले जाकर भर्ती कराया गया।

थाना अमरिया क्षेत्र की रहने एक युवती ने बताया कि करीब आठ माह पूर्व क्षेत्र के एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी, लेकिन बाद में साक्ष्य के अभाव मेंफाइनल रिपोर्ट लगा दी। बुधवार को युवती को जानकारी मिली कि उसका प्रेमी दूसरी जगह शादी कर रहा है। इस पर युवती थाने जा पहुंची और प्रेमी को गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस ने उसे समझाना चाहा तो युवती ने थाने आने से पहले जहर खाने की बात कही। इस पर पुलिस वाले सन्न रह गए। चंद मिनट बाद ही युवती की हालत बिगड़ने लगी। पुलिस युवती को सरकारी गाड़ी में मेडिकल कॉलेज ले गई और उसे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। कुछ देर बाद पुलिस को शक हुआ कि युवती के दुपट्टे में कुछ बंधा हुआ है। इस पर महिला सिपाही ने चेक किया तो उसके दुपट्टे में कीटनाशक बंधी मिली। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। अमरिया एसओ ब्रजवीर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट में फाइनल रिपोर्ट लग चुकी है।

### पूरनपुर में रहस्यमय ढंग से ग्रामीण लापता

**पूरनपुर :** जनपद लखीमपुर के थाना गौरीफंटा के गांव निझोटा के रहने वाले राघव प्रसाद चार अक्टूबर को बेटे प्रदीप के साथ दवा लेने मझोला गए थे। शाम को राघव प्रसाद बेटे के साथ बस पर सवार होकर घर जा रहे थे। पूरनपुर में बस सवारियों को उतारने के लिए रुकी। इस दौरान राघव प्रसाद भी उतर गए। उनके बेटे ने काफी खोजबीन की लेकिन राघव प्रसाद का पता नहीं चल सका। पुलिस ने बेटे की तरफ से मिली तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की है।

### बैंक आए खातेदार की साइकिल चोरी

**केशवापुर।** अमृत विचार : फरधान की जिला सहकारी बैंक में थाना क्षेत्र फरधान के ग्राम बौंठा मजरा सकतापुर निवासी जितेंद्र पांडे ने अपनी साइकिल ब्रांच के बाहर साइकिल खड़ी कर बैंक के अंदर गए। वापस आने पर उनकी साइकिल गायब थी। लोगों का कहना है कि बैंक में कोई भी सिक्योरिटी गार्ड तैनात नहीं है। जिससे पहले भी साइकिल चोरी की कई घटनाएं हो चुकी है। जितेंद्र पांडे ने थाना में तहरीर दी है।

# निर्माण अवधि पूरी, नहीं हो सका मैलानी जंक्शन का कायाकल्प

संवाददाता, मैलानी

- अमृत भारत योजना: काम आधा-अधूरा, अधिकारी कर रहे 90 प्रतिशत निर्माण कार्य होने का दावा

**अमृत विचारः** जंक्शन का कायाकल्प अब तक नहीं हो सका है, जबकि निर्माण कार्य पूरा होने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित थी। हालांकि जिम्मेदार अधिकारी कायाकल्प का निर्माण 90 प्रतिशत पूरा होने का दावा कर रहे हैं। जबकि हकीकत में 30 से 40 फीसद काम होना बाकी है।

रेलवे ने यात्रियों को स्टेशन पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कायाकल्प कराने की शुरुआत की। इसके तहत मैलानी जंक्शन को 18 करोड़ रुपए से नई सुविधाओं के साथ अपग्रेड करने का आगाज किया। इसके तहत सीओपी , वेटिंग रुम, टॉयलेट, रेनोवेशन, प्लेटफॉर्म सरफेस ग्रेनाइट, स्टेशन बिल्डिंग, रूफिंग सर्कुलेटिंग रोड, सर्कुलेटिंग ड्रेन,फसाड सहित अन्य तमाम कार्य होने थे। इनमें से कई कार्यों का काम पूरा होने की।अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित थी, लेकिन अवधि बीतने के बाद भी कई ऐसे कार्य हैं जो अब तक पूरे नहीं हुए हैं। वहीं कुछ ऐसे भी कार्य हैं, जिनका श्रीगणेश तक नहीं हुआ है। मगर, जिम्मेदार अधिकारी 90 प्रतिशत पूरा होने का दावा कर रहे हैं। इसकी हकीकत जंक्शन पर देखी जा सकती है।



रेलवे स्टेशन पर अधूरे पड़े काम।


#### 30 अक्टूबर तक पूरे होने वाले कार्य

पोर्च का कार्य, डिजाइन पेंटिंग वर्क, पाथवे आदि कार्य

#### 30 जून तक पूरे होने वाले कार्य

12 मीटर चौड़े पुल, यात्री प्रतीक्षालय, शौचालय का आधुनिकिकरण, सौंदर्यीकरण के साथी 12 मीटर चौड़े पैदल उपरिगामी पुल (एफओबी), तीन लिफ्ट और एक एस्केलेटर।

> मैलानी स्टेशन के कायाकल्प का 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। जो कार्य रह गया है, वह भी निर्धारित समय पर पूरा हो जाएगा। इसके बाद यात्रियों को रेलवे प्लेटफार्म पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं मिलने लगेगी।
> - **महेश गुप्ता**, जन सम्पर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ



## एक नजर

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**धौरहरा, अमृत विचार :** पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बसंतापुर मार्ग पर हिमांशु वर्मा पुत्र रमाकांत वर्मा निवासी सुक्खन पुरवा थाना निघासन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस बरामद होने का दावा किया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश मिश्रा ने बताया कि आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा गया है।

### किसानों के खाते में भेजा गन्ना भुगतान

**चपरतला, अमृत विचार :** डीसीएम श्रीराम डिस्टलरी यूनिट अजवापुर चीनी मिल ने 2024- 25 के पेराई सत्र में 31 अक्टूबर तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया। इससे किसानों में खुशी की लहर है। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं की बुवाई हो रही है। चीनी मिल से गन्ने का भुगतान समय से मिलने से गेहूं की बुवाई भी समय से हो जाएगी। इकाई प्रमुख प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि भुगतान किसानों के खाते में भेजा गया है। किसान क्रय केंद्र व मिल गेट पर ताजा व शीघ्र प्रजाति की पर्ची पर शीघ्र प्रजाति का गन्ना लेकर आए।

### किशोरी को भगा ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के निकटवर्ती गांव से एक 17 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाया गया है। किशोरी की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में महिला ने कहा है कि गांव निवासी बादल पुत्र बिंद्रा उसकी 17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर कर भाग ले गया है। उसकी पुत्री घर में रखे 10 हजार रुपये भी अपने साथ ले गई है। महिला ने पुलिस से पुत्री को बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर युवक के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### आरोपियों को रिमांड पर लेकर चोरी का सामान बरामद किया

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना में संलिप्त दो आरोपियों को रिमांड पर लेकर उनकी निशानदेही पर चोरी का माल करधनी, कमर बिछुआ बरामद किया है। कोतवाली पुलिस ने विनोद कुमार पुत्र गौरी शंकर, काशीराम पुत्र जगमोहनलाल निवासी फूलपुर थाना गोला को न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिला कारागार से एक दिन की रिमांड में लेकर उनकी निशानदेही पर गन्ने के खेत से कमर बिछुआ, एक करधनी बरामद की है।



दुधवा पार्क गेट पर फीता काटते आयुष व खाद्य सुरक्षा मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र व विधायक रोमी साहनी।



थारू हस्तशिल्प उत्पाद का निरीक्षण करते डॉ. दयाशंकर मिश्र व रोमी साहनी।



दुधवा में स्वागत के लिए सजी खड़ी हथिनी गंगाकली। ● अमृत विचार

# दुधवा पर्यटकों के लिए खुला, स्वागत में खड़ी रही हथिनी गंगाकली

## आयुष एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र व विधायक रोमी साहनी ने किया पूजन, फीता काटकर पर्यटन सत्र का आरंभ

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** दुधवा नेशनल पार्क के पर्यटन सत्र की बुधवार को शुरूआत हो गई। अब दुधवा पर्यटकों के लिए खुला रहेगा। पहले दिन स्कूली बच्चों के साथ ही कई जिलों के सैलानी पहुंचे। अधिकतर लोगों ने पर्यटन वाहन और हाथियों की सवारी की।

नवीन पर्यटन सत्र की शुरुआत आयुष एवं खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र व विधायक रोमी साहनी ने पार्क परिसर में सुबह 11 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की। दोपहर 12 बजे से पहले फीता काटकर पार्क सैलानियों के लिए खोल दिया। उन्होंने सबसे पहले सैलानियों की जिप्सियों को हरी झंडी दिखाई और जंगल में रवाना किया। इससे पूर्व पार्क की गंगाकली हथिनी को अतिथियों और अधिकारियों ने केला व गुड़ आदि भी खिलाया। पहले दिन पलिया समेत आसपास क्षेत्र के पर्यटकों को ही पार्क का निःशुल्क भ्रमण कराया गया। इस दौरान काफी संख्या में पर्यटक, स्कूली बच्चे और स्टाफ मौजूद रहा। स्कूली बच्चों ने कई जगहों पर सुंदर-सुंदर रंगोलियां भी सजाईं थीं। जिसकी सभी ने सराहना की। उद्घाटन के दौरान दुधवा के डीडी डॉ. रंगाराजू टी, डीएफओ बफर जोन सौरीष सहाय, दुधवा वार्डेन महावीर सिंह के साथ ही अन्य अधिकारी व पार्क कर्मचारी मौजूद रहे। आयुष खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र एवं क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी का डीटीआर के उपनिदेशक डॉ रंगा राजू टी ने स्वागत किया। दुधवा की संक्षिप्त खूबियां बताईं। पहली बार दुधवा आए आयुष एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री साखू, सागौन आदि गगनचुंबी वृक्षों वाले जंगलों से घिरे दुधवा पर्यटन परिसर की रमणीयता देख काफी खुश दिखे। पूजन पंडित मोनू शास्त्री ने कराया।



पूजन करते डॉ. दयाशंकर मिश्र व रोमी साहनी। ● अमृत विचार

- थारू हस्तशिल्प से बने उत्पादों का किया निरीक्षण, जलकुंभी से बना हैट आया पसंद
- पहले से बुकिंग करने वाले पर्यटकों को वन्य जीवों का दीदार कराने लेकर गई जिप्सी



सफारी जिप्सियों में बैठ दुधवा घूमने जाते पर्यटक। ● अमृत विचार

### यह लोग रहे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से दुधवा वार्डन महावीर सिंह, रेंजर प्रशांत प्रियदर्शी, सुरेंद्र कुमार, सोनू कुमार, भाजपा के वासुदेव आनंद, गोलू मिश्रा, रिंटू शर्मा, बबलू गुप्ता, मुकेश शर्मा, कई स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारी व पर्यटक, इको विकास समितियों के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

### दुधवा प्रदेश का श्रेष्ठ राष्ट्रीय पार्क : दयाशंकर

आयुष खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूरे विश्व में विख्यात दुधवा प्रदेश का श्रेष्ठ राष्ट्रीय पार्क है। देश-विदेश के हजारों पर्यटक हर वर्ष यहां आकर दुर्लभ वन्य जीव- जंतुओं, रंग-बिरंगे पक्षियों व यहां के सुंदर वन को देख गदगद होते हैं। सरकार का प्रयास है कि दुधवा में अधिक से अधिक पर्यटक आएं और इसकी खूबसूरती देखकर बाहर जाकर इसकी प्रशंसा करें। इसीलिए इस वर्ष भी पर्यटकों को घटी दर पर प्रवेश व भ्रमण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि दुधवा आने वाले पर्यटक यहां से खुश होकर जाएं। सुहेली की सिल्ट -सफाई के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि विधायक रोमी साहनी पूरी तौर पर प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री से इसकी बात भी की है। शीघ्र ही इसके परिणाम सामने आएंगे। दुधवा को कम बजट आवंटन के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि दुधवा के विकास और समुचित व्यवस्था में बजट आड़े नहीं आने दिया जाएगा। क्षेत्र वासियों को दुधवा से रोजगार मिल रहा है। यह अच्छी बात है।



किशनपुर सेंचुरी का पूजन कर शुरुआत करते सीडीओ अभिषेक सिंह। ● अमृत विचार

## पहले ही दिन किशनपुर सेंचुरी में दिखा बाघ

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** किशनपुर वन्य जीव विहार का मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक सिंह ने हवन -पूजन कर शुभारंभ किया। पहले दिन ही सैलानियों को किशनपुर संचुरी में बाघ के दीदार हो गए। इससे सैलानी खुशी से उछल पड़े।

दुधवा नेशनल पार्क व किशनपुर सेंच्युरी बुधवार से पर्यटकों के लिए खोल दी गई है। नवीन पर्यटन सत्र के पहले दिन दुधवा में सैलानियों को बाघ के दर्शन नहीं हो पाए, लेकिन किशनपुर सेंचुरी में सैलानियों को पहले दिन ही बाघ दिखने से वे खुशी से झूम उठे। उन्होंने उसके चित्र को अपने कमरे में भी कैद किया। दुधवा टाइगर रिजर्व की किशनपुर सेंच्युरी ने के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि भी की है। किशनपुर सेंचुरी के शुभारंभ के दौरान वन्य जीव प्रतिपालक किशनपुर धर्मेंद्र द्विवेदी, खंड विकास अधिकारी बांकेगंज ऋषि कुमार, वन क्षेत्राधिकारी किशनपुर मोहम्मद अयूब सहित आसपास के रिजार्ट स्वामी आदि ग्रामीण व वनकर्मी मौजूद रहे।



सैलानी द्वारा कैमरे में कैद किया गया बाघ। ● अमृत विचार

- किशनपुर वन्य जीव विहार का सीडीओ ने पूजन कर किया आरंभ

### खूब भायी गंगाकली

इस बार दुधवा के जंगल मुख्य द्वार पर हथिनी गंगाकली को सजाकर खड़ा किया गया था। जिसने पार्क में आने वाले पर्यटकों का सूंड़ उठाकर अभिवादन किया। पर्यटकों ने केला और गुड़ खिलाया। गंगाकली के महावत अनीस खान ने उसको पर्यटकों को स्वागत करने का तरीका बताया, जिसके बाद उसने सभी का अभिवादन किया।

### फोटो प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

दुधवा में फोटो प्रदर्शनी लगाई गई थी। वन्यजीवों, पक्षियों आदि की कलाकृतियां थीं। दुधवा नेशनल पार्क के उद्घाटन पर आने वाले लोगों के लिए यह प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बिंदु बनी रही। लोगों ने मोबाइल में सेल्फी ली और इनकी तस्वीरें भी अपने कैमरों में कैद की।

### थारू उत्पादों व म्यूजियम की सराहना

मंत्री दयाशंकर मिश्र ने विधायक रोमी साहनी व अन्य अधिकारियों के साथ थारू उत्पादों का स्टॉल देखा। उन्होंने यहां बना म्यूजियम, इंटरप्रिटेशन सेंटर, ऑडिटोरियम आदिवासी स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए डलिया, हैट, थारू ड्रेस, पर्स आदि के लगे स्टाल का भी निरीक्षण किया। विधायक साहनी ने थारू महिला से जलकुंभी से तैयार किए गए दो हैट खरीद कर एक मंत्री जी को पहनाया व स्वयं दूसरा स्वयं पहना। महिला को इसकी कीमत भी प्रदान की। म्यूजियम व थारू उत्पादों की सराहना की। साथ ही उत्पादों को और ढंग से प्रसिद्ध करने के लिए उपाय निकालने की बात भी कही।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

REQUIRED
PRINCIPAL & ASSISTANT PROFESSOR
For LL.B 3 Years & 5 years
Subject: Law , Economic, Political Science, English, Sociology, History Qualification as per UGC norms Eligible candidate may send their CV with 15 days to college
HAFIZ RAHMAT KHAN LAW COLLEGE, PILIBHIT
Mob.: 9696039280, 9410836032
hrklawcollege@gmail.com

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने तीनों पुत्रों धर्मेन्द्र, जितेन्द्र और सन्तोष को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा उनसे कोई वास्ता नहीं होगा। **ओम प्रकाश पुत्र स्व. श्री लेखराज निवासी ग्राम रजपुरा माफी पोस्ट मुड़िया अहमदनगर थाना इज्जतनगर, जिला बरेली।**

सूचना
हमने अपने पुत्र मो. फैजान व उसकी पत्नी सना को उनके गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मो. तसलीम पुत्र मो. यासीन नुसरत बी पत्नी मो. तसलीम निवासी - 25, सहसवानी टोला पुराना शहर थाना- बारादरी जिला बरेली।**

सूचना
मैने अपने पुत्र मो0 शफीक को चाल चलन ठीक न होने, कुसंगति में पड़ जाने, परिवारियों से प्रायः मारपीट करने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब हमारा व मेरे परिवार जनों का उससे कोई वास्ता, सरोकार नहीं है। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **सगीर अहमद पुत्र स्व0 नजीर अहमद निवासी वीरेन्द्र नगर कालोनी गोला गोकर्णनाथ, जिला-खीरी।**

सूचना
श्री कलीम अहमद पुत्र नवाब अली निवासी चेहला तहसील चाँदपुर, जिला बिजनौर आपने दिनांक 17.09.2024 को ग्राम कालाभोज की भूमि गाटा संख्या-152/2 का अपना सम्पूर्ण भाग का बैनामा क्रेता श्री संजीव कुमार शर्मा पुत्र श्री बृजलाल शर्मा निवासी ग्राम चकरपुर गही, तहसील आंवला जिला बरेली को लिखवाया था। आपको श्रीमान सवरजिस्ट्रार आंवला द्वारा नोटिस भेजा गया। लेकिन आप नहीं आये। मु.सं. 01/2024 है। धारा-36 पंजीकरण अधिनियम के अन्तर्गत आप सबरजिस्ट्रार कार्यालय आंवला आकर बैनामा करायें। **क्रेता संजीव कुमार शर्मा**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# पेट्रोल पंप से निकले बाइक सवार की ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से मौत

संवाददाता, मितौली

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के हरगांव पिपरझला मार्ग पर दतेली पेट्रोल टंकी के पास ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन-फानन में सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



मृतक अरविंद

हादसा बुधवार की शाम करीब सात बजे हुआ। थाना क्षेत्र के पहाड़ा गांव निवासी अरविंद (35) पुत्र रामगोपाल बुधवार शाम को पेट्रोल टंकी पर बाइक में पेट्रोल भरवाने गया था। बताते हैं उधर से धान भरी ट्राली आ रही थी। जिसकी टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीण व पुलिस के सहयोग से एम्बुलेंस से उसे सीएचसी मितौली लाया गया, जहां डॉक्टरों ने अरविंद को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। रोते-बिलखते परिवार के लोग सीएचसी पहुंचे। शव देख कर उनमें कोहराम मच गया। पत्नी सहित बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित दो पुत्रियों को छोड़ कर चला गया।



सीएचसी में मौजूद पुलिस व अन्य। ● अमृत विचार

### ट्रैक्टर से कुचलकर बालक की मौत

**कुकरा, अमृत विचार :** मैलानी थाना की कुकरा पुलिस चौकी से करीब आधा किलोमीटर की दूरी पर ट्रैक्टर से कुचलकर आठ वर्षीय बालक की मौत हो गई है, जिससे परिवार में कोहराम मच गया है। कस्बे के मोहल्ला पसियाना निवासी रमेश कुमार पासी का आठ वर्षीय पुत्र नैमिष उर्फ जीतराम घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच सड़क पर निकले ट्रैक्टर से कुचलकर उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बालक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। सूचना पाकर थानाध्यक्ष मैलानी राजेश सिंह, चौकी इंचार्ज जितेंद्र बहादुर सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव को सीलकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक के पिता रमेश कुमार की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## साइकिल सवार छात्र को बेकाबू स्कॉर्पियो ने टक्कर मारी, मौत

संवाददाता, मोहम्मदी

- स्कूल से घर जा रहा था छात्र परिजनों में मचा कोहराम

**अमृत विचारः** छुट्टी होने पर स्कूल से घर जा रहे एक छात्र की साइकिल में स्कार्पियो ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव रछेला बाजिदपुर निवासी सुमित कुमार (15) पुत्र आशाराम पीवी इंटर कालेज वरैचा में कक्षा 9 का छात्र था। वह बुधवार को छुट्टी होने के बाद साइकिल से घर वापस जा रहा था। मोहम्मदी-शाहजहांपुर हाईवे पर तेज गति से आ रही बिना नंबर प्लेट की स्कॉर्पियो ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह साइकिल समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्र को 108 एम्बुलेंस की मदद से मोहम्मदी सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक छात्र सुमित चार भाई एक बहन में सबसे छोटा था। परिजनों का रो रो कर हाल बेहाल है। चालक मौके पर स्कॉर्पियो को छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पड़रिया तुला में डेंगू से युवक की जान गई

संवाददाता, बिजुआ

- लखनऊ में हो रहा था इलाज फागिंग व एंटीलार्वा का छिड़काव न होने से लोगों में नाराजगी

**अमृत विचारः** पड़रिया तुला कस्बे में बुखार तेजी से फैल रहा है। बुखार पीड़ितों का इलाज जिले से लेकर लखनऊ तक चल रहा है। इनमें से अधिकतर में डेंगू होना बताया जा रहा है। कस्बा निवासी एक बुखार पीड़ित युवक की लखनऊ में उपचार के दौरान मौत हो गई। घर का इकलौता चिराग बुझने से परिवार वालों में कोहराम मचा हुआ है।



मृतक आशीष गुप्ता

कस्बा निवासी राजेन्द्र गुप्ता का इकलौता पुत्र आशीष गुप्ता (25) पिछले एक सप्ताह से तेज बुखार आ रहा था। उसे पेट में दर्द की भी शिकायत थी। परिजनों ने बिजुआ और लखीमपुर में उपचार कराया, लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। हालत बिगड़ती देख शनिवार को लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उसे भर्ती करवाया।

जहां सोमवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आशीष की अभी दो साल पहले ही शादी हुई थी। उसके एक बेटी भी है। आशीष की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल है। इससे पहले करीब एक माह पूर्व कस्बा निवासी हनीफ की मौत डेंगू की वजह से हुई थी। पूरे कस्बे के ज्यादातर घरों में लोग बुखार पीड़ित है। इसके बावजूद अभी तक न ही कस्बे में स्वास्थ्य शिविर लगा और न ही एंटी लारवा का छिड़काव और फागिंग हुई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# कार की टक्कर से बाइक सवार महिला समेत दो की मौत

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विचारः** कस्बे में नेशनल हाईवे के बाईपास पर बुधवार को कार व बाइक में भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि बाइक चला रहे युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। दोनों मृतक सीतापुर जिले के रहने वाले थे और शादी समारोह से वापस अपने घर जा रहे थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

सीतापुर जनपद के थाना लहरपुर के गांव बहेली सुताता निवासी अख्तर (35) पुत्र सकूर अपने परिवार की ही उमाता पत्नी बशीर के साथ शादी समारोह में शामिल होने थाना मैगलगंज के गांव छोटी चौखड़िया आए थे। दोनों समारोह में शामिल होने के बाद बुधवार को दोनों बाइक से घर वापस जा रहे थे। सुबह 10:30 बजे घर से निकल कर मैगलगंज बाईपास पर पहुंचे ही थे। तभी शाहजहांपुर की तरफ से आ रही कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला उमाता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि अख्तर गंभीर रूप से घायल हो गया।

बाइक कार में फंसकर करीब दो सौ मीटर दूर तक घिसटती चली गई। हादसे के बाद मौके पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल अख्तर अस्पताल भेजा। अस्पताल ले जाते समय उसने भी रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने हाईवे से दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर आवागमन शुरू कराया और परिवार वालों को हादसे की सूचना दी। इससे उनके परिवार में कोहराम मच गया।

पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। कार सवार शाहजहांपुर निवासी सलोनी ने बताया वह लोग शाहजहांपुर से लखनऊ जा रहे थे। अचानक बाइक सवार सामने आ गया, जिससे यह दुर्घटना हो गई।



हादसे के बाद ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार



कार में फंसी बाइक। ● अमृत विचार

- कार में फंसकर दो सौ मीटर घिसटती चली गई बाइक

### बकाया 300 रुपये मजदूरी मांगी तो दंपती ने युवक को पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना भीरा व कस्बा भीरा में बकाया मजदूरी मांगने पर दंपती ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है। भीरा निवासी जोगेंद्र ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले राधे श्याम गुप्ता पुत्र के यहां उसने मजदूरी की थी। जिसका 300 रुपये बकाया था। उन्होंने आरोपी से बकाया मजदूरी मांगी। इस पर आरोपी भड़क गया और गाली गलौज करने लगा। उन्होंने जब गाली देने से मना किया तो आरोपी राधे श्याम ने अपनी पत्नी प्रीती के साथ मिलकर लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। दोबारा रुपये मांगने पर जान से मार देने की धमकी दी। पिटाई से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल मजदूर की तहरीर पर दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


छठ पूजा के लिए डाला व दिये खरीदती महिलाएं। ● अमृत विचार


पूजा के लिए फल खरीदते ग्रामीण। ● अमृत विचार


मढ़िया घाट पर साफ-सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

# छठ पर्वः अस्ताचलगामी सूर्य को आज दिया जाएगा पहला अर्घ्य

## सेठघाट पर सूर्य को अर्घ्य देने के लिए नगर पालिका ने की है तैयारी, घरों में गूंजने लगे छठी मैया के गीत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** छठ महापर्व के दूसरे दिन व्रत रखने वाले घरों में खरना हुआ। महिलाओं ने सुबह सूर्य को अर्घ्य देकर खरना की तैयारी शुरू की। शाम को भोग तैयार कर प्रसाद ग्रहण किया। इसी के साथ गुरुवार को अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देने के लिए निर्जला व्रत की शुरुआत की।

चार दिवसीय छठ पर्व के दूसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य और उदयगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य देने का संकल्प पूरा करने के लिए व्रतियों ने खरना किया। व्रतियों ने दिनभर उपवास के बाद शाम को स्नान कर छठी मइया को गुड़ की खीर और गेहूं की रोटी का भोग लगाया।सूर्यास्त के बाद कुलदेवता की पूजा की। खरना के साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू किया। ब्रहस्पतिवार को अस्त होते सूर्य और शुक्रवार को उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य के बाद महापर्व छठ का समापन होगा। इस अवसर पर प्रसाद बनाने के लिए आम की लकड़ी से लेकर सूप, फल आदि की खरीद रही। पूजा स्थल से लेकर घर की छतों पर व्रतियों के छठ गीत से सारा माहौल भक्तिमय हो गया।


सेठघाट पर पूजन के लिए वेदी तैयार करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


सेठघाट परिसर की धुलवाई करवाते सदर विधायक योगेश वर्मा। ● अमृत विचार

### पूजा स्थल पर पालिका व पुलिस प्रशासन रहेगा मुस्तैद

छठ पूजा स्थल सेठघाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पालिका से लेकर पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद रहेंगे। नगर पालिका ने घाट पर साफ सफाई पेयजल एवं प्रकाश की व्यवस्था की है। वही सुरक्षा के लिए एसपी ने पुलिस चौकी स्थापित की है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग ने आपात स्थित के लिए एम्बुलेंस व डॉक्टरों की टीम तैनात की है।

### खरना प्रसाद बनाया, 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू

लोक आस्था के चार दिवसीय छठ पर्व के दूसरे दिन व्रती महिलाओं ने बुधवार को चूल्हा और पीतल के बर्तन में खरना प्रसाद बनाया और मौन धारण कर विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान भास्कर को प्रसाद अर्पित कर भोग लगाया। प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू किया। व्रत बृहस्पतिवार की शाम को अस्तलगामी और शुक्रवार को उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने के साथ व्रत सम्पन्न होगा।

### घाट पर बुधवार को दिन भर होती रहीं पूजा की तैयारियां

खरना के दूसरे दिन अस्ताचल सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। इसके लिए बुधवार को पूजा स्थल पर दिन भर तैयारियां होने का सिलसिला जारी रहा। व्रत रखने वाली महिलाओं के घर के लोगों के साथ सदर विधायक भी पूजा स्थल की धुलाई से लेकर वेदी तैयार कराने से लेकर उनका रंग रोगन कराने में लगे रहे। इस दौरान आयोजन समिति के मृगांग उपाध्याय से लेकर अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### मढ़िया घाट की कराई साफ-सफाई

**चपरतला, अमृत विचार :** छठ पूजा को लेकर तीर्थ स्थल मढ़िया घाट के घाटों पर पसगवां एडीओ (पंचायत) देवेंद्र सिंह की देखरेख में घाटों की साफ-सफाई कराई गई। यहां रोजाना सैकड़ो श्रद्धालु स्नान करते हैं। काफी दूर-दूर के लोग पारस नाम से प्रसिद्ध मढ़िया घाट मंदिर में आते हैं। छठ पूजा के दिन यहां काफी भीड़ रहती है। बुधवार को सफाई अभियान चलाकर घाटों की सफाई की गई।

### स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सीएमओ पूजा स्थल का जायजा लेने पंहुचे

छठ पर्व को लेकर बुधवार को सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता सेठ घाट पंहुचे। उन्होंने पूजा स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य संबंधी किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल उपचार मुहैया कराने के लिए मय स्टाफ के 108 एम्बुलेंस को 7 और 8 नवंबर को सेठघाट पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य टीम में डॉक्टर्स, फार्मासिस्ट, वार्ड बॉय सहित एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की ड्यूटी लगाई है। एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता, स्टेनो कार्तिकेय मिश्रा आदि मौजूद रहे।


सेठघाट पर एंबुलेंस तैनात करने के निर्देश देते सीएमओ। ● अमृत विचार

# छठ पूजा को लेकर लागू हुआ रूट डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** छठ पूजा को लेकर यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर रूट डायवर्जन लागू किया है, जो गुरुवार की सुबह दस बजे से अगले दिन शुक्रवार को पूजा समापन तक लागू रहेगा। पार्किंग स्थल के साथ ही दो जगहों पर बैरियर लगाए जाएंगे। ताकि सेठ घाट पूजा स्थल तक पहुंचने में लोगों को कोई परेशानी न हो।

छठ पूजा का त्यौहार शहर के सेठ घाट पर मनाया जायेगा। गुरुवार की शाम ढलते हुए सूरज को अर्ध देकर तथा शुक्रवार की सुबह सूर्य उगने से पहले अर्ध देते हुए यह त्योहार मनाया जाता है। पूजा स्थल सेठ घाठ पर करीब 15 से 20 हजार श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। श्रद्धालु पूजा स्थल पर अपने निजी वाहन कार, बाइक व अन्य साधनों से आते हैं। श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला दोपहर करीब 12 बजे से प्रारम्भ हो जायेगा, जो शुक्रवार की सुबह करीब 10.00 बजे तक रहेगा। इमली तिराहा व मेला मैदान से होते हुए आने वाले वाहन व श्रद्धालु सेठ घाट तिराहा से होकर सेठ घाट पूजा स्थल पर पहुँचते है। छठ पूजा स्थल पर पहुचने के लिए एक अन्य मार्ग सैधरी बाईपास से करीब 50 मीटर आगे से आलू गोदाम से होता हुआ आया है। श्रद्धालुओं के सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त संख्या में सिविल पुलिस, पीएसी, एलआईयू, महिला पुलिस, की ड्यूटी लगाई गई है। यातायात व्यवस्था को 3 सेक्टर में बांटा गया है। यातायात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। डायवर्जन प्लान व पार्किंग आदि की व्यवस्था की गई है।

### इन लोगों को वाहन ले जाने की होगी छूट

इमली तिराहा से मेला मैदान व सेठ घाट तिराहे से सेठ घाट पूजा स्थल तक के मार्ग पर केवल श्रद्धालुओं, सुरक्षा कर्मी, मेला दर्शनार्थी व छठ पूजा के अन्य विशिष्ट व्यक्तियों व उनके वाहनों को जाने की अनुमति होगी।

### इन रूटों पर डायवर्जन लागू

**प्रथम डायवर्जन : सैधरी वाई पास**
सैधरी बाईपास से मेला मैदान होते हुए अपने गंतव्य स्थान को जाने वाले वाहनों को सैधरी बाईपास से डायवर्ट करते हुए बाईपास रोड से भेजा जायेगा। सैधरी से मेला मैदान की तरफ छठ पूजा श्रृद्धालु व मेला दर्शनार्थीको जाने की अनुमति होगी।

**द्वितीय डायवर्जन : मेला मैदान चौराहा**
शहर के विभिन्न स्थानों से होकर मेला मैदान चौराहा से इमली तिराहा की तरफ जाने वाले वाहनों को मेला मैदान से संकटा देवी चौराहा की तरफ भेजते हुए अपने अपने गंतव्य स्थान को भेजा जायेगा। मेला मैदान से इमली तिराहे की तरफ केवल छठ पूजा श्रद्धालुओं व उनके वाहनों को जाने की अनुमति होगी।

**तृतीय डायवर्जन : इमली तिराहा**
शहर के विभिन्न स्थानों से होकर इमली तिराहे से मेला मैदान की तरफ जाने वाले वाहनों को मिश्राना व कपूरथला तिराहे की तरफ डायवर्ट करते हुए अपने अपने गंतव्य स्थान को भेजा जायेगा। इमली तिराहे से मेला मैदान की तरफ केवल छठ पूजा श्रद्धालुओं व उनके वाहनों के जाने की अनुमति होगी।

### यह बनाए गए पार्किंग स्थल

शिव प्रापर्टी प्लाटिंग जिसमें बाइक व साइकिल आदि पार्क की जाएगी। शिव प्रॉपर्टी प्लाटिंग के सामने खाली मैदान में चार पहिया वाहन को पार्क किया जायेगा ।

### यहां लगेंगे बैरियर

छठ पूजा स्थल के आसपास 02 बैरियर की व्यवस्था की गई है। पहला बैरियर सेक्टर प्रथम के पार्किंग प्रथम के पास बनाया गया है। दूसरा बैरियर शिव प्रॉपर्टी प्लाटिंग सेक्टर द्वितीय के पार्किंग स्थलों के पास बनाया गया है।

# राकिशसं के नेताओं ने गन्ना आयुक्त को सौंपा ज्ञापन


लखनऊ में गन्ना आयुक्त को ज्ञापन देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- **नवीन सत्र का 14 दिन में मांगा गन्ना भुगतान**
- **फरवरी से 14 दिन में भुगतान का मिला आश्वासन**

**अमृत विचारः** राकिशसं ने प्रदेश के गन्ना आयुक्त को ज्ञापन देकर प्रदेश में बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि की चीनी मिलों का इस पेराई सत्र का 14 दिन में भुगतान कराने के लिए ज्ञापन सौंपा है। आयुक्त ने फरवरी से 14 दिन में गन्ना भुगतान करवाने का आश्वासन दिया।

राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा और राष्ट्रीय प्रवक्ता कैप्टन मनोज कुमार सिंह ने बुधवार को प्रदेश के गन्ना आयुक्त प्रभु नारायण सिंह से मुलाकात कर बजाज ग्रुप की 14 चीनी मिलों के गन्ना किसानों की व्यथा सुनाकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर और पीलीभीत में स्थित बजाज ग्रुप की चीनी मिलों से जुड़े किसानों ने पंचायत कर इस पेराई सत्र 2024-2025 में खरीदे गन्ने का भुगतान 14 दिन में कराने फैसला किया है। पांच नवंबर को बजाज मिल गोला गोकर्ण क्षेत्र के गन्ना किसानों एवं गन्ना समिति के दर्जनों डेलीगेट्स ने राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के बैनर तले पंचायत कर चीनी मिल के इस पेराई सत्र 2024 के खरीदे गन्ने का भुगतान 14 दिन में किए जाने के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। पंचायत में गोला स्थित बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि चीनी मिल के केन जीएम पीएस चतुर्वेदी ने कहा कि गन्ना आयुक्त यदि पिछले सत्र के गन्ना भुगतान को रोककर नवीन पेराई सत्र का भुगतान गन्ना खरीद के 14 दिन में करने का आदेश दें तो उसका पालन होगा।

पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने बताया कि वार्ता में गन्ना आयुक्त प्रभु नारायण सिंह ने पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि की सभी 14 चीनी मिलों के लिए बैंकों में सीसी क्रेडिट लिमिट बनाए जाने की प्रक्रिया चल रही है। जनवरी माह तक सीसी क्रेडिट लिमिट बन जाएगी सीसी क्रेडिट लिमिट बनने के बाद फरवरी माह से वह गन्ना खरीद के 14 दिन में गन्ने का भुगतान सुनिश्चित कराएंगे।

# दबंगों ने घर में घुसकर महिला से की छेड़खानी

**गोला गोकर्णनाथ।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के अहमदनगर गांव में एक महिला से छेड़छाड़ की, विरोध करने पर उसे मारा पीटा। तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। महिला ने उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के अहमदनगर निवासी नीरज कुमार कटियार का कहना है कि वह चाट का ठेला लगाकर अपने परिवार की गुजर बसर करते हैं। तीन नवंबर को भी वह चाट का ठेला लगाने गए थे। आरोप है कि इसी बीच गांव के कुछ दबंग उनके घर घुस गए और उनकी पत्नी को अकेला देख छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे मारा पीटा। शोर सुनकर उनकी मां बचाने पहुंची तो उनको भी मारपीट कर घायल कर दिया।

# बेटे के लव मैरिज करने की रंजिश में बाप को मार डाला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


खीरी-लहरपुर मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **मुंह में ठूंसा कपड़ा, गले में कसी लोअर की डोर, पेड़ पर फंदे से लटकाया शव**
- **युवती के परिजनों पर हत्या करने का आरोप, एक दिन पहले बेटे को घेरा था**

**अमृत विचार :** कोतवाली सदर के गांव फत्तेपुर में ग्रामीण का शव पेड़ से लटका मिला। उसके मुंह में कपड़ा ठुंसा था और गले में लोअर की डोर कसी थी। परिवार वालों ने बेटे से प्रेम विवाह करने वाली युवती के परिजनों पर हत्या का आरोप लगा तहरीर दी। पुलिस जांच कर रही है।

गांव फत्तेपुर निवासी मोबीन बुधवार की सुबह करीब पांच बजे शौच करने के लिए खेतों की तरफ गया था। सुबह छह बजे ग्रामीणों ने उसका शव नीम के पेड़ से लटका देखा तो घरवालों को जानकारी दी। रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक के मुंह में कपड़ा ठुंसा था और गले में लोअर की डोर (नारा) कसा था। चप्पलें अलग-अलग स्थानों पर पड़ी थीं। पानी का डिब्बा लुढ़का हुआ था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि हत्यारों ने मोबीन को दौड़ाकर पकड़ लिया और मुंह में कपड़ा ठूंस गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को फंदे से लटका दिया। परिवार वालों ने बताया कि मोबीन के बेटे मुजाहिद अली का गांव के ही यूनुस की भतीजी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 29 अक्टूबर को दोनों ने निकाह कर लिया। इससे यूनुस और उसका परिवार रंजिश मान रहा है। 26 अक्टूबर को यूनुस ने मारपीट की थी, जिसमें पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की थी। मंगलवार को कोतवाली गेट पर यूनुस ने मोबीन और मुजाहिद को दस दिन में हत्या की धमकी दी थी। परिवार वालों ने नामजद तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली सदर अंबर सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ हत्या की तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### भड़के ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर लगाया जाम

पोस्टमार्टम के बाद गांव फत्तेपुर निवासी मोबीन का शव लेकर घर पहुंचे परिवार वालों ने खीरी-लहरपुर मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। वह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने और उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें जब समझाने की कोशिश की तो इस दौरान उनकी पुलिस से नोकझोंक भी हुई। मौके पर पहुंचे सीओ सिटी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग माने और तीन घंटे बाद जाम खोला। परिवार वाले पोस्टमार्टम के बाद शव घर ले आए। शव पहुंचते ही ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और शव खीरी-लहरपुर मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। गुस्साए ग्रामीण आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने और गिरफ्तारी करने की मांग पर अड़ गए। मौके पर सदर कोतवाली समेत कई थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जब जाम खुलवाने की कोशिश की तो लोग भड़क गए। इस दौरान पुलिस से भी जमकर नोकझोंक हुई। सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी तरह से लोगों को शांत कराया।

# शारदा ब्रांच से निकले माइनर की कई वर्षों से नहीं हुई सफाई

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- **टेल तक नहीं पहुंच रहा पानी सिंचाई के लिए किसान परेशान**

**अमृत विचारः** किसानों की फसलों की सिंचाई के लिए शारदा ब्रांच नहर से निकले माइनर की कई वर्शों से सफाई न होने, टेल तक पानी न पहुंचने से किसान खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने माइनर की सफाई करा पानी शीघ्र छोड़े जाने की मांग की है।

बांकेगंज से होकर खीरी की तरफ जाने वाली शारदा ब्रांच नहर से एक माइनर निकला है, जिससे एबीपुर, फूलपुर से कोंधवा तक दर्जनों गांवों के किसानों की फसलों की सिंचाई होती है। माइनर होने के कारण किसानों ने अपने खेतों में बोरिंग भी नहीं कराई। उन्हें सिंचाई के लिए इसी माइनर के पानी का सहारा है। कई साल से सफाई न होने से माइनर में पानी भी नहीं आता है, जिससे किसानों की फसलों की सिंचाई नहीं हो पाती है। हालांकि इस बार माइनर की सफाई कुछ दूरी तक हुई है, उसके आगे झाड़ झंकार खड़े हैं। किसान फसल सींचने ने के लिए परेशान हैं।

# वारिस बनने को दो पत्नियां भिड़ीं, बेनतीजा रही खुली बैठक

संवाददाता, चपरतला

**अमृत विचारः** गांव लालपुर में परिवार रजिस्टर में नाम बढ़ाने आदि को लेकर खुली बैठक आयोजित की गई, जिसमें नाम दर्ज कराने को लेकर एक युवक की दो पत्नियां आपस में ही भिड़ गईं। इससे बैठक में हंगामा हो गया और उसे स्थगित कर दिया गया। अब बैठक की अगली तारीख तय की जाएंगी।

पसगवां विकास खंड की ग्राम पंचायत गुरुदेव खेड़ा के गांव लालपुर के पंचायत घर पर बुधवार को एक खुली बैठक आयोजित की गई थी। इसके लिए बीडीओ पसगवां ने एक टीम गठित की थी, जिसे परिवार रजिस्टर की नकल जारी करने का जिम्मा दिया गया था। बताते हैं कि गुरुदेव खेड़ा निवासी अजमल खान की मौत जून 2024 में हो गई थी, जो नलकूप चालक थे। उनकी दो पत्नियों थी। पहली पत्नी को छोड़कर उन्होंने दूसरी शादी कर ली थी। ग्रामीणों ने बताया कि पहली पत्नी से तीन बच्चे भी हैं। अजमल खान की मौत के बाद अब दोनों पत्नियां खुद को असली वारिस साबित करने के लिए जंग लड रही है। दोनों ही नौकरी और संपत्ति हासिल करने के लिए परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कराने के प्रयास में है। इस पर दोनों ने परिवार रजिस्टर की नकल हासिल करने के लिए बीडीओ पसगवां को प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर बीडीओ ने एडीओ पंचायत देवेंद्र कुमार, एडीओ समाज कल्याण रामवीर यादव, पंचायत सचिव कुलदीप राठौर, पंचायत सचिव सुधीर शुक्ला का पैनल बनाकर खुली बैठक कर परिवार रजिस्टर की नकल जारी करने के निर्देश दिए थे। बुधवार को आयोजित बैठक में दोनों पत्नियों की ओर से अपनी अपनी दलीलें पेश की गई। इसी दौरान बैठक में काफी हंगामा हो गया। इस पर बैठक स्थगित कर दी।


लालपुर में खुली बैठक में मौजूद अधिकारी व ग्रामीण। ● अमृत विचार

# गोलियों की आवाज से गूंजा आवास विकास

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **भाजपा के पूर्व नगर उपाध्यक्ष और उनके छह साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचारः** शहर के आवास विकास में मंगलवार को कई राउंड फायरिंग से अफरा-तफरी मच गई। आवास विकास कॉलोनी निवासी अनिल लखनपाल ने भाजपा पूर्व नगर उपाध्यक्ष अंकुर शुक्ला व उनके छह अज्ञात साथियों पर जान से मार देने की नियत से गोली चलाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

आवास विकास कॉलोनी निवासी अनिल लखनपाल ने बताया कि मंगलवार रात करीब 11 बजे की है। मोहल्ला सुंदरपुरम निवासी देव जुनेजा बजरंग दल के नेता हैं। देव जुनेजा रात करीब 09.30 बजे उनके घर पहुंचे। वह काफी घबराए हए थे। पूछने पर बताया कि अंकुर शुक्ला ने मुझे और जसवंत राज पासी को जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने देव से कहा की इसकी सूचना पुलिस में देनी चाहिए। देव उनके निवास पर तहरीर लिख रहे थे। इसी बीच अंकुर शुक्ला कुछ युवकों के साथ उनके घर के बाहर चक्कर लगाने लगे। तहरीर पुलिस को देने के लिए उन्होंने अपने मित्र सुरेन्द्र सिंह के साथ देव जुनेजा को अनुपम नर्सिंग होम तक छोड़ दिया और घर वापस जा रहे थे। आरोप है कि गली के मोड पर करीब 11 बजे अंकुर शुक्ला ने 6 अज्ञात साथियों के साथ उन पर और उनके साथी पर जान से मारने की नीयत से चार राउंड फायरिंग की। किसी तरह से दोनों ने भागकर जान बचाई। गोली चलने की आवाज पर लोग घरों से बाहर आ गए। सूचना पाकर एलआरपी, राजापुर चौकी और सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच कर लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने आरोपी अंकुर शुक्ला और उनके छह अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

> तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। **- अंबर सिंह**,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर

# कार सवारों ने दो युवकों को तमंचे की बट से जमकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **एक युवक को खींच कर कार में जबरन बैठाने की कोशिश, रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचारः** शहर के एलआरपी पुलिस चौकी के पास कार सवारों ने दो युवकों की जमकर पिटाई कर दी। तमंचे की बट और हथौड़ी नुमा किसी औजार से से ताबड़तोड़ प्रहार किए। जिससे दोनों घायल हो गए। सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

मोहल्ला बहादुर नगर निवासी सागर रस्तोगी ने बताया कि रात करीब 10.45 वह अपने मित्र पार्थ मितल को लखनऊ जाने वाली बस पकड़ने के लिए बाईपास चौराहे निकट एलआरपी पुलिस चौकी के पास खड़ा था। तभी सामने से एक सफेद कार से मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी निवासी रोहित शर्मा व आयुष दो अन्य साथियों के साथ आए। मित्र प्रांजल सिंह को पकड़कर जबरन कार में खीचने लगे। जब विरोध किया तब रोहित शर्मा ने तमंचे से जान से मारने की नियत से फायर की जो कि मिस हो गई। तब तमंचे की बट व हथौड़ीनुमा किसी चीज से ताबड़तोड़ प्रहार किए। रोहित शर्मा के अन्य साथियो ने कार से डंडा लाठी निकालकर उसे और उसके साथी को जमकर मारापीटा।

# कान्हा गोशाला की जांच अधर में लटकी

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** करोड़ों की लागत से हो रहे कान्हा गौशाला का मानक के अनुरूप निर्माण न कराने पर डीएम ने तीन दिन के भीतर जवाब मांगा था। ईओ व जेई को कारण बताओ नोटिस जारी की थी, लेकिन दस दिन बीत जाने के बाद भी जांच एक कदम आगे नहीं बढ़ सकी है। अभी तक कार्रवाई न होने से नगर का माहौल गर्म है।

नगर पंचायत निघासन के पटेल नगर वार्ड में एक करोड़ 82 लाख की लागत से कान्हा गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है। ठेकेदार निर्माण कार्य में घटिया किस्म की ईंट लगा रहा था। सभासद के पति का ईंट तोड़ते वीडियो भी सामने आया था। मसाले में मौरंग की जगह रेता का इस्तेमाल किया जा रहा था। सीमेंट भी नाम मात्र लगाई जा रही थी। सभासदों की शिकायत पर एसडीएम राजीव निगम दो जेई के साथ मौके पर गए थे और निरीक्षण कर निर्माण सामग्री का सैंपल लेकर लैब भेजवाया था। मामले को रिपोर्ट डीएम को भेजी थी। एसडीएम की रिपोर्ट पर 25 अक्टूबर को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नगर पंचायत के ईओ और जेई को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा था, लेकिन दस दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नगर पंचायत सभासद बाबूराम, अमित, नीलू गिरी, मुन्ना असलम, पिंटू उमेश ने बताया कि गौशाला के निर्माण में घटिया सामग्री लगाए जाने के मामले में डीएम ने ईओ और जेई को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा था और सामग्री का सैंपल जांच के लिए लैब भेजा गया। मामले में अभी तक न तो जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की गई है और न ही कोई कार्रवाई हुई है। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो अब मिलकर आंदोलन करेंगे।

> जांच आख्या डीएम को भेज दी है। लैब से जांच रिपोर्ट अभी नहीं मिली है। अब मामला अब जिला स्तर पर है। जिला स्तर से ही कार्रवाई होगी। **-राजीव निगम**, एसडीएम

> सामग्री की जांच रिपोर्ट लैब से आ गई होगी। जांच रिपोर्ट में क्या आया। उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। कारण बताओ नोटिस का जवाब भी अभी दाखिल नहीं किया गया है। **- आरके नागर**, जेई

### गजाही बंदूकों की जंक लगी 11 नालें, 20, तलवारें, एक बल्लम, एक भुजाली मिलीं, निगोही के ढकिया तिवारी का मामला, पुलिस ने सील लगाकर रखवा दिए थाने में

# खेत की जुताई के दौरान मिले सैकड़ों साल पुराने हथियार

संवाददाता, निगोही/ शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** निगोही के गांव ढकिया तिवारी में खेत की जुताई के दौरान हथियारों का जखीरा बरामद हुआ है। इसमें बंदूकों की 11 नालें और 20 तलवारें मिली हैं। बंदूकों में गजाही बंदूकों की नाल भी बताई जा रही है। पुलिस ने हथियारों को कब्जे में ले लिया है। सूचना तिलहर एसडीएम के साथ ही पुरातत्व विभाग को दी गई है। यह क्षेत्र कभी रुहेला सरदारों के राज्य का हिस्सा था।

गांव ढकिया तिवारी निवासी बाबूराम भोजवाल बुधवार सुबह अपने खेत की बैलों से जुताई कर रहे थे, तभी हल जमीन में दबे लोहे के टुकड़े से टकरा गया। बाबूराम ने खोदा तो वहां बंदूक की नाल निकली। और नाल दिखाई दीं तो उन्होंने फावड़े से खोदना शुरू किया। करीब तीन फिट गहराई में 11 नाल, 20 तलवारें, एक बल्लम और एक भुजाली मिली। हथियारों का इतना बड़ा जखीरा मिलने पर बाबूराम अचरज में पड़े गए। उन्होंने पूर्व प्रधान ओमवीर को बताया। ओमवीर ने निगोही थाना प्रभारी अरविंद सिंह चौहान को जानकारी दी। थाना प्रभारी ने गांव पहुंचकर जंक लगे हथियारों को कब्जे में ले लिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि हथियारों को देख कर लग रहा है कि यह 100-200 वर्ष से अधिक पुराने हैं, इनमें गजाही बंदूक की नाले भी हैं। प्रभारी निरीक्षक ने तिलहर एसडीएम को सूचना दी। एसडीएम जीत सिंह राय के निर्देश पर कानूनगो अवधेश वाजपेयी व हल्का लेखपाल विशाल गांव पहुंचे और जानकारी की। देर शाम तक नायब तहसीलदार नीलू कटियार की मौजूदगी में सील लगाकर हथियारों को थाने में रखवा दिया गया। वहीं पुरातत्व विभाग को सूचना दे दी गई है।



ढकिया तिवारी गांव में मिले सैंकड़ों वर्ष पुराने जंक लगे हथियार। ● अमृत विचार

### तलवारों की मूठ बताई जा रही चांदी की

जमीन में दबी मिलीं तलवारों की मूठ की जंक को जब ग्रामीणों ने साफ किया तो सफेद धातु नजर आई। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह मूठ चांदी की है। एक तलवार का वजन लगभग तीन किलो आंका गया है। वहीं बंदूकों की नाल का वजन भी दो से तीन किलो का बताया जा रहा है।

### क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए प्रख्यात रहा है क्षेत्र

एसएस कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. विकास खुराना ने बताया कि यह इलाका क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए प्रख्यात रहा है। 1857 की लड़ाई में अंग्रेजों के खिलाफ गदर की बहुत सी घटनाएं इस क्षेत्र में हुईं। इस संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि इन हथियारों का उस दौर से भी कोई ताल्लुक रहा हो। उस समय लड़ाई के हथियार तलवारें और चंद बंदूकें थीं।अध्ययन के बाद स्थिति स्पष्ट की जा सकेगी।

### रुहेला सरदारों के राज्य का हिस्सा रहा यह क्षेत्र

बड़े-बुजुर्गों ने बताया कि यह क्षेत्र रुहेला सरदारों के राज्य का हिस्सा रहा है। रुहेला सरदार 12 भाई थे, जो दूसरे राजा से हुई लड़ाई में मारे गए थे और इनके एक वफादार कुत्ते की भी हत्या कर दी गई थी। इन 12 भाइयों और कुत्ते की मजार निगोही कस्बे में गांजर वाली जगह पर है। जिस स्थान पर हथियार मिले हैं, वहां से इस इस स्थान की दूरी लगभग चार किलोमीटर है।

### गज से बंदूक में भरा जाता था बारूद

गजाही बंदूक दो नाल की होती थी। इसकी नाल में पहले कागज की टिक्की डाली जाती थी फिर बारूद भरी जाती थी और छर्रा डाले जाते थे। ऊपर से कागज ठूंसा जाता था। लोहे की रॉड (गज) से ठोक दिया जाता था, फिर कोड़ा चढ़ाया जाता था, कोड़े की खूंटी पर तांबे की कैप लगाई जाती थी। ट्रिगर दबाने के साथ ही फायर हो जाता था और नाल से आवाज के साथ-साथ आग निकलती थी।

### 2012 में अंडखेड़ा में मिले थे हथियार

निगोही क्षेत्र के गांव अंडखेड़ा में 21 मार्च 2012 को अजीत सिंह यादव का मकान बन रहा था। मजदूर ने खेत में खुदाई की तो कई हथियारनुमा संरचनाएं मिलीं थीं। पुलिस ने उन हथियारों को कब्जे में ले लिया था। दस किलो तीन सौ ग्राम की दस वस्तुएं थीं। इनमें सात मूर्तियां और दो बर्छियां थीं।

### वर्षों पहले दो एकड़ में था बड़ा बाग

ग्रामीण ओमवीर सिंह के अनुसार जिस जगह पर हथियारों का जखीरा मिला है, वहां दो एकड़ में बाग था। इस बाग के बारे में पुरखे बताया करते थे लेकिन जब होश संभाला तो एक दो पेड़ रह गए थे। यह जगह गांव से काफी ऊंचाई पर थी और ऊबड़-खाबड़ टीला की तरह थी। लगभग 50 वर्ष पहले इन पेड़ों को भी काट दिया गया। परिवार में हिस्सेदारी में जमीन टुकड़ों में बंटती चली गई लेकिन ऊबड़-खाबड़ होने की वजह से खेती नहीं होती थी।

## वृद्धा की कंडे के बटिहा में जलकर मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कंडे के बटिहा में जलकर वृद्धा की मौत हो गयी। बंडा क्षेत्र के गांव उगनापुर निवासी जागेश्वर के मकान के सामने कंडे रखने के लिए बटिहा है। उसे पुआल से ढक दिया था। मंगलवार की रात नौ बजे उसकी मां ललकोरा (70) कमरे में सोने चली गईं। सुबह पांच बजे उसे मां की चीख सुनाई दीं तो बाहर की ओर दौड़ा। देखा कि बटिहा और पुआल में आग लगी हुई थी और मां भी जल रही थी। उसके शोर मचाने पर गांव वाले एकत्रित हो गए और आग को बुझाया। वह गंभीर रूप से झुलसी मां को सीएचसी ले गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।


**बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि., बीसलपुर (पीलीभीत)**

पत्रांक:- बी.के.एस./क्रय/2024-25/1743 दिनांक:- 6/11/2024

**निविदा सूचना**

पेराई सत्र 2024-25 में निम्न कार्यों हेतु अनुभवी पार्टियों से निविदायें अंकित तिथि तक सम्मुख अंकित धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 236/- प्रति निर्धारित मूल्य जमा करने के उपरांत पुनः निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन पर आवश्यकतानुसार निगोसियेशन भी किया जा सकता है।

दिनांक 11.11.2024 (1.) विभिन्न मैन्यूफैक्चरिंग सफाई एवं अन्य कार्य रू. 1000/- (2) ब्वायलिंग हाउस एवं अन्य स्थानों में स्क्रैपिंग व धुलाई कार्य रू. 2000/- (3) विभिन्न 07 फैब्रीकेशन कार्य रू. 5000/-।

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तों में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त ई-निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

डॉ. हरी कृष्ण गुप्ता
प्रधान प्रबन्धक


# कॉन्वेंट स्कूलों को पीछे छोड़ रहे हैं प्राथमिक स्कूल

संवाददाता,गोला गोकर्णनाथ

- बिजुआ के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौसर गुलरिया में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचारः** ब्लॉक बिजुआ के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौसर गुलरिया में ग्राम प्रधान/स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों एवं परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के लिए ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने गोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप जला कर किया।

विधायक अमन गिरि ने कहा कि वर्तमान में प्राथमिक विद्यालय शिक्षा के मामले में कान्वेंट विद्यालयों को पीछे छोड़ रहे हैं। विद्यालय में ग्राम प्रधान भौतिक आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सहयोग करें, जिससे हर अभिभावक अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण करा सके और केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न शिक्षा नीतियों का लाभ बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के बच्चों को मिले। गोष्ठी में बिजुआ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, खंड विकास अधिकारी महावीर प्रसाद, डॉ बच्चू सिंह, वेद दीक्षित, प्रभाकर शर्मा, धीरेंद्र सिंह, जयपाल गौतम, आशीष तिवारी, सतनाम सिंह, अवधेश मिश्र, कलक्टर राज, सोडी भैया, बलराम मौर्य, आशुतोष वर्मा, अनिल वर्मा, संजय सिंह, रमेश वर्मा सुधीर बाजपेई,प्रतिपाल सिंह, सुधीश बाजपेई सहित तमाम अध्यापक एवं प्रधान मौजूद रहे।



नौसर गुलरिया में शिक्षक को सम्मानित करते विधायक अमन गिरि। ● अमृत विचार


**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, सम्पूर्णानगर-खीरी**

**अल्प-कालीन निविदा सूचना**

केवल अनुभवी संविदाकारों से इस मिल समिति में अल्प-कालीन निविदा दिनांक 12.11.2024 तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | इंजेक्शन चैनल पर एक नग वर्टिकल पम्प की फाउन्डेशन के निर्माण कार्य। | रू0 3000/- | रू0 118/- |
| 2 | बैलगाड़ी कॉटो की क्षमता विस्तार 10 टन से 30 टन व प्लेटफार्म विस्तार 10x30 फीट कॉटे की फाउन्डेशन का निर्माण कार्य। | रू0 2000/- | रू0 118/- |
| 3 | ऐश पम्प पर फर्श बनाये जाने का निर्माण कार्य। | रू0 2000/- | रू0 118/- |

निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में मिल से धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य जमा करने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में मिल कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा अधोहस्ताक्षरी को किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सर्व सुरक्षित होगा। प्रधान प्रबन्धक



**बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि., बीसलपुर (पीलीभीत)**

पत्रांक:- बी.के.एस./क्रय/2024-25/1742 दिनांक:- 6/11/2024

**ई-निविदा सूचना**

इस मिल समिति में वर्ष 2024-25 में निम्नलिखित सामानों/कार्यों हेतु अनुभवी पार्टियों से ई-निविदायें अंकित तिथि तक एवं अंकित धरोहर राशि जमा करने के उपरांत आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की नियम एवं शर्तें व विस्तृत विवरण www.etender.up.nic.in से एवं संघ कार्यालय लखनऊ की वेबसाइट www.upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य विवरण | निविदा लोड करने की तिथि सायं 6.55 बजे तक | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि सायं 6.55 बजे तक | टेक्नीकल बिड खोलने की तिथि अपरान्ह 12:00 बजे | कामर्शियल बिड की तिथि अपरान्ह 03:00 बजे | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | मिल या तीन गन्ना क्रय केन्द्रों यथा, सुहेला प्रथम, चुर्रासकतपुर अ. व बैरा से गन्ना परिवरहन कार्य। | 06.11.2024 | 13.11.2024 | 14.11.2024 | 14.11.2024 | 25000/- प्र.क्रय केन्द्र |
| 02. | विभिन्न क्षमता के लोड सेल तथा जक्शन बाक्स की आपूर्ति। | 06.11.2024 | 13.11.2024 | 14.11.2024 | 14.11.2024 | 10000/- प्र.क्रय केन्द्र |
| 03. | नया विन्डो सर्वर तथा स्पेयर पार्टस | 06.11.2024 | 13.11.2024 | 14.11.2024 | 14.11.2024 | 3000/- प्र.क्रय केन्द्र |

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तों में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त ई-निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

डॉ. हरी कृष्ण गुप्ता
प्रधान प्रबन्धक



**कार्यालय ग्राम पंचायत ओयल देहात विकासखंड बेहजम खीरी**

पत्रांक:- मेमो/निविदा/मनरेगा वर्ष 2024- 25 दिनांक:- 6/11/2024

**अति अल्पकालीन निविदा**

जनपद के समस्त पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि विकासखंड बेहजम वर्ष 2024-25 के अंतर्गत मनरेगा योजना अंतर्गत निम्नलिखित सामग्री की दरों की आवश्यकता है आपूर्ति ग्राम पंचायत मद में कराए गए कार्यों पर कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। रजिस्टर्ड इच्छुक फार्म आपूर्तिकर्ता जिनका रजिस्ट्रेशन जीएसटी/इनकम टैक्स में पंजीकृत हो उन्हीं के द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर निविदा आमंत्रित की जानी है जिनकी निविदा बिक्री 07/11/24 से 12/11/24 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में कि जावेगी। जो 13/11/24 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा टेंडर बॉक्स में 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाएंगी। जिन्हें 13/11/24 को अपराहन 4:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदादाता व उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा स्वीकृत होने के पश्चात समय-समय पर धन राशि की उपलब्धता के आधार पर आपूर्ति आदेश प्रथक से जारी किए जाएंगे।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 01. | परवन सिंह पुरवा में मुनेश सिंह के मकान से रामखेलावन के मकान के पास तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | आवश्यकता अनुसार | 998557.00/- |

बीना सिंह (ग्राम प्रधान) ग्रा. पं. ओयल देहात बेहजम खीरी | तकनीकी सहायक अजीत सिंह पटेल | सुमन यादव (ग्राम विकास अधिकारी) ग्रा. पं. ओयल देहात बेहजम खीरी


## यूनिवर्सिटी के छात्रों से कराया जाएगा सोशल ऑडिट

संवाददाता,गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** बेसिक स्कूलो की सोशल ऑडिट ऑफ समग्र शिक्षा के अंतर्गत इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के तहत जिले में सोशल ऑडिट का कार्य पूरा किया जाना है। नगर पालिका परिषद में छात्रों को प्रशिक्षकों ने सोशल आडिट का प्रशिक्षण दिया है।

सरकार ने जिले के प्रथम चरण में 20 प्रतिशत विद्यालयों का सोशल ऑडिट होना निश्चित किया गया है। जिसके उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद में मीटिंग सम्पन्न हुई। जिसमें आये हुए क्लस्टर सोशल ऑडिटर को सॉफ्ट के बारे में जानकारी प्रदान की गई। मीटिंग में जिला प्रभारी रोहित कुमार, मास्टर ट्रेनर प्रथम रवि प्रकाश, मास्टर ट्रेनर द्वितीय अनुज अवस्थी ने बताया कि यह काम भारत सरकार के निर्देश पर किया जाना है और इस सोशल ऑडिट के लिए यूनिवर्सिटी के छात्र लगाए जाएंगे।

## हाईटेंशन लाइन से टकराकर मोर की मौत

**केशवापुर, अमृत विचारः** मोहम्मदी वनरेंज की बिलहरी बीट के अंतर्गत ग्राम शेरपुर में राष्ट्रीय पक्षी मादा मोर 11 हजार की विद्युत लाइन से टकरा गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। किसान नेता अंजनी कुमार दीक्षित की सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने मोर को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए लें गये है। वन दरोगा माया प्रकाश वर्मा ने बताया कि मोर का पोस्टमार्टम कराने के पश्चात राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। रितेश मिश्रा, बृजबिहारी शुक्ला, आशीष कुमार आदि घटनास्थल पर मौजूद रहे।

### सीएचसी में प्रमोद साहनी का बना पहला आयुष्मान कार्ड

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** गोला सीएचसी में 70 साल की उम्र के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनना शुरू हो गए हैं। बुधवार को पंजाबी कॉलोनी निवासी प्रमोद साहनी के आयुष्मान कार्ड का पहला प्रिंट निकाला गया। सीएचसी में आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया काफी दिनों से चल रही है। इधर सरकार के आदेश पर 70 वर्ष की उम्र से लेकर इससे अधिक उम्र तक के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। जिसकी प्रक्रिया बुधवार को शुरू हुई तो पंजाबी कॉलोनी निवासी प्रमोद साहनी अपनी पत्नी के साथ सीएचसी पहुंचे जहां प्रमोद साहनी का पहला प्रिंट निकला और दूसरा प्रिंट उनकी पत्नी शशि साहनी का निकला जिससे वह खुशी से झूम उठे।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, पीलीभीत**

पत्रांक / दि0 /10/2024

**अल्पकालीन ई0-निविदा आमंत्रण सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग के द्वारा जो मार्ग वर्षा एवं बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गये, आम जनमानस को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई-निविदा प्रतिशत दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेवसाइट/पोर्टल पर दिनांक 08.11.2024 से दिनांक 19.11.2024 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी विड दिनांक 19.11.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।
2.

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत (लाख रू0 में) | | | विड सिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुमानित लागत | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत | कुल अनुमानित लागत | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 7 | 7 |
| 1 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत नॉद से देव स्थल जमुनिया ता0 ईटगॉव सम्पर्क मार्ग प्रथम भाग सम्पर्क मार्ग। | 29.15 | 2.15 | 31.30 | 3.13 | रू0 944.00 | 03 माह | A, B, C & D (Road Work) |
| 2 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत कुरैया खुर्द से मकरन्दपुर सम्पर्क मार्ग। | 25.30 | 1.10 | 26.40 | 2.64 | रू0 944.00 | 03 माह | |
| 3 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत दियोहना मार्ग से आमडंडा वाया पट्टी सम्पर्क मार्ग। | 28.95 | 2.18 | 31.13 | 3.12 | रू0 944.00 | 03 माह | |
| 4 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत परेई पुलिया से उमरिया सम्पर्क मार्ग। | 21.50 | 0.55 | 22.05 | 2.05 | रू0 944.00 | 03 माह | |

3-निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉन ऑन किया जा सकता है।

(एस0के0 जैन) अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लोनिवि, पीलीभीत

UP-221737 दिनांक 05.11.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0, सीतापुर**

पत्रांक 5937 /352सी/ई-टेण्डर-सी0खी0/2024-25 दिनांक 24.10.2024

**निविदा सूचना (ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस) प्रथम आमन्त्रण**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में "सेतु वर्ग" में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद/खण्ड का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | खीरी/प्रा0खं0 | जनपद लखीमपुर खीरी में लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग (प्र0जि0मा0-14) के कि0मी0-38 में स्थित कठिना नदी पर पूर्व निर्मित सेतु के तटबन्ध मरम्मत एवं सुरक्षात्मक कार्य | 83.00 | 6.15 | 2715.00 | 02 Month | A B |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 08.11.2024 से 19.11.2024 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 19.11.2024 को समय अपराह्न 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 19.11.2024 को अपराह्न 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(तरूणेन्दु त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
लखीमपुर खीरी

(सुभाष चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0,
सीतापुर।

UP-221756 दिनांक 05.11.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


## फर्जीवाड़ा रोकने को छात्रवृत्ति के लिए बॉयोमिट्रिक प्रणाली अनिवार्य

**बरेली कार्यालय,अमृत विचार :** विद्यार्थियों को छात्रवृति का लाभ अब बॉयोमिट्रिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही मिल सकेगा। व्यवस्था में फर्जीवाड़े को रोकने और पारदर्शिता लाने के लिए बॉयोमिट्रिक प्रणाली लागू की गई है। समाज कल्याण विभाग ने कॉलेजों के नोडल अधिकारी बनाए गए प्रधानाचार्यों की बॉयोमिट्रिक कराने शुरू करा दी है। दरअसल, अभी तक बिना बॉयोमिट्रिक हाजिरी लगाए ही छात्र-छात्राओं को छात्रवृति जारी कर दी जाती थी, जिससे कई बार गड़बड़ियां भी सामने आईं। यही वजह है कि सरकार ने इस बार बॉयोमिट्रिक वेरिफिकेशन सिस्टम लागू कर दिया है। इसके तहत अब छात्र-छात्राओं को स्कूल, कॉलेजों में जाकर अपने अंगूठे का निशान देना होगा। इस व्यवस्था को लागू कराने की जिम्मेदारी जिला स्तर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी दी गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि कक्षा से 9 से हाईस्कूल , इंटर, बीए, एमए, विभिन्न कोर्स करने वाले छात्र, मेडिकल, पैरामेडिकल, इंजीनियरिंग, आईटीआई आदि के विद्यार्थियों को छात्रवृति का लाभ मिलता है। कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उनकी बॉयोमिट्रिक कराने के लिए कार्यालय पर बुलाया जा रहा है। अब तक लगभग 400 शिक्षण संस्थानों के नोडल अधिकारियों की बॉयोमिट्रिक हो चुकी है। इसके बाद नोडल अधिकारी छात्र-छात्राओं की बॉयोमिट्रिक हाजिरी लगवाएंगे, जिससे इस बात की जानकारी हो सकेगी कि कितने छात्र-छात्राएं आते हैं और कितने गैर हाजिर रहते हैं। उसी के अनुसार, छात्रवृति का लाभ दिया जाएगा। विद्यार्थियों का अंगूठा लगने के बाद डाटा को जांच के लिए लखनऊ भेजा जाएगा। वहां पर जांच के बाद ही जिला समाज कल्याण विभाग को छात्रवृत्ति देने के आदेश दिए जाएंगे।


**पब्लिक नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती समर सुल्ताना पत्नी श्री नाजिम खान व सैय्यद वासिब अली पुत्र श्री हसनैन मियां, निवासीगण वार्ड नं. 13 आवास विकास कॉलोनी हल्द्वानी जिला नैनीताल उत्तराखण्ड ने एक किता मकान रकबई 67.64 वर्ग मी0 बाके मोहल्ला शाहबाद पर0 तह0 व जिला बरेली को एस.एम.एफ.जी. इण्डिया होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड में बंधक कर लोन ले रहे हैं, श्रीमती समर सुल्ताना व सैय्यद वासिब अली ने उक्त सम्पत्ति श्रीमती आलिया बेगम पत्नी श्री शब्बू खां से द्वारा बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 08.04.2024 वही सं0-1 जिल्द संख्या- 15428 पृष्ठ संख्या-295 से 314 क्रमांक 5458 स0र0 बरेली में हुई क्रय की थी। उल्लेखनीय है कि उक्त सम्पत्ति श्रीमती आलिया बेगम पत्नी श्री शब्बू खां ने द्वारा बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 07.04.2005 वही सं.-1 जिल्द संख्या-1147 पृष्ठ संख्या- 13 से 26 क्रमांक 2546 स.र. बरेली में हुई इकरारी मोहम्मद तसलीम पुत्र श्री हफीज खां से क्रय की थी, उक्त सम्पत्ति मोहम्मद तस्लीम पुत्र हफीज खां को अपनी समी मां मुसम्मात कामिनी बेगम पत्नी श्री हफीज खां से द्वारा हिबाजुबानी प्राप्त हुई थी जिसको दिनांक 20.09.1988 को लिपिवद्ध करके दिनांक 20.09.1988 को नोटरी किया गया। अब श्रीमती समर सुल्ताना व सैय्यद वासिब अली उक्त सम्पत्ति को एस0एम0एफ0जी0 इण्डिया होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड में बंधक कर लोन ले रहे हैं, उक्त सम्पत्ति पर लोन लेने के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

अमिताभ भंज, एडवोकेट
कार्यालयः- चैम्बर नं. 11 बड़ा वकालतखाना
सिविल कोर्ट, बरेली सूचीबद्ध अधिवक्ता



**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पीलीभीत**

पत्रांक: एस.एस.ए./आर.टी.ई./6069-70/2024-25 दिनांक: 06.11.2024

**गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों के प्रवेश के संबंध में विज्ञप्ति**

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा उ.प्र. लखनऊ के पत्रांक आर.टी.ई./न.प्र.-02/5623/2024-25 दिनांक 18 सितम्बर 2024 के अनुपालन में उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या 982/79-5-2016-29/2009 टी.सी.-11 दिनांक 03 मार्च, 2016, शासनादेश संख्या 78/79-6-2017 दिनांक 20 जनवरी, 2017 एवं पत्रांक 3J/सामु.सह./आर.टी.ई./4960/2016-17 दिनांक 06 फरवरी 2017 के द्वारा निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम- 2009 की धारा 12 (1) (ग) के अन्तर्गत गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा-01/पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश दिये जाने की प्रक्रिया ऑनलाइन आवेदन एवं लाटरी के माध्यम से प्रारम्भ की जानी है, सन्दर्भित शासनादेश के क्रम में वर्ष 2025-26 में प्रवेश हेतु निम्नवत् समय सारिणी नियत् है जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| चरण | आवेदन करने की तिथियां | सत्यापनोपरान्त लॉक करने की अन्तिम तिथि | लॉटरी निकालने की तिथि | प्रवेश कराये जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण | 01 दिसम्बर 2024 से 19 दिसम्बर 2024 तक | 20 दिसम्बर 2024 से 23 दिसम्बर 2024 तक | 24 दिसम्बर 2024 | 27 दिसम्बर 2024 |
| द्वितीय चरण | 01 जनवरी 2025 से 19 जनवरी 2025 तक | 20 जनवरी 2025 से 23 जनवरी 2025 तक | 24 जनवरी 2025 | 27 जनवरी 2025 |
| तृतीय चरण | 01 फरवरी 2025 से 19 फरवरी 2025 तक | 20 फरवरी 2025 से 23 फरवरी 2025 तक | 24 फरवरी 2025 | 27 फरवरी 2025 |
| चतुर्थ चरण | 01 मार्च 2025 से 19 मार्च 2025 तक | 20 मार्च 2025 से 23 मार्च 2025 तक | 24 मार्च 2025 | 27 मार्च 2025 |

नोटः- 1. समस्त आवेदनों की लॉटरी निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार एक साथ ही रखी जायेगी। 2. ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट www.rte25.upsdc.gov.in पर किया जायेगा। उपरोक्त वेबसाइट पर सुसंगत शासनादेश एवं आवेदन पत्र का प्रारूप उपलब्ध है। 3. कूटरचित अभिलेखों/पत्राजातों एवं तथ्यों को छिपाकर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे तथा विधिक कार्यवाही भी की जायेगी जिसका समस्त उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का स्वयं होगा।

अमित कुमार सिंह
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
पीलीभीत



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक 9658/7निविदा(सी0डी0-2)(ई-टेण्डर)-08/2024-25 दिनांक 24/10/2024

**अल्पकालीन ई0-निविदा आमंत्रण सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ/पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, बदायूँ के क्षेत्र के अन्तर्गत जो मार्ग वर्षा एवं बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गये हैं, आम जनमानस को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई-निविदा प्रतिशत दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेवसाइट/पोर्टल पर दिनांक 08.11.2024 से दिनांक 19.11.2024 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी विड दिनांक 19.11.2024को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत (लाख रू0 में) | | | विड सिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवष्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुमानित निर्माण लागत | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत | कुल अनुमानित लागत | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | जनपद-बदायूँ में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अंतर्गत बढ़ोभर कुईंया प्र0/द्वि0बिल्सी मार्ग से भरकुईंया मार्ग। | 89.00 | 5.60 | 94.60 | 6.75 | 2714.00 | 05 माह | A & B (Road Work) |
| 2 | जनपद-बदायूँ में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अंतर्गत बदायूँ बरेली मार्ग से दिउरियाजीत सम्पर्क मार्ग। | 50.00 | 3.10 | 53.10 | 4.70 | 2714.00 | 03 माह | A, B & C (Road Work) |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(देवपाल सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0,बदायूँ

(के0के0सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0,बरेली

UP-221762 दिनांक 05.11.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्य प्रियवादिनी च।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनार्जन करने वाली विद्या का ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं।

## संपादकीय

# असाधारण वापसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना और सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के प्रमुख कमांडर के रूप में अपनी भूमिका को फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने बुधवार को दूसरी बार राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की जिसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा जा रहा है। बुधवार को ट्रंप को उनकी जीत पर बधाई देते हुए दुनिया भर के नेताओं ने उनकी वापसी को इतिहास की सबसे बड़ी वापसी कहा है। चुनाव में जीत हासिल करके ट्रंप ने सिद्ध कर दिया कि वे राजनीति में एक बड़े खिलाड़ी थे और रहेंगे। वह पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन्हें आपराधिक आरोपों में दोषी करार दिए जाने के बाद भी इस पद के लिए नामांकन का अवसर मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। ट्रंप अगले वर्ष जनवरी में कार्यभार संभालेंगे। ट्रंप की जीत के बाद भारत के संदर्भ में कई ऐसे सवाल हैं, जो सामने आना शुरू हो चुके हैं। ट्रंप प्रशासन के नेतृत्व में भारत अमेरिका के रिश्तों पर क्या असर पड़ेगा?

गौरतलब है कि दीपावली के अवसर पर ट्रंप ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताया था। उन्होंने भारत और अमेरिका के संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही अपनी सरकार आने पर दोनों देशों के बीच की साझेदारी को और आगे बढ़ाने का वादा किया। चीन मामले में भी ट्रंप ने भारत का समर्थन किया है। पिछली बार ट्रंप के कार्यकाल में ही इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीनी प्रभाव का मुकाबला करने के लिए अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच सुरक्षा साझेदारी क्वाड को मजबूत किया गया था। हालांकि भारत के प्रति ट्रंप की वीजा नीति प्रवासियों के लिए काफी मुश्किलें पैदा कर सकती हैं। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में एच-1 बी वीज़ा नियमों पर सख्ती दिखाई थी। इसका भारतीय पेशेवरों और टेक्नोलॉजी कंपनियों पर असर दिखा था। अगर ये नीति जारी रही तो भारतीयों के लिए अमेरिका में नौकरियों के अवसर कम होंगे। महत्वपूर्ण है कि भारत और अमेरिका के बीच एक मजबूत व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है, जो लंबे समय से साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, साझा हितों और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों पर आधारित है। ऐसे में भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग और बेहतर व मजबूत होने की संभावनाएं हैं।

# कैंसर से जंग की नई उम्मीदें



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टेबलेट विकसित की है, जिसमें मुख्य बातें ये हैं कि विकसित की गई टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानी कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और दवाओं ने कई असाध्य रोगों पर विजय प्राप्त कर ली है, लेकिन खतरनाक कैंसर सभी चिकित्सा विधियों को चकमा देकर आगे बढ़ने वाला रोग साबित हुआ है। पिछले 20 सालों में दुनियाभर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। भारत में कैंसर के मामलों पर किए गए और बीएमसी कैंसर जर्नल में प्रकाशित आइसीएमआर (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद) के 2022 के एक अध्ययन ने अनुमान जाहिर किया कि 2025 तक भारत में कैंसर के 2.98 करोड़ मामले हो सकते हैं। ये नीति आयोग के अनुमान के हिसाब से इस साल भारत की 1.4 अरब आबादी की दो फीसदी होगी।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी एक प्रकार का कैंसर उपचार है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने व नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है। उधर कैंसर के इलाज में भारतीय मसाले बेहद कारगर हैं। आईआईटी मद्रास के अनुसंधानकर्ताओं ने कैंसर के इलाज के लिए इनका पेटेंट करवाया है। 2028 तक बाजार में उपलब्ध होने की उम्मीद है। मुंबई स्थित देश के सबसे बड़े टाटा मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर की तरफ से अब इस जानलेवा बीमारी को लेकर एक उम्मीद जगाने वाली खबर सामने आई है। मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर के एक शोध में यह दावा किया गया है कि उन्होंने कैंसर की एक बेहद किफायती संभावित दवा ढूंढ ली है, जो कैंसर सेल्स को फिर से बढ़ने से रोक सकती है और कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में सहायक है।

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टेबलेट विकसित की है, जिसमें मुख्य बातें ये हैं कि विकसित की गई टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानी कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा। यह टैबलेट कीमोथेरेपी जैसे ट्रीटमेंट के बुरे प्रभावों को 50 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। कैंसर के दोबारा बढ़ने या होने से रोकने के लिए संभावित दवा हो सकती है। कैंसर के दोबारा होने की संभावना को 30 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। टाटा रिसर्च ने जो दवा विकसित की है डॉक्टर्स करीब 12 साल से काम कर रहे हैं। चूहों पर प्रयोग कर इस दवा का सकारात्मक असर दिखा। कैंसर ट्रीटमेंट के दुष्परिणामों पर असर का परीक्षण चूहों और इंसानों दोनों पर किया गया, लेकिन इसकी रोकथाम का परीक्षण अभी सिर्फ चूहों पर किया गया है। इसके लिए मानव परीक्षण यानी ह्यूमन ट्रायल पूरा करने में लगभग पांच साल यानी 2028 तक का समय लगेगा। लोगों को इसका लाभ मिलने के लिए कुछ वर्षों तक इंतजार करना पड़ सकता है।



राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस

वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में कई दशकों से काम करने वाली संस्था डीएस रिसर्च सेंटर ने पोषक ऊर्जा से कैंसर की औषधि तैयार करके यही काम किया है। वैज्ञानिक परीक्षणों में भी इस औषधि के नतीजे बेहतर पाए गए हैं। कोलकाता के जाधवपुर विश्वविद्यालय के नैदानिक अनुसंधान केन्द्र (सीआरसी) के निदेशक डॉ. टीके चटर्जी के अनुसार- 'डीएस रिसर्च सेंटर की पोषक ऊर्जा से तैयार की गई औषधि सर्वपिष्टी के पशुओं पर किए गए परीक्षण के परिणाम उत्साहजनक पाए गए हैं। यदि पशुओं के शरीर पर सर्वपिष्टी का प्रयोग किए जाने के बाद सीआरसी ने उत्साहजनक परिणाम प्राप्त किए हैं तो ऐसे ही परिणाम इसे मानव शरीर पर प्रयोग करने से भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो कैंसर उपचार के इतिहास में युगांतकारी घटना होगी। सीआरसी विभिन्न रोगों के लिए दवाइयों का नैदानिक परीक्षण करता है।

इसी सिलसिले में उन्होंने सर्वपिष्टी का भी नैदानिक परीक्षण किया था। किसी दवाई की प्रभावकारिता का स्तर सुनिश्चित करने के लिए सामान्यतः दो प्रकार का परीक्षण किया जाता है- पहला, औषधीय (फार्माकोलॉजिकल) परीक्षण और दूसरा, विष विद्या संबंधी (टॉक्सिकोलॉजिकल) परीक्षण। ये परीक्षण आयातित सफेद चूहों पर किए गए। पशु शरीर में कैंसर कोशिकाओं को प्रविष्ट कराया गया और जब ट्यूमर निर्मित हो गया तब हमने दवा देना शुरू किया। 'पोषक ऊर्जा' के परीक्षण की स्थिति में 14 दिनों बाद जो प्रतिक्रिया देखी गई उनमें कोशिकाओं की संख्या स्पष्ट रूप से कम होना शुरू हो गई थी। पशु शरीर में कोई अल्सर पैदा नहीं हुआ। ट्यूमर विकास दर 46 प्रतिशत तक कम हो गई थी और दवाई की विषाक्तता लगभग शून्य थी। ऐसे सकारात्मक परिणाम हाल के समय में नहीं देखे गए थे। इस औषधि में कैंसर को रोकने और उससे लड़ने की अपरिमित संभावनाएं हैं।'

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी, लेकिन डीएस रिसर्च सेंटर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सन्निहित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं इसलिए वे औषधियां मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वथा अनुकूल थीं। यहां तक कि औषधि के सेवन का माध्यम भी दुग्ध शर्करा को बनाया गया था, जो एक मानवीय भोज्य है और स्वास्थ्य पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। डीएस रिसर्च सेंटर के संस्थापक वैज्ञानिक डॉ. उमाशंकर तिवारी के अनुसार सर्वपिष्टी कोई औषधीय सूत्र नहीं है, बल्कि पोषक ऊर्जा वर्ग की औषधीय का प्रतिनिधित्व करती है। सन 1982 में सेंटर ने कैंसर की औषधि तैयार की। इस औषधि के परीक्षण के लिए प्रारंभ से ही नीति बनी कि केवल ऐसे रोगियों की तलाश की जाए, जिन्हें अस्पताली चिकित्सा के धर्मकांटे ने चिकित्सा के लिए अयोग्य मानकर अंतिम रूप से छोड़ दिया हो। खोजबीन करके इस तरह के रोगियों तक पोषक ऊर्जा की खुराकें पहुंचाई जाने लगी। उन्हें यह भी कह दिया गया कि अपने कष्टों के लिए और स्वास्थ्य के विकास के लिए जो भी औषधियां वे लेते रहे हैं उन्हें लेते रहें। सेंटर के वैज्ञानिक तिवारी के निर्देशन में परीक्षण अभियान शुरू हुआ। अंततः औषधि की सफलता और उसके प्रभाव-परिणाम की सकारात्मकता, रोगियों के अपने अनुभवों तक सीमित नहीं रही, वह जांच रिपोर्टों से भी प्रमाणित हुई और पारंपरिक चिकित्सा के वर्तमान सूत्रधारों को अक्सर विस्मित भी करती रही, पर यह औषधि बाजार में उपलब्ध नहीं है।

हमारे भोजन में प्रयोग होने वाले मसालों से तैयार नैनोमेडिसिन ने फेफड़े स्तन सर्विकल, मुख, बृहदांत्र व थॉयराइड सेल लाइन के खिलाफ कैंसर रोधी गतिविधि दिखाई है, लेकिन ये सामान्य कोशिकाओं के लिए सुरक्षित है। पशुओं पर यह अध्ययन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है, अब क्लिनिकल ट्रायल की तैयारी चालू है। प्रोफेसर नागराज नैनो इमल्शन की स्थिरता महत्वपूर्ण विचार था। हालांकि कैंसर कोशिकाओं के साथ सक्रिय अवयवों व उनके संपर्क के तरीकों की पहचान करने के लिए और अधिक अध्ययन प्रयोगशालाओं में जारी रखेंगे। वास्तव में पारंपरिक कैंसर उपचार में थेरेपी की तुलना में नैनो-ऑन्कोलॉजी के ढेरों फायदे तो हैं ही, इसके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। अपने भोजन में इन मसालों का महत्व हमेशा से है। हमारी रसोई में हल्दी, जीरा, मेथी, इलायची, काली मिर्च, अजवाइन, तेजपत्ता व गरम मसालों की मौजूदगी बताती है। हम पुरातन वक्त से इनके महत्व को समझ रहे हैं। इस तरह से तैयार की जाने वाली दवाएं बेहद सुरक्षित साबित हो सकती हैं। साथ ही इन मसालों के शुद्ध रूप को रोजाना के भोजन में शामिल कर हम इन रोगों से खुद को सुरक्षित रखने के प्रयास भी कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# शारदा सिन्हा का पान भी सुरीला था



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

छठ मईया की आवाज, लोकसंगीत की लता मंगेशकर, स्वर कोकिला, बिहारी माटी की सुगंध, भोजपुरी-मैथिली गीतों की पवित्रता, मां शारदा की शक्ति, जैसी पहचान बनाने वाली शारदा सिन्हा का जिक्र और गीत गूंज रहे हैं। ये छठ महापर्व का शोक काल है। उनके कई गीत भावुक कर देते हैं, छठ की संगीतमय फिजाओं में शारदा की विदाई बेहद भावुक करने वाली है।

आस्था को चरम पर पहुंचाने वाले उनके गीतों की स्वर लहरियां जब फिजाओं में तैर रहीं हैं। ऐसे में उनकी रुखसती ने कइयों को रुला दिया। त्योहारों के अलावा मांगलिक आयोजनों में भी बिहार की इस स्वर कोकिला के गीत गूंजे बिना यहां सब कुछ अधूरा सा लगता है। सुपर हिट फिल्म- 'मैंने प्यार किया' के अलावा दर्जनों फिल्मों में भी उनके लोकगीतों ने धमाल मचा दिया था। साड़ी, बिंदी, सिंदूर। भारतीय संस्कारमय महिला का रूप, मां का स्वरूप शारदा ने छठ मईया की आस्था को भावनात्मक परंपराओं की उन ऊंचाइयों तक पंहुचा दिया, जहां आस्था के आगे कोई टिक ही नहीं सकता। पाश्चात्य संस्कृति की गोद में रहने वाले बिहार, यूपी, झारखंड इत्यादि सूबों के एनआरआई भी छठ पर्व पर शारदा के गीत सुनने की तलब में बेचैन हो जाता है, उनकी एक धुन से तड़प उठते हैं। धर्म, आस्था, सनातन धर्म और अपनी जड़ों की तरफ खिंचे चले आते हैं। जैसे उनकी मिट्टी की सुगंध उन्हें आवाज दे रही हो। ये बेचेनी साबित करती है कि किसी भी धर्म की आस्था तलवार की रक्षा से नहीं, सत्ता के स्वार्थ वाली धर्म-जाति की राजनीति से नहीं, बल्कि संगीत की ताकत से सुरक्षित होती है, आगे बढ़ती है और फलती-फूलती है।

धर्म कोई भी हो पारंपरिक धुन, लय, गीत और संगीत की परंपराओं से धार्मिक आस्था परवान चढ़ती है। सनातन, सिख, क्रिश्चियनिटी तो छोड़िए इस्लाम धर्म तक में धुनों के बिना मजहबी अरकान अधूरे हैं। हालांकि इस्लाम के बहत्तर फिरकों में कुछ संगीत को गैर इस्लामी मानते हैं। जबकि अजान तक रिदम और लय के बिना अधूरी समझी जाती है। कुरआन की तिलावत भी लयबद्ध होती है। मिलाद, नात, कव्वाली, सलाम, पेशखानी, मातम, नौहा ख्वानी सबमें संगीत है, लय, रिदम और धुन के साथ ही ये आस्था में धार पैदा करते हैं। परंपराएं शुरू करते हैं, जो अटूट बन जाती हैं। ये रवायतें लोगों को खींचती हैं, जोड़ती हैं और आकर्षित करती हैं। शारदा सिन्हा ने अपने गीत-संगीत और मधुर आवाज की जादूगरी से सनातन धर्म की सेवा की, रक्षा की और पाश्चात्य युग में भी नई पीढ़ी को संगीत के माध्यम से धार्मिक परंपराओं से जोड़ा। क्योंकि संगीत में जोड़ने की जो शक्ति है वो तलवार से डराकर, सियासत से रिझाकर भी नहीं पैदा की जा सकती।

संगीत फेविकोल से कहीं अधिक जोड़ना की ताकत रखता है। चौबीस बरस पहले भी शारदा सिन्हा की तूती बोलती थी, उस जमाने में लखनऊ महोत्सव में देश के नामी-गिरामी कलाकार महोत्सव की रौनक बनते थे। यहां उनकी परफार्मेंस थी। गोमती होटल में वो ठहरी थीं। महोत्सव के दौरान लखनऊ के सांस्कृतिक संवाददाता बहुत व्यस्त रहते थे। मैं भी व्यस्त था। उन दिनों पान की लत थी। ये लत लगाई थी लखनऊ के जागरण चौराहे पर दीवान पान वाले ने। आजकल जिस चौराहे पर पुलिस बूथ है यहां दीवान की बड़ी सी पान की गुमटी हुआ करती थी। दीवान के पान की दीवानगी ये थी कि उसके हाथ के लगे पान के अलावा कहीं का पान अच्छा नहीं लगता था। उस दिन व्यस्तता के कारण उसके हाथ का लगा पान नहीं खा सका था। गोमती होटल में शारदा सिन्हा का इंटरव्यू लेने गया। बात करते-करते उन्होंने अपना पानदान निकाला और पान निकालकर खाया। बताया कि वो ये छोटा सा पानदान हमेशा अपने पास रखती हैं। बात करते-करते मैं रुक गया और मेरी लालच भरी निगाहों को उन्होंने ताड़ लिया। बोलीं-पान खाना है? झिझक से बोला जी खिला दीजिए। उनका पान खाकर दीवान का पान का स्वाद फीका पड़ गया। उनके पान में ऐसी मुलायमियत, ताजगी और अपनी मट्टी के सौंधे पन जैसा संगीत था। इतना स्वादिष्ट और सुरीले पान का स्वाद आज भी महसूस करता हूं।

चौबीस बरस हो गए अभी भी मुंह में उनके पान का स्वाद है। छठ महापर्व पर जब-जब शारदा सिन्हा के गीत कानों तक पहुंचे मुंह में उनके पान का स्वाद ताजा हो गया। सच तो ये है कि मां शारदा की भक्तन शारदा सशरीर नहीं रहीं, लेकिन उनकी आवाज, लोकगीत, धुने, भक्ति हमेशा जीवित रहेगी। छठ हो, मांगलिक कार्य या जीवन का संघर्ष, हर मौके पर शारदा सिन्हा का लोकसंगीत मिट्टी की सुगंध के साथ महकता रहेगा।

# पहाड़ों का मौन संघर्ष



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

यह सिस्टम, यह समाज क्या कभी इन आवाजों को सुन पाएगा या केवल उन्हें इसी दर्द के साथ जीने का हुक्म देगा?

अल्मोड़ा में बीते दिनों फिर एक बस, किसी पुरानी घड़ी की टूटी सुई की तरह, खाई में गिर गई। हर बार की तरह, इस बार भी बस में भीड़ थी, उतनी ही जितनी अमूमन होती है- जैसे लोग अपनी जिंदगियों का बोझ साथ लेकर चल रहे हों और मौत एक बेजान पहरेदार हो, जो हर मोड़ पर मौन घात लगाए बैठा है। बसें तो वैसे भी पहाड़ों में उस संयम से नहीं दौड़तीं, जैसा मैदानों में।

यहां की बसें, अनियमित हैं-कभी आती हैं, कभी नहीं। लोग अपने भाग्य को बस की सीट पर यूं फेंक देते हैं, जैसे कोई सिक्का उछालते हों, जिसमें सामने मौत और पीठ पर जिंदगी हो। कोई विकल्प नहीं है उनके पास, शायद पहाड़ों ने उन्हें यही सिखाया है कि भीड़-भाड़, अनिश्चितता और असुरक्षित सफर ही उनकी नियति है। सरकार का ध्यान इस पर क्यों नहीं जाता कि इन संकरे रास्तों पर हर मोड़ पर एक बैरियर की जरूरत है। यहां हर खाई जैसे चुपचाप इंतजार कर रही है-किसी अनजान यात्री के लिए, जो उसे भरने आ सके। क्या ये सारे सुरक्षा उपाय, ये मापदंड, केवल आंकड़ों तक सीमित हैं? इस तरह जैसे पहाड़ों ने अपनी नियति को स्वीकार कर लिया हो, यहां हर सफर एक अंतिम सफर की तरह लगता है।

रात का अंधेरा...वह पहाड़ों का अपना है, जो रास्तों को मौन की चादर में लपेट देता है। इन अंधेरी सड़कों पर रोशनी नहीं है, शायद यह संदेश देने के लिए कि अंधेरा ही यहां का स्थाई साथी है। समय जैसे ठहर जाता है और हर मोड़ पर जिंदगी कहीं खो सी जाती है। बसें जब गुजरती हैं तो जैसे कोई प्राचीन गाथा की प्रतिध्वनि सुनाई देती है, जो हर साल थोड़ी और धुंधली होती जाती है। हर साल सरकार बजट बनाती है, जिनमें पर्वतीय क्षेत्रों का भी जिक्र होता है, लेकिन यह बजट किस खाई में गिरकर खो जाता है, यह सवाल हर पहाड़ी के दिल में कहीं चुपचाप बैठा है। वे अनायास ही इस खोखले आश्वासन को महसूस करते हैं, जैसे कोई बरसात के बाद की कुहासा हो, जो कुछ पल को तो दिखे, लेकिन छूते ही बिखर जाए। ये संकरी सड़कें बस प्रतीक्षारत हैं, जैसे किसी ने उनके हिस्से का इंतजार उन पर थोप दिया हो और बस दुर्घटनाएं हैं, जो उनकी जीवंतता की याद दिलाती हैं।

अस्पताल, जैसे एक ऐसी उम्मीद, जो खुद अपने अस्तित्व को लेकर अनिश्चित है और फिर वही परिचित घटना। कोई हादसा होता है, अधिकारी आते हैं, निरीक्षण करते हैं और कुछ आश्वासनों के कागजों पर हस्ताक्षर करके लौट जाते हैं। ऐसा लगता है जैसे पहाड़ के लोग केवल दुर्घटनाओं का इंतजार करें और उनके दर्द को किसी पुराने इतिहास के धूल भरे पन्नों में दफन कर दिया जाए। लोग कुछ दिनों के शोक में डूबते हैं और फिर इस दुख को कहीं गहरे छिपा लेते हैं। यह मान लिया गया है कि पहाड़ के लोग बस यूं ही जिएं, जैसे जीवन एक लंबा रास्ता हो, जिसमें हर मोड़ पर एक खाई इंतजार कर रही है। पहाड़ों में असुरक्षा एक अनिवार्य सत्य बन गई है। यहां हर दिन लोग इस अनिश्चितता के बीच रहते हैं- भीड़ से भरी बसों का सफर, मोड़ों पर बैरियर का न होना, और अस्पतालों में इलाज की उम्मीद न होना। जैसे यह सब महज घटनाएं नहीं, बल्कि यहां के लोगों के जीवन का स्थायी हिस्सा हैं। शायद यह लोग सोचते हैं कि एक दिन कोई उनकी चीखें सुनेगा, लेकिन तब तक अनगिनत आवाजें इन वादियों में कहीं खो जाती हैं।

यह त्रासदी सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि उन अनकही चीखों का स्वर है, जो इन वादियों में गूंजता है। हर झरने की धारा, हर खाई की गहराई, मानो इस पीड़ा को अपने भीतर समेटे हुए है। यह खामोशियां एक इंतजार हैं कि एक दिन कोई इनकी बात सुनेगा। पर कब? कब तक पहाड़ों के लोग यूं ही खाइयों में गुम होते रहेंगे? कब तक उनकी आवाजें इस सन्नाटे में डूबी रहेंगी? कहते हैं, पहाड़ों में धैर्य होता है- हर शिखर तक पहुंचने का, हर मौसम की मार सहने का। पर क्या यही धैर्य उनकी नियति बन गया है? यह चीखें, जो पहाड़ के सन्नाटे में दबी हैं, क्या हमेशा के लिए मौन ही रहेंगी? यह सिस्टम, यह समाज क्या कभी इन आवाजों को सुन पाएगा या केवल उन्हें इसी दर्द के साथ जीने का हुक्म देगा? हर हादसे के बाद एक उम्मीद जन्म लेती है कि शायद अब कुछ बदलेगा। शायद अब पहाड़ों की तकलीफें सुनी जाएंगी। पर क्या यह एक भ्रम नहीं? क्या यह पर्वतों की ऊंचाइयों में गूंजता एक असंभव प्रश्न है, जिसका उत्तर शायद कभी न मिले?

## सोशल फोरम

# तेजी से बढ़ रहा कैंसर



सुहेल वहीद अंसारी
उर्दू लेखक

घोर यातना से गुजर जाना है कैंसर इंस्टीट्यूट में चंद घंटे गुजारना। हर तीसरे चौथे आदमी के चेहरे के हिस्से कटे-पिटे देखना पड़ता है। कच्चे टांके और ताजी उगती खाल, रिसता पस और उधड़ी हुई मुंह के अंदर की सफेद चर्बी के साथ लाल गुलाबी खाल ज्यादातर ने अंगोछे से अपना मुंह ढक रखा है और कुछ ऐसे ही डॉक्टर को दिखाने के लिए बैठे या लेटे हैं।

लखनऊ में कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टिट्यूट के हर कोने आतर में मरीज और उनके तीमारदार इधर उधर बैठे हैं। डॉक्टर रोजाना औसतन सौ सवा सौ की ओपीडी कर रहे हैं। डब्ल्यूएचओ कहता है हर साल करीब एक करोड़ से ज्यादा लोगों की मौत कैंसर से होती है। भारत में कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। इंडिया अगेंस्ट कैंसर के मुताबिक भारत में सन 2020 में कैंसर से करीब 8.5 लाख लोगों की मौत हुई। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में छपे एक पेपर में कहा गया है कि अगर लाइफस्टाइल में बदलाव कर लिया जाए तो कैंसर को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। एक हालिया रिसर्च में खुलासा हुआ है कि मुंह के कैंसर के मामले साउथ एशिया में सबसे ज्यादा हैं और इसकी सबसे बड़ी वजह तंबाकू है। इंटरनेशनल कैंसर रिसर्च एजेंसी की स्टडी कहती है कि सन बाइस में कुल 3,89,800 ओरल कैंसर मामलों में से 1,20,200 मामले बिना धुएं वाली तंबाकू से भारत में हुए थे।

स्टडी में यह भी बताया गया है कि महिलाओं में मुंह के कैंसर के मामलों का सबसे बड़ा कारण सुपारी 30 प्रतिशत और तंबाकू वाले पान मसाले 28 प्रतिशत हैं। इसके बाद गुटखा 21 प्रतिशत और खैनी 21 प्रतिशत का नंबर आता है। पुरुषों में ओरल कैंसर की सबसे बड़ी वजह खैनी 47 प्रतिशत, गुटखा 43 प्रतिशत, तंबाकू वाला पान मसाला 33 प्रतिशत और सुपारी 32 प्रतिशत है। इंस्टीट्यूट में जगह-जगह तंबाकू खाकर न आने के लिए तो लिखा है, लेकिन यह कहीं नहीं लिखा है कि गुटखा न खाएं, जो सबसे ज्यादा तेजी से कैंसर फैला रहा है। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी की तारीफ करनी ही पड़ेगी, जिन्होंने अपने स्टेट में गुटखे के प्रोडक्शन, कंजम्पशन और बिक्री, तीनों पर कड़ा प्रतिबंध लगाया। कैंसर इंस्टीट्यूट जाकर लगता है कि गुटखा यहां कैंसर की आपदा लाकर ही रहेगा।

-फेसबुक वॉल से

# मीराबाई और प्रेतकल्प आलोचक



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

क्या वह आलोचक कल्पना कर सकता है कि सत्ता के विरुद्ध बगावत करने का अर्थ क्या होता है? मीरा का काव्य किसी आलोचक की संपत्ति नहीं है, वह समस्त लोक की संपदा है और ऐरा गैरा कोई आलोचक नहीं, लोकपरंपरा उसका प्रमाण है।

विमर्श में कंवल भारती का व्याख्यान

मीरा भारत के लोकजीवन और लोकमानस की इतनी और इतनी गहराइयों में व्याप्त है, जितनी गहराइयों में उसका मोल में खरीदा हुआ गिरिधर-गोविंद व्याप्त है-माई मैंने गिरिधर लीयौ मोल! कोई कहै सस्ता कोई कहै महंगा अरी मैंने लियौ तराजू तोल। जब मीरा ने गिरिधर को मोल में ले ही लिया तो फिर मीरा और कृष्ण में भेद ही नहीं रहा। उपास्य और उपासक का भेद मिट गया। दोनों एक रूप-एक रस हो गए। मीरा और कृष्ण एक हो गए-राधा के भी श्याम और मीरा के भी श्याम। भारत के भक्त संगीत में मीरा एक धारा या परंपरा बन चुकी है। मीरा की वाणी भारत के लोकमानस के साथ एक रस हो चुकी है, जहां तक मीरा की साहित्य संपदा की बात है, मीरा की साहित्य संपदा बहुत ही विशाल है।

मीरा की क्रांति चेतना ने राणा को चुनौती दी थी। ऐसी चुनौती कि महात्मा गांधी ने सत्याग्रह दर्शन की चर्चा में मीरा बाई का स्मरण किया था। मीरा की क्रांति चेतना अपनी आन-मरजाद, कुल परंपरा को छोड़ने की घोषणा कर दी। मीरा की विद्रोही चेतना ने निस्संकोच होकर कह दिया था कि संतन ढिंग बैठि बैठि लोकलाज खोई। अथवा लोग कहें मीरा भई रे बाबरी सास कहे घर नासी रे। राणा जी के विरुद्ध विद्रोह की नायिका थी मीरा। जहर का प्याला राणा जी ने भेजा पीबत मीरा नाची रे। सुकरात को भी जहर दिया गया था और मीरा को भी। सुकरात मर गया और मीरा जीवित बच गई, लेकिन सत्य तो दोनों के पास था। उन दिनों वृंदावन में श्री जीवगोस्वामी भक्ति संप्रदाय के बड़े आचार्य थे, मीराबाई जब उनसे मिलने गईं तो उन्होंने कहलवा दिया कि "मैं स्त्रियों से नहीं मिलता।" मीराबाई ने कहने वाले को उत्तर दिया कि "अच्छा, वृंदावन में श्रीकृष्ण के अतिरिक्त भी कोई पुरुष रहता है, यह मुझे आपसे ही ज्ञात हुआ है" और तुरंत चली गईं, जब जीव गोस्वामी के पास मीरा का उत्तर पहुंचा तब वे पहचान सके कि जो स्त्री आई थी, वह तो असाधारण थी। मीरा के दर्शन शास्त्र में पुरुष ही एक है: ऐसे वर को क्या वरों, जो जन्में और मर जाय।/ ऐसे वर को मैं वरों, जो मेरा चुलड़ा अमर है जाय। मीरा वृंदावन से द्वारका की ओर चल दीं। उस मीराबाई को लेकर कोई आलोचक यह लिखे कि कोई आदमी था गिरिधर जोगी और मीरा उससे सांसारिक प्रेम करती थी तो उस आलोचक को आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के शब्दों में "प्रेतकल्प" ही कहा जा सकता है। क्या वह आलोचक कल्पना कर सकता है कि सत्ता के विरुद्ध बगावत करने का अर्थ क्या होता है? मीरा का काव्य किसी आलोचक की संपत्ति नहीं है, वह समस्त लोक की संपदा है और ऐरा गैरा कोई आलोचक नहीं, लोकपरंपरा उसका प्रमाण है। ध्यान से समझने की बात यह है कि लोकचेतना में मीराबाई का क्या स्वरूप है?

# जगदंबा घर में दियराबारने चली गईं शारदा



डॉ. राहुल मिश्र
मुंबई

जगदंबा घर में दियरा बार अइनी हे, जगतारन घर में दियरा बार अइनी हे। शारदा सिन्हा का यह गीत उनकी पहचान था। शारदा जिज्जी जगदंबा घर में दियराबारने चली गईं। भोजपुरी की ख्यातनाम गायिका शारदा सिन्हा के गीतों के बिना छठ के पर्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। छठ के घाटों पर उनके गीत न बजें, ऐसा हो ही नहीं सकता। छठ के गीत गाने वालों की कोई कमी नहीं है।

भोजपुरी के गायक भी कम संख्या में नहीं होंगे, लेकिन भोजपुरी माटी के सोंधेपन की जो अनुभूति शारदा जिज्जी के गीतों में मिलती है, वह दुर्लभ है। वह आवाज शांत हो गई। उनके गाए गीतों का संकल हमारे सबके साथ रहेगा और उनकी स्मृतियों को सदैव जीवंत रखेगा। शारदा सिन्हा जीवनभर भोजपुरी की पहचान के लिए कार्य करती रहीं। भोजपुरी गीतों में आए फूहड़पन को वे बिल्कुल पसंद नहीं करती थीं। आज भी भोजपुरी गीतों की मिठास और जीवंतता इसी फूहड़पन के कारण समाज के बड़े वर्ग से दूर है। शारदा जी ने इस रिक्तता को भरा था। उनका स्वर जितना सुरीला और भोजपुरिया लहजे से पूर्ण था, उतना ही शब्दों की मर्यादा, गीतों के मुखड़े-बोल-अर्थ की मर्यादा का उन्होंने ध्यान रखा। इसी कारण उनके सामाजिक-सांस्कृतिक गीतों को आज भी अनेक पारिवारिक कार्यक्रमों में, विभिन्न संस्कारों में संस्कार के गीतों के रूप में गाया जाता है, सुना जाता है। शारदा सिन्हा जी जीवनपर्यंत भोजपुरिया संगीत, साहित्य व संस्कृति के लिए सक्रिय रहीं। इससे बड़ी बात उनकी भारतीयता के प्रति आस्था की है।

आज देश ही नहीं, विदेशों में भी भोजपुरी गीत-संगीत सहित समग्र भारतीय सांस्कृतिक चेतना की सशक्त हस्ताक्षर के रूप में शारदा सिन्हा की जो छवि है, उसे किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। शारदा सिन्हा जी का देहावसान ऐसी रिक्तता दे गया है, जो कभी नहीं भर पाएगी। शारदा सिन्हा जी के गीत न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान को जिलाए रखेंगे, वरन भोजपुरिया गीत-संगीत के भविष्य को एक दिशा भी देते रहेंगे, पथ प्रदर्शन करते रहेंगे।

## पंचायत भवनों से फैमिली आईडी का होगा प्रचार

**लखनऊ, अमृत विचार :** नियोजन विभाग की योजना एक परिवार एक पहचान (फैमिली आईडी) का प्रचार अब पंचायती राज विभाग करेगा। पंचायत भवनों में पोस्टर, बैनर व फ्लैक्स आदि लगाए जाएंगे। इससे वहां आने वाले ग्रामीणों को योजना की जानकारी हो सकेगी और आवेदन कर सकेंगे। नियोजना विभाग ने लाभार्थीपरक योजनाओं में पारदर्शिता, सरलता और बेहतर प्रबंधन को लेकर फैमिली आईडी एक परिवार एक पहचान योजना संचालित की है। राशन कार्ड धारक परिवारों की राशन कार्ड संख्या ही फैमिली आइडी है। जबकि गैर राशन कार्ड धारकों को फैमिली आईडी बनाई जा रही है।

### ईपीएफओ ने किया फेशियल ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) एप लांच

# घर बैठे ही जमा कर सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** जीवन प्रमाण पत्र देने के लिए अब लोगों को सरकारी विभागों में इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। घर बैठे ही लोग अपने प्रमाण पत्र को जमा कर सकेंगे। इसके लिए ईपीएफओ ने फेशियल ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) एप लांच किया है।

फेस टेक्नोलॉजी पर आधारित इस एप के माध्यम सभी पेंशनर्स अपने स्मार्ट फोन का उपयोग कर अपने घर से ही अपना प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। इसके लिए फोन पर कुछ चीजों पर अमल करना होगा। पेंशनर्स के पास 5 एमपी वाला फ्रंट



कैमरा होना चाहिए। इसके बाद प्ले स्टोर से आधार फेस आरडी एप और जीवन प्रमाण पत्र फेस एप्लीकेशन डाउनलोड कर इंस्टाल करना होगा। प्रमाणीकरण के लिए पेंशनर्स अपना चेहरा स्कैन करें और अपना विवरण भरें। फ्रंट कैमरा से फोटोग्राफ खींचकर सबमिट करना होगा। सबमिट होने के बाद मोबाइल पर डीएलसी, प्रमाण आईडी और पीपीओ नंबर सहित डाउनलोड करने के लिए

> इपीएफओ ने पेंशनर्स द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) जमा करने के लिए फेशियल ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) लांच किया है। एफएटी आधारित डीएलसी का उद्देश्य पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया को आसान और अधिक सुविधाजनक बनाना है। यह तकनीक ऐसे बुजुर्ग पेंशनर्स को सहायता प्रदान करती है जो बैंक और डाकघर आदि में शारीरिक रूप से जाने में अक्षम हैं।
>
> **-प्रतीश सिंह**, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वितीय

लिंक प्राप्त होगा। इसका मतलब होगा कि आपका जीवन प्रमाण पत्र अब जमा हो चुका है।

अब तक वृद्धा पेंशन, पूर्व पेंशन, दिव्यांगता पेंशन, विधवा व बाल पेंशन, नामांकित पेंशन, आश्रित माता व पिता को पेंशन, अनाथ पेंशन के लिए लोगों को बैंक, डाकघर, सामान्य सेवा केन्द्र और भविष्य कर्मचारी निधि संगठन जाकर जीवन प्रमाण पत्र जमा करना पड़ता था। प्रस्तुत होने के बाद यह एक वर्ष तक के लिए वैध रहता है। पेंशनर्स को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए तमाम जगहों के चक्कर काटने पड़ते थे। बुजुर्गों को अपना डिजीटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) बनवाने के लिए बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। इसी को देखते हुए ईपीएफओ ने अब इसे सुविधा जनक बनाते हुए मोबाइल से सरल प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान किया है।

## आयुष पीजी की तीसरी काउंसलिंग 11 से, 16 को सीट आवंटन

**लखनऊ, अमृत विचार :** आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और यूनानी कॉलेजों में रिक्त परास्नातक (पीजी) सीटों पर दाखिले के लिए अभ्यर्थियों को अंतिम मौका 11 नवंबर से मिलेगा, तीसरे चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग शुरू होगी, 16 नवंबर को सीट आवंटन किया जाएगा। आयुष पीजी काउंसिलिंग के नोडल अधिकारी एवं निदेशक यूनानी प्रो.जमाल अख्तर ने बताया कि दूसरे चरण की काउंसलिंग चल रही है। दाखिले के बाद भी कॉलेजों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 11 नवंबर से पंजीकरण शुरू होगा, 13 व 14 नवंबर में दस्तावेजों का सत्यापन कर पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी जाएगी।

# भाजपाइयों की भाषणबाजी से किसान परेशानः अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने किसानों को बर्बाद कर दिया है। आज किसान सबसे ज्यादा बदहाल और परेशान है। अगर काटने बांटने की भाषणबाजी और पॉलिटिकल पर्यटन से मुख्यमंत्री को फुर्सत मिले तो अपने गृह जिले समेत पूरे राज्य में डीएपी बंटवा दें, बुवाई का सीजन फिर साल भर बाद ही आएगा। भाजपाइयों की नौटंकी और भाषणबाजी से किसान परेशान हैं।

सपा प्रमुख ने बुधवार को अपने बयान में कहा कि भाजपा ने किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया था किन्तु उसका अब कहीं जिक्र तक नहीं होता है। थोपे गये तीन काले कानूनों की वापसी के लिए सात सौ से ज्यादा किसानों की मौतें हो गई फिर भी सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का कानून नहीं बनाया। किसानों की समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के निदान के लिए केन्द्र की भाजपा सरकार ने जो कमेटी बनाई थी उसका भी कहीं अता-पता नहीं है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में पूंजीपति हैं किसान नहीं। खेती में हमेशा घाटा ही रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में विरोध किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं। सरकारी धांधली के खिलाफ आवाज उठाने पर सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में किसानों पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं।

### अयोध्या की जीत के बाद कहीं भी हराना असंभव नहीं: सपा प्रमुख



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या की जीत के दिखा दिया है कि कुछ भी असंभव नहीं है। इसलिए सपाईयों के लिए सुनहरा मौका है कि भाजपा के सबसे बड़े शहरी गढ़ गाजियाबाद में उसे हराए। सोशल मीडिसा एक्स पर बुधवार को उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में हर वर्ग परेशान है, भ्रष्टाचार और महंगाई का शिकार हैं। हम लोग भाजपा के मतदाताओं से कहेंगे कि इस बार तार्किक रूप से सोचविचार का मतदान करे, परिवर्तन के लिए मतदान करे।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर में रीडिंग व लोड की जांच में मिली कई खामियां

### उप्र. पावर कॉरपोरेशन ने भेजा तीन निजी कंपनियों को नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में उपभोक्ताओं के आवासों पर लगाये जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर में रीडिंग, स्वीकृत भार व समय के गलत ढंग से रिकॉर्ड होने की आशंका बन गई है। उप्र. पावर कॉरपोरेशन की उच्च स्तरीय तकनीकी टीम की जांच में मीटर में कई खामियां पाई गई हैं। कॉरपोरेशन की ओर से मीटर लगाने वाली तीन निजी कंपनियों को नोटिस जारी की गई है।

जिन निजी कंपनियों को नोटिस दी गई है, उसमें पोलरिस, इन टेलीस्मार्ट व जीएमआर शामिल हैं। ये तीनों कंपनियां दिल्ली की एलाइड इंजीनियरिंग वर्क्स में



निर्मित मीटर लगाने का कार्य कर रही हैं। कॉरपोरेशन के निदेशक कमर्शियल निधि कुमार नारंग ने तीनों कंपनियों के सीईओ को नोटिस भेजते हुए स्मार्ट प्रीपेड मीटर की कमियों में तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया है। कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, जांच में मीटर के पावर फैक्टर गलत रिकॉर्ड करने की आशंका व्यक्त की गई है। प्रदेश में अभी तक लगभग दो लाख 75 हजार स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं। ऐसे में इन मीटरों से उपभोक्ताओं को दिक्कतें होने की आशंका बन गई है।

### कंपनियों के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाई: उपभोक्ता परिषद

उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि परिषद की ओर से पहले ही इन मीटरों में खामियों की आशंका व्यक्त की गई थी। इस पर कॉरपोरेशन ने जांच के लिए उच्च स्तरीय तकनीकी टीम का गठन किया था। उन्होंने इन कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## मतदाताओं के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान 9 से


**लखनऊ, अमृत विचार :** विधानसभा उपचुनाव की नौ सीटों को छोड़कर प्रदेश में मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान 9 नवंबर से शुरू होगा। बीएलओ मतदान बूथ पर सभी आवश्यक फार्म के साथ उपस्थित रहकर लोगों की सहायता करेगें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर प्रदेश की कुल 394 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। 28 नवंबर से 24 दिसंबर तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 6 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए सभी तैयारियां शुरु हो गईं है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले की सुनवाई अब 19 को

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी, क्योंकि उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष हो रही थी और अब उनके सेवानिवृत होने के कारण एक नई पीठ का गठन होना है, जिसके लिए न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकलपीठ को नामित किया गया है। बेंच (पीठ) में बदलाव के कारण आज इस मामले की सुनवाई टाल दी गई है। अब नई पीठ के समक्ष मामले की सुनवाई आगामी 19 नवंबर को दोपहर 2:00 बजे होगी।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की रिकॉल अर्जी खारिज कर दी थी और इस मामले से संबंधित सभी 15 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करने का फैसला दिया था।



11 जनवरी 2024 को हाईकोर्ट ने मौजूदा विवाद से जुड़े 15 मुकदमों को एक साथ लाने का निर्देश दिया था। इन सभी मुकदमों में मथुरा के कटरा केशव देव मंदिर के 13.37 एकड़ के परिसर से शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग की गई है। अतिरिक्त प्रार्थनाओं में शाही ईदगाह परिसर पर कब्जा करने और वहां स्थित वर्तमान संरचना को ध्वस्त करने की मांग शामिल है। इसके विरोध में मुस्लिम पक्ष की ओर से रिकॉल आवेदन दाखिल किया गया था और उपरोक्त फैसले को चुनौती दी गई थी, लेकिन कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की रिकॉल अर्जी को खारिज करते हुए सभी मुकदमों पर एक साथ सुनवाई को उचित ठहराया।

### महाकुंभ में हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी




**लखनऊ, अमृत विचार :** दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम महाकुंभ 2025 में परिंदा भी पर न मार सके, इसके लिहाज से स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमें मिलकर काम कर रही हैं। महाकुंभ से पहले केमिकल, बायलॉजिकल, रेडिएशनल और न्यूक्लियर प्रॉब्लम से निपटने के लिए भी टीम को तैयार कर लिए जाने की योजना है। इसके लिए बाकायदा कर्मचारियों को हर आपदा से निपटने की विधिवत ट्रेनिंग दी जाएगी। यही नहीं योगी सरकार के निर्देश पर श्रद्धालुओं के मेडिकल टेस्ट के लिए भी प्रयागराज के अस्पतालोंको स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपग्रेड करने में लगे हैं। महाकुंभ के दौरान देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की देखरेख के लिए 291 एमबीबीएस व स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती रहेगी। इसके अलावा 90 आयुर्वेदिक और यूनानी विशेषज्ञ भी इस अभियान में सहयोग के लिए मौजूद रहेंगे। साथ ही 182 स्टॉफ नर्स इन चिकित्सकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जरूरतमंदों के स्वास्थ्य की देखभाल करेंगी।

## कानपुर में जिलाधिकारी कंपाउंड में मिली हत्यारोपी की बाइक

**कानपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस निवासी शेयर कारोबारी राहुल गुप्ता की पत्नी एकता गुप्ता हत्याकांड में बुधवार को एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।

हत्यारोपी जिम ट्रेनर विमल सोनी की बाइक पिछले चार माह से जिलाधिकारी कंपाउंड के अंदर खड़ी है। इसकी जानकारी जिलाधिकारी की सुरक्षा में तैनात कर्मियों को नहीं है या वह लोग जानकर भी पूरी तरह से नजरअंदाज किए हुए हैं। कोतवाली पुलिस हत्यारोपी को 48 घंटे की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। विवेचक धर्मेंद्र कुमार जिम ट्रेनर को कस्टडी रिमांड पर लेने जिला कारागार पहुंचे। इस बीच मीडिया कर्मियों को सूचना मिली कि पुलिस टीम विमल को लेकर जिलाधिकारी कंपाउंड स्थित घटनास्थल पहुंची तो मीडियाकर्मी भी वहां पहुंचे। वहां उन्होंने विमल की बाइक खड़ी देखी।

## नोटिस से पूर्व सर्वेक्षण किया या नहींः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

- **बहराइच ध्वस्तीकरण मामले में लखनऊ बेंच ने की सुनवाई**

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच में कथित अतिक्रमण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से पूछा है कि कानून के अनुसार सर्वेक्षण व सीमांकन किया गया अथवा नहीं।

न्यायालय ने राज्य सरकार से अन्य बिंदुओं पर भी जानकारी मांगते हुए, मामले में अगली सुनवायी के लिए 11 नवम्बर की तिथि नियत कर दी है। वहीं सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसका जवाबी हलफनामा दाखिल हो चुका है। इस पर न्यायालय ने याची को प्रत्युत्तर दाखिल करने का आदेश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। सुनवायी के दौरान न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को अगली तिथि पर यह भी बताने को कहा है कि क्या इस बात की जांच कराई गई थी कि जिन लोगों को नोटिस जारी किया गया है वह संपत्ति के असली मालिक हैं या नहीं? वहीं याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि जिन अधिकारियों ने नोटिस जारी की है, वे संबंधित प्रावधानों के तहत नोटिस जारी ही नहीं कर सकते, उन प्रावधानों के तहत नोटिस जारी करने का अधिकार सिर्फ जिलाधिकारी को है।

# 67 आईपीएस अफसरों के प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में 67 आईपीएस अफसरों के प्रमोशन होने हैं, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इसके लिए पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में मंथन चल रहा है। अगले वर्ष जनवरी माह में होने वाली विभागीय प्रोन्नत कमेटी की बैठक में करीब दो दर्जन एसपी से डीआईजी, आधा दर्जन डीआईजी से आईजी और तीन आईजी से एडीजी स्तर के अधिकारियों के प्रमोशन पर विचार किया जा सकता है। इसके



- **जनवरी 2025 में हो सकती है डीपीसी**

अलावा डेढ़ दर्जन से अधिक सहायक पुलिस अधीक्षकों को पुलिस अधीक्षक की रैंक मिल सकती है।

जानकारी के अनुसार, आईजी से एडीजी के पद पर प्रोन्नत होने वाले अफसरों में गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, लखनऊ रेंज के आईजी प्रशांत कुमार-द्वितीय और एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी के नाम शामिल हैं। जबकि डीआईजी से आईजी होने वालों में जोगेन्द्र कुमार, रवि कुमार छवि, विनोद कुमार सिंह, भारती सिंह, बाबूराम, राकेश प्रकाश, योगेश सिंह और गीता सिंह हैं। इसी तरह एसएसपी से डीआईजी बनने की प्रक्रिया में मुजफ्फरनगर के एसएसपी अभिषेक सिंह, मथुरा के एसएसपी शैलेश पांडेय, फर्रुखाबाद के एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, झांसी की एसएसपी सुधा सिंह और शाहजहांपुर के एसपी राजेश के अलावा एसपी रामबदन सिंह, हृदयेश कुमार, तेजस्वरूप, देवरंजन वर्मा, अजय कुमार, हेमंत कुटियाल, शालिनी, स्वप्लिन ममगैन, प्रदीप कुमार, सूर्यकान्त त्रिपाठी, अरुण कुमार श्रीवास्तव, विकास कुमार वैध, राजेश कुमार सक्सेना, डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी, सुनीता सिंह, दिनेश सिंह, कमला प्रसाद यादव, अरविन्द मौर्य और सुभाष चंद शाक्य के नाम शामिल हैं।

### इन अफसरों के प्रमोशन में हो सकती है देरी

डीपीसी बैठक में आईपीएस अतुल शर्मा, शगुन गौतम, हिमांशु कुमार, अमित पाठक, धर्मवीर सिंह, विपिन मिश्रा और अजय पाल शर्मा के प्रमोशन का लिफाफा बंद हो सकता है। बताया जाता है कि इन अफसरों के खिलाफ किसी न किसी मामले को लेकर विभागीय जांच चल रही है। चूंकि डीपीसी बैठक होने में अभी लगभग दो महीने का समय है। हो सकता है तब तक कुछ अफसरों को जांच में क्लीन चिट मिल जाए।


## वर्ग पहेली-244

**बाएं से दाएं**

2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4. 1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो, टाल।
5. 1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण 2. अप्रिय अनुभव, हेठी, अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4. 1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6. 1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।



### वर्ग पहेली -243 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | क | थ | ■ | ■ | 2 कृ |
| व | ■ | ■ | 3 पे | ■ | पा |
| 4 डे | ढ़ी | ■ | 5 गं | धा | लु |
| र | ■ | ■ | ब | ■ | ■ |
| ■ | 6 झिं | गा | र | 7 ना | ■ |
| 8 पू | ■ | ■ | ■ | जु | ■ |
| ती | ■ | 9 रे | खां | क | न |

## सुडोकू -157

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 5 | | 9 | | 8 | 6 | |
| | 9 | | 5 | | | 1 | | |
| | 7 | | 2 | | | | | |
| | 8 | | 4 | 1 | | 9 | | 3 |
| 5 | | | | | | | | 8 |
| 9 | | 2 | | 6 | 5 | | 4 | |
| | | | | | 4 | | 1 | |
| | | 3 | | | 7 | | 8 | |
| | 6 | 8 | | 5 | | 2 | 9 | |

### सुडोकू - 156 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 4 | 2 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 7 | 6 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 4 | 6 | 3 |
| 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 | 1 | 9 | 8 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 1 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थितिः 7 नवंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 8 नवंबर 00 .34 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 11 .47 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।


मेष

आज नई तकनीक के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। आपको दूसरों की मदद करने के कारण लोकप्रिय रहेंगे। साधु प्रवृत्ति के लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा। दांपत्य जीवन का असंतोष भी आप संवाद के बल पर दूर कर सकते हैं।


वृष

आज दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। घर और कार्यक्षेत्र आवश्यक वस्तुओं की कमी के कारण आप क्रोधित हो सकते हैं। नए प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। पाचन शक्ति कमजोर होने के कारण दस्त और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।


मिथुन

आज नव विवाहित जोड़े परिवार आगे बढ़ाने के फैमिली प्लानिंग करने का विचार बना सकते हैं। जॉब व व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय पूर्व ही निपटा लेंगे। आपको एक बड़ा पद सौंपा जा सकता है। ससुराल पक्ष से शुभ सूचना मिल सकती है।


कर्क

आज नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों के व्यवहार से परेशानी होगी। अपने लक्ष्य के प्रति आप एकाग्र रहेंगे। व्यापार में अचानक धन लाभ हो सकता है। आपके मस्तिष्क में कुछ बेहतरीन रचनात्मक विचार आएंगे। इसका प्रयोग आप नए स्टार्टअप के लिए भी कर सकते हैं।


सिंह

आज का पूरा दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है। आप लोगों के बीच आपकी लोकप्रिय रहेंगे। प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।


कन्या


आज पुरानी उलझनों को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घर के बुजुर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे। प्रेमीजन के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। ऑफिस में काम ज्यादा न होने के बाद भी आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।


तुला

आज कार्यक्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। दृढ़ निश्चय के दम पर आप कोई बड़ा काम कर सकते हैं। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी। बहुमूल्य वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।


वृश्चिक

आज लोन से जुड़े मामले उलझने की आशंका है। कब्ज के रोगियों को परेशानी होगी। बेवजह के मुद्दों पर आप घिर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे। फाइनेंस से जुड़े कार्यों में देरी हो सकती है।


धनु

आज कारोबार में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण पाने में सफल रहेंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दांपत्य जीवन बेहद सुखद रहेगा। आप परिजनों के साथ बेहतरीन समय बिताएंगे।


मकर

आज पुराने रोग दोबारा उभर सकते हैं। शाम के समय आप दिखावे में धन खर्च करेंगे। विदेशी स्रोतों से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। समस्याओं को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ने की आशंका है।


कुंभ

आज पैतृक कारोबार में आपको बड़ा लाभ मिल सकता है। आपके द्वारा बनाई हुई योजना सफल होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतरीन अवसर प्राप्त होने की संभावना है। आप अपने घर में किसी उत्सव का आयोजन कर सकते हैं।


मीन

आज नए कार्य की योजना बनाने के लिए दिन शुभ है। व्यापार में पार्टनरशिप करने के मौके मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रति आपके मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
हिरासत
सुबह : 08 .17
मि. नटवरलाल
शाम : 06 .23

&pictures
एक विवाह ऐसा भी
सुबह : 11 .07
कोई...मिल गया
रात : 08 .00

SONY PIX
इट चैप्टर 2
सुबह : 10 .31
2012
रात : 09 .00

ZEE CINEMA
बिजनेसमैन 2
सुबह : 10 .08
खिचड़ी 2
रात : 08 .00

ZEE ACTION
फूल और अंगार
सुबह : 10 .49
जलजला
रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुलिस- हम पुलिस वाले हैं, दरवाजा खोलो।
चिंटू- क्या काम है?
पुलिस- बात करनी है।
चिंटू- कितने लोग हो?
पुलिस- चार लोग हैं।
चिंटू- तो फिर मेरा क्या काम है, आपस में बात कर लो।

चेन स्नैचिंग वाले महिला के गले से हार खींच कर ले गए।
अगले दिन महिला बहुत ज्यादा दुखी हुई। हार के लिए नहीं , अखबार वालों ने छाप दिया- वृद्ध महिला के गले से हार छीन भागे चेन स्नैचर।





# आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे ऋषभ

**दुबई, एजेंसी**



भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले हफ्ते मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में प्रदर्शन के बूते बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने मुंबई टेस्ट के दौरान दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं, हालांकि भारत तीसरे और अंतिम टेस्ट में हार से श्रृंखला 0-3 से गंवा बैठा।

इस प्रदर्शन से पंत को रैंकिंग में फायदा हुआ जो संकेत है कि वह गंभीर कार दुर्घटना के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। अब यह बायें हाथ का बल्लेबाज जुलाई 2022 में रैंकिंग में हासिल किए गए अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान से महज एक कदम पीछे है। शीर्ष टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाजों में बायें हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी मौजूद हैं जो एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। न्यूजीलैंड ने मुंबई में 25 रन की करीबी जीत से श्रृंखला में वाइटवाश किया जिससे शीर्ष 10 टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत और दौरा करने वाली टीम के डेरिल मिचेल को फायदा हुआ। मिचेल आठ पायदान की छलांग से सातवें स्थान पर पहुंच गए, उन्होंने मुंबई टेस्ट में भारत के खिलाफ पहली पारी में 82 रन की पारी खेली जिससे वह टीम के साथी केन विलियमसन (दूसरे स्थान) के साथ शामिल हो गये जो न्यूजीलैंड के शीर्ष 10 में मौजूद एकमात्र खिलाड़ी थे।

इंग्लैंड के दायें हाथ के बल्लेबाज जो रूट ने सूची में शीर्ष पर अपनी बढ़त बरकरार रखी है जिसमें विलियमसन, हैरी ब्रूक (तीसरे), जायसवाल (चौथे) और स्टीव स्मिथ (पांचवें) उनके लिए चुनौती हैं।

### गेंदबाजी रैंकिंग में जडेजा छठे स्थान पर पहुंचे

भारत के शुभमन गिल ने मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की पारी खेली जिससे वह चार पायदान के लाभ से 16वें स्थान पर पहुंचे जबकि न्यूजीलैंड के प्लेयर ऑफ द सीरीज विल यंग 29 पायदान की उछाल से 44वें स्थान पर काबिज होने में सफल रहे। रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 विकेट लेने से टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में दो पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंचे जिससे वह रविचंद्रन अश्विन से एक स्थान पीछे हैं। कागिसो रबाडा शीर्ष रैंकिंग पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस से आगे दूसरे स्थान पर हैं। वहीं टीम साथी वाशिंगटन सुंदर टेस्ट गेंदबाजों में सात पायदान के लाभ से 46वें स्थान पर पहुंच गये। न्यूजीलैंड के स्पिन जोड़ीदार एजाज पटेल (12 पायदान के फायदे) और ईश सोढी (तीन पायदान के फायदे) क्रमशः 22वें और 70वें स्थान पर बने हुए हैं।

# डेविस कप कोच आशुतोष सिंह को 16 साल के मानस धामने से काफी उम्मीदें

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कोच बोले भविष्य के लिए अहम खिलाड़ी हो सकते हैं मानस

जीशान अली की जगह नये डेविस कप कोच बने आशुतोष सिंह को उम्मीद है कि मानस धामने अपनी कड़ी मेहनत और शानदार जज्बे की बदौलत भारतीय टेनिस के लिए भविष्य में अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। आशुतोष ने स्टॉकहोम में मालेगांव के इस युवा खिलाड़ी को देखा जहां भारत ने स्वीडन के खिलाफ डेविस कप ग्रुप एक मुकाबले में हिस्सा लिया था। हालांकि 16 वर्षीय धामने को कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन वह एक अन्य युवा खिलाड़ी आर्यन शाह के साथ स्टॉकहोम गई टीम का हिस्सा थे।

भारत को मेजबान टीम के हाथों 0-4 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन कोच आशुतोष ने स्वीडन में हुए इस निराशाजनक प्रदर्शन में सकारात्मक पहलू देखा। पूर्व डेविस कप खिलाड़ी बलराम सिंह के बेटे आशुतोष ने कहा मानस एक मेहनती खिलाड़ी है। कोर्ट पर वह सिर्फ आंखों से संपर्क बनाता है और ओके करता है। उसके पास एकल में भारत के मिस्टर डिपेंडेबल बनने की क्षमता है जिसकी तलाश भारतीय टेनिस को लंबे समय से है। निश्चित रूप से अभी बहुत लंबा सफर तय करना है। लेकिन वह जिस रास्ते पर चल रहा है और उसके मेहनती दृष्टिकोण से यह संभव लगता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि मानस सिर्फ 16 साल का है और उसे अपने कार्यभार प्रबंधन के कुछ पहलुओं में सतर्कता बरतते हुए निगरानी की जरूरत है। लेकिन वह इटली में अपने ट्रेनिंग बेस में सही ट्रेनिंग ले रहा है। भारत के पास शीर्ष-100 में केवल एक खिलाड़ी सुमित नागल (83) है। उनके बाद रामकुमार रामनाथन हैं जो 309वें नंबर पर हैं।

## खेल डायरी

### किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे

**इसकान सिटी (कोरिया)।** भारत के किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में वियतनाम के कुआन लिन कुओ को तीन गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के चौबीस साल के किरण ने इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम के खिलाड़ी के खिलाफ 57 मिनट में 15-21, 21-12, 21-15 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय और दुनिया के 44वें नंबर के खिलाड़ी किरण दूसरे दौर में चीनी ताइपे के तीसरे वरीय ची यू जेन से भिड़ेंगे। किरण ने मुकाबले की धीमी शुरुआत की जिसका फायदा उठाकर किन कुओ ने 11-4 की बढ़त बनाई और फिर आसानी से पहला गेम जीत लिया। किरण ने 0-1 से पिछड़ने के बाद दूसरे गेम की शुरुआत लगातार छह अंक के साथ और फिर दूसरा गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर किया।

### घरेलू वनडे और टी-20 में असलंका करेंगे कप्तानी

**कोलंबो।** चरिथ असलंका न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका टीम की कप्तानी करेंगे। श्रीलंका ने हाल ही में भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी खिलाड़ियों को भी दोनों प्रारूपों के लिए टीम में जगह दी है। नौ और 10 नवंबर को दो टी-20 मैच खेले जाएंगे। वहीं 13, 17 और 19 नवंबर को एकदिवसीय मैच होंगे। पहले तीन मैच रांगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तथा अंतिम दो एकदिवसीय मैच पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। श्रीलंका की वनडे टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), पथुम निसंका, अविष्का फर्नांडो, कुसल परेरा, कुसल मेंडिस, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, सदीरा समरविक्रमा, निशान मदुश्का, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाणा, जेफरी वांडरसे, चामिदु विक्रमसिंघे, असिथा फर्नांडो, मदुशंका और शिराज होंगे। श्रीलंका की टी-20 टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), निसंका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, कामिंदु, चंडीमल, अविष्का, भानुका, हसरंगा, थीक्षाना, डुनिथ, जेफरी वांडरसे, चामिदु, नुवान, पथिराना, बिनुरा और असिथा फर्नांडो को रखा गया है।

### पाकिस्तान के खिलाफ जोश होंगे ऑस्ट्रेलिया के कप्तान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने जोश इंग्लिस को पाकिस्तान के खिलाफ सफेद गेंद घरेलू सीरीज के लिए टीम का नया कप्तान बनाया हैं। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बुधवार को कहा जोश एकदिवसीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीमों का अभिन्न सदस्य है और मैदान के अंदर और बाहर एक बेहद सम्मानित खिलाड़ी है। बेली ने कहा वह पहले भी ऑस्ट्रेलिया ए टीम का नेतृत्व कर चुके है और उनको मैट शॉर्ट और एडम जम्पा जैसे खिलाड़ियों के साथ-साथ ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों से भी भरपूर समर्थन मिलेगा। इंग्लिस के प्रमोशन से टेस्ट कप्तान पैट कमिंस और साथी रेड-बॉल सितारे मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ पाकिस्तान के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज के अंतिम मैच से बाहर रहेंगे। वहीं तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन और जेवियर बार्टलेट को विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश फिलिप और एक अन्य तेज गेंदबाज लांस मॉरिस के साथ टीम में जगह दी गई है। पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच दो विकेट से जीत चुका है।

### डेविड वार्नर सिडनी थंडर के कप्तान नियुक्त

**सिडनी।** डेविड वार्नर को बुधवार को बिग बैश लीग की टीम सिडनी थंडर का कप्तान नियुक्त किया गया। यह छह साल बाद पहला अवसर होगा जबकि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज स्वदेश में किसी टीम का नेतृत्व करेगा। दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के विवाद के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वॉर्नर की कप्तानी पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि पिछले महीने यह प्रतिबंध हटा दिया था जिससे उनका सिडनी थंडर की कप्तानी करने का रास्ता साफ हो गया था। वार्नर ने जून में वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने कहा कि फिर से थंडर की कप्तानी मिलना उनके लिए काफी मायने रखती है। इस सत्र में फिर से थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए काफी मायने रखती है। मैं शुरू से इस टीम का हिस्सा रहा हूं और फिर से मेरे नाम के आगे कप्तान लिखा जाना शानदार है।

# ऑस्ट्रेलिया 3-1 से जीत सकती है : रिकी

## पोंटिंग ने की भविष्यवाणी- श्रृंखला में शमी के बिना 20 विकेट लेना भारत के लिए चुनौती

**दुबई, एजेंसी**



पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया बोर्डर-गावस्कर 3-1 से जीतेगा क्योंकि मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में मेहमान टीम के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट चटकाना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

ऑस्ट्रेलिया की नजरें बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी हैं। भारत ने 2014-15 से सभी चार श्रृंखलाएं जीती हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में हुई श्रृंखलाएं भी शामिल है। भारत को हालांकि पिछली टेस्ट श्रृंखला में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार अपनी सरजमीं पर 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा जिसके बाद पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास मेहमान टीम को हराने का बेहतर मौका है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो पर ऑस्ट्रेलिया की संभावनाओं के बारे में कहा संभवतः अब पहले ही तुलना मे बेहतर है। शमी चोटों के कारण पिछले साल नवंबर से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेले हैं और पोंटिंग का मानना है कि उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा और पदार्पण का इंतजार कर रहे हर्षित राणा की मौजूदगी वाले भारत के गेंदबाजी आक्रमण में कमी नजर आती है।

पोंटिंग ने कहा शमी की अनुपस्थिति में गेंदबाजी समूह में बहुत बड़ा अंतर आ गया है। उस समय (अगस्त में) कुछ अटकलें लगाई जा रही थीं कि शमी फिट होंगे या नहीं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि भारत के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट लेना सबसे बड़ी चुनौती होगी। मुझे लगता है कि वे मौजूदा बल्लेबाजों के साथ यहां अच्छी बल्लेबाजी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की एक अधिक स्थिर टीम के रूप में प्रशंसा करते हुए पोंटिंग 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली श्रृंखला में भारत को पूरी तरह से कमजोर नहीं मानते। पोंटिंग ने भविष्यवाणी की मुझे लगता है कि भारत पांच टेस्ट मैचों में से किसी एक टेस्ट मैच में जीतेगा। लेकिन मुझे अब भी लगता है कि ऑस्ट्रेलिया शायद थोड़ा अधिक स्थिर, थोड़ा अधिक अनुभवी है और हम जानते हैं कि उन्हें घर पर हराना बहुत मुश्किल है। इसलिए मैं 3-1 के साथ जाऊंगा।

### पंत बना सकते हैं सबसे ज्यादा रन

पोंटिंग को लगता है कि अनुभवी स्टीव स्मिथ या तेजतर्रार ऋषभ पंत में से कोई एक पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी होगा। उन्होंने कहा सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में मैं स्टीव स्मिथ या ऋषभ पंत को चुनूंगा। मुझे लगता है कि स्मिथ, यह तथ्य कि वह सलामी बल्लेबाज से नंबर चार पर वापस आ गया है, शायद उसके पास साबित करने के लिए और भी बहुत कुछ है... कि शायद उसे पारी का आगाज करने के लिए भेजा ही नहीं जाना चाहिए था और नंबर चार उसका स्थान है और जहां उसे संभवतः पूरे समय रहना चाहिए था और जहां वह संभवतः अपना करियर खत्म करेगा। पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाजों मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस से अधिक विकेट जोश हेजलवुड चटकाएंगे। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों में से हेजलवुड इस समय अन्य गेंदबाजों की तुलना में अपनी क्षमता के चरम पर हैं। इसलिए मैं उन्हें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में चुनूंगा।

# इगा को हराकर डब्ल्यूटीए के सेमीफाइनल में गॉफ

- बारबोरा क्रेजिकोवा ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को हराया
- कोको बोलीं- स्वियाटेक के साथ खेलना मेरे लिए काफी कठिन



मैच के दौरान शॉट लगातीं स्वियाटेक >>

**रियाद।** अमेरिका की महिला टेनिस स्टार कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं।

ऑरेंज ग्रुप एकल के दूसरे दौर के मंगलवार को हुए मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट में 3-3 तक सर्विस बरकरार रखी। इसके बाद गॉफ ने लगातार दो बार स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर पहला सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने पहले आठ गेम में दो बार एक दूसरे की सर्विस तोड़ी और स्कोर 4-4 पर पहुंच गया। इसके बाद गॉफ ने एक बार फिर स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर यह सेट 6-4 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के बाद गॉफ ने कहा आज यह निश्चित रूप से मेरे लिए एक अच्छा मैच था। आप जानते हैं कि इगा के साथ खेलना मेरे लिए कठिन है, लेकिन मैं वास्तव में खुश हूं कि मैं पूरा मैच में खेलने में कामयाब रही। वहीं एक अन्य मैच में चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा ने अमेरिकी जेसिका पेगुला को एक घंटे और 9 मिनट चले मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराया।

# साक्षी मलिक ने मोदी व मांडविया से की कुश्ती बचाने की अपील

**चंडीगढ़।** पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से कुश्ती का भविष्य बचाने की अपील की।

मलिक ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रधानमंत्री और खेल मंत्री को संबोधित करते हुये जारी वीडियो सन्देश में कहा पिछले साल कुश्ती फेडरेशन के चुनाव हुये। उसके दूसरे ही दिन ब्रजभूषण की बेहूदगी और दबदबे को आपने और पूरे देश ने देखा, जिससे दुखी होकर और बड़े परेशान मन से मुझे अपनी कुश्ती को त्यागना पड़ा। साक्षी ने कहा मैं उन बच्चों की मजबूरियां समझ सकती हूं, उनका पूरा करिअर उनके आगे है।

# रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी की बड़ी हार

**मिलान, एजेंसी**

यूरोप की चोटी की टीमों रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी दोनों को चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड को एसी मिलान ने अपने घरेलू मैदान पर 3-1 से हरा दिया, जबकि मैनचेस्टर सिटी को एर्लिंग हालैंड की पेनल्टी में चूक महंगी पड़ी और चौथे मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद उसे पुर्तगाल की टीम स्पोर्टिंग लिस्बन में 4-1 से हार झेलनी पड़ी।

लिवरपूल के लिए यह शानदार दिन था जिसने लुइस डियाज की हैट्रिक और कोडी गाकपो गोल की मदद से एनफील्ड में खेले गए मैच में जर्मन चैंपियन बायर लेवरकुसेन पर 4-0 से जीत दर्ज की। लिवरपूल चार मैचों में चार जीत के साथ लीग चरण तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके बाद स्पोर्टिंग और मोनाको का नंबर आता है जिनके तीन जीत और एक ड्रॉ के बाद समान 10 अंक हैं।

15 बार के चैंपियन रियल मैड्रिड का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह अपने दूसरे मैच में लिली से हार गया था। मलिक थियाव ने 12वें मिनट में मिलान को बढ़त दिला दी थी। विनीसियस जूनियर ने 23वें मिनट में पेनल्टी पर बराबरी का गोल किया। इसके बाद अल्वारो मोराटा और तिजानी रिजेंडर्स ने मिलान के लिए गोल किए।



गोल दागने के बाद जश्न मनाती मैनचेस्टर सिटी की टीम।

**15** बार के चैंपियन का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी लिवरपूल की शानदार जीत

### रोनाल्डो के गोल से अल नासर की बड़ी जीत

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई। सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। इस बीच जापान के विसेल कोबे ने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू एफसी पर 2-0 से जीत से अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल कर लिया।

# रित्विक-केब्रल ने किया उलटफेर

**मेट्ज (फ्रांस)।** भारत के रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और उनके जोड़ीदार फ्रांसिस्को केब्रल ने बुधवार को यहां मोसेले ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सेंटियागो गोंजालेज और एडवर्ड रोजर वेसलीन की जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

भारत और पुर्तगाल की गैर वरीय जोड़ी ने मैक्सिको के गोंजालेज और फ्रांस के रोजर वेसलीन की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में हराया। हैदराबाद के रित्विक ने एटीपी टूर पर पहली बार किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। रित्विक और केब्रल अगले दौर में मैनुएल गुइनार्ड और ग्रेगोएर जैक तथा पियरे ह्यजेस हर्बर्ट और अल्बानो ओलिवेटी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।

## बॉलीवुड हलचल

# थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि फिल्म थामा उनके करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट है। मैडॉक फिल्म्स ने हाल ही में अपनी ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की नई फिल्म थामा की घोषणा की है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म थामा दिवाली 2025 पर रिलीज होगी और यह फिल्म निर्माता दिनेश विजन के साथ आयुष्मान की बाला के बाद दूसरी फिल्म है। बाला ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। आयुष्मान ने कहा मुझे खुशी है कि दिनेश विजन को लगता है कि यह मेरे लिए उनके ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में शामिल होने का सही समय है। स्त्री 2 के बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी फिल्म बनने के बाद मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूं। मुझे यकीन है कि यह एक ऐसा सिनेमाई अनुभव होगा जिसे दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे। दिनेश ने इस यूनिवर्स को जिस तरह से बनाया है, वह काबिले तारीफ है।

# पुष्पा 2: द रूल ने अमेरिका में 15 हजार से अधिक टिकट बेचकर बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 : द रूल ने अमेरिका में 15 हजार से अधिक टिकट बेचकर रिकॉर्ड बना दिया है। पुष्पा 2 : द रूल फास्टेस्ट इंडियन फिल्म बन गई है, जो यूनाइटेड स्टेट में 15000 से ज्यादा टिकट्स बेच चुकी है। वर्ष 2021 की ब्लॉकबस्टर पुष्पा : द राइज का मच अवेटेड सीक्वल दुनिया भर में फैंस के बीच बहुत एक्साइटमेंट पैदा कर रहा है। इसका प्रीमियर 04 दिसंबर को होने वाला है और वर्ल्डवाइड रिलीज 05 दिसंबर होगी। मेकर्स ने घोषणा के साथ एक नया पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, एक-एक करके रिकॉर्ड तोड़ते हुए #पुष्पा2दरूलबनी अमेरिका में सबसे तेजी से 15 हजार से ज्यादा टिकट बेचने वाली भारतीय फिल्म यूएसएप्रीमियर 4 दि संबर को 5 दिसंबर, 2024 को वर्ल्ड वाइड ग्रैंड रिलीज होगा। पुष्पा 2 : द रूल साल में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया है और इसे मैश्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, जिसमें टी-सीरीज का म्यूजिक है।

# अजय देवगन की फिल्म आजाद का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की नई फिल्म आजाद का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म आजाद में अजय देवगन के साथ डायना पेंटी, अमन देवगन और राशा थडानी नजर आएंगे। फिल्म आजाद का टीजर फिल्म के निर्देशक अभिषेक कपूर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा, हर जंग में, हर बहादुर योद्धा के साथ, एक वफादार घोड़ा जरूर रहा है। आजाद का टीजर रिलीज हुआ, जनवरी 2025 में बड़े पर्दे पर रोमांस का नजारा देखें। इस टीजर में महाराणा प्रताप को दिखाया गया है, जिन्होंने 40 हजार की एक खतरनाक दुश्मन सेना का सामना केवल आठ से नौ हजार सैनिकों के साथ किया। टीजर में महाराणा प्रताप के घोड़े पर फोकस किया गया है। टीजर में उसे हाथी जितना लंबा, मोर की तरह पतली गर्दन वाला और बिजली की तरह तेज बताया गया है। फिल्म आजाद अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की बॉलीवुड में पहली फिल्म है।

### सिंघम अगेन ने कमाए 150 करोड़

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन ने भारतीय बाजार में 150 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन दीवाली के अवसर पर 1 नवंबर को रिलीज हुई है। सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना, दीपिका, अर्जुन, टाइगर, अक्षय, रणवीर, रवि किशन और जैकी श्रॉफ की अहम भूमिका है। भारत में ओपनिंग डे पर 43 .5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन फिल्म ने 42 .5 करोड़, तीसरे दिन 35 .75 करोड़, चौथे दिन 18 करोड़ और पांचवे दिन 13 .5 करोड़ रुपए की अनुमानित कमाई की है। इस तरह फिल्म ने पांच दिन में भारत में 153 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है।



# भारत ए ने बदली गेंद का किया विरोध वार्नर-कोवान ने मांगा स्पष्टीकरण

**सिडनी, एजेंसी**

- डेविड बोले- जल्द ही निपटा दिया गया मामला, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को करना है अंतिम फैसला

भारत ए के खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पिछले सप्ताह खेले गए पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच के अंतिम दिन के खेल के दौरान दी गई बदली हुई गेंद की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया, जबकि डेविड वार्नर और एड कोवान ने मामले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से स्पष्टीकरण देने को कहा है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

यह मसला पिछले सप्ताह मैकाय में खेले गए चार दिवसीय मैच के अंतिम दिन सामने आया था जब अंपायरों ने भारतीय टीम को अलग गेंद दी। भारतीय खिलाड़ी, विशेषकर इशान किशन, इस फैसले से नाखुश थे तथा इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इसे मूर्खतापूर्ण फैसला करार दिया था। सिडनी मार्निंग हेराल्ड में बुधवार को प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय टीम गेंद बदलने को लेकर नहीं बल्कि बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर विरोध कर रही थी। रिपोर्ट में कहा गया है इस मामले को लेकर एक तथ्य जो अभी तक पता नहीं था यह है कि भारत ए की टीम इसलिए नाराज नहीं थी कि गेंद को बदल दिया गया है बल्कि वह बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर नाखुश थी। यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं था क्योंकि खिलाड़ियों और अंपायरों के बीच बदली गई गेंद को लेकर दशकों से बहस होती रही है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाजों डेविड वार्नर और एड कोवान ने अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से यह स्पष्ट करने को कहा है कि मैकाय में मैच के अंतिम दिन क्या हुआ था। वार्नर ने कहा कि यह मामला जल्द से जल्द खत्म कर दिया गया है क्योंकि भारत की सीनियर टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर आने वाली है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

## पिछले चुनाव में शिकस्त के बाद ट्रंप ने की जोरदार वापसी, अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स

# फिर चला ट्रंप कार्ड, कमला हैरिस आउट

वाशिंगटन, एजेंसी

डोनाल्ड ट्रंप चार साल पहले जो बाइडन से राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद काफी मायूस और खिन्न थे तथा इसके कुछ हफ्तों बाद उनके समर्थकों की एक हिंसक भीड़ ने जब यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर धावा बोला था तो इसे रिपब्लिकन नेता के राजनीतिक करियर का अंत माना जाने लगा था। हालांकि, ठीक चार साल बाद, ट्रंप (78) ने व्हाइट हाउस में दूसरा कार्यकाल सुनिश्चित कर अमेरिका के इतिहास में अभूतपूर्व और जोरदार राजनीतिक वापसी की है। वह भी, एक गंभीर अपराध के मामले में दोषी करार दिये जाने और उनकी हत्या की दो नाकाम कोशिशों के बाद।

ट्रंप और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच कड़े मुकाबले का नतीजा अब तक आधिकारिक रूप से घोषित नहीं किया गया है, लेकिन रिपब्लिकन नेता के व्हाइट हाउस में लौटने की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। राजनीतिक विश्लेषक अनंग मित्तल ने कहा, यह अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी में से एक है। मार्च में, ट्रंप को उनकी पार्टी की ओर से प्रत्याशी नामित किया गया और कई अदालती मामलों के कारण ट्रंप के महीनों तक राजनीतिक वनवास में रहने के बाद जुलाई में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन (आरएनसी) में इस पर मुहर लगाई गई। असल में, एक गंभीर अपराध में दोषी करार दिये जाने के बाद शीर्ष पद के लिए नामांकन पाने वाले वह पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ट्रंप अब भी चार आपराधिक अभियोगों का सामना कर रहे हैं और फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि इन मुकदमों का क्या होगा। पूर्व राष्ट्रपति 2021 में महाभियोग की सुनवाई से भी बच गए, जो उनके बरी होने के साथ समाप्त हो गई।

जुलाई में, पेन्सिलवेनिया में एक रैली के दौरान उन पर गोली चली, जो उनके कान के ऊपरी हिस्से को छूते हुए निकल गई। इसके कुछ ही मिनटों बाद, ट्रंप ने हमले के विरोध में अपनी मुट्ठी बांधी और ये तस्वीरें देखकर उनके कट्टर समर्थकों ने उन्हें भावनात्मक समर्थन दिया। वह अब अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स हैं।


पाम बीच कन्वेंशन सेंटर में पत्नी मेलानिया ट्रंप के साथ पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

### विश्व के नेताओं ने ऐतिहासिक जीत के लिए ट्रंप को दी बधाई

**लंदन/यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और ब्रिटेन के उनके समकक्ष केअर स्टॉर्मर समेत विश्व के कई नेताओं ने बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। स्टॉर्मर विश्व के उन नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने ट्रंप द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत का दावा करने के लिए फ्लोरिडा में एक रैली को संबोधित करने के तुरंत बाद बधाई संदेश जारी किए। उन्होंने कहा कि ट्रंप के जीत दर्ज करने के बाद, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच विशेष संबंध नए अमेरिकी प्रशासन के तहत और भी समृद्ध होते रहेंगे।

## अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने से चूकीं हैरिस

**वाशिंगटन।** एक दशक से भी ज्यादा समय पहले एक पत्रकार ने कमला हैरिस को महिला ओबामा कहा था। हालांकि, भारतीय और जमैका के अप्रवासी दंपति की बेटी कमला हैरिस पहले अफ्रीकी-अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की उपलब्धियों की बराबरी करने में विफल रहीं। हैरिस अमेरिकी राजनीति में शीर्ष मुकाम हासिल करने में असफल रहीं और राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप से हार गईं। डेमोक्रेटिक नेता की ट्रंप के हाथों कड़े मुकाबले वाले चुनाव में हार ने अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने के उनके सपने को भी तोड़ दिया। उनके नामांकन से हालांकि महिलाओं में उत्साह पैदा हुआ कि सार्वजनिक जीवन में उनके लिए यह द्वार बंद नहीं हुआ है। हैरिस (60) के नाम कई अन्य 'पहली' उपलब्धियां भी दर्ज हैं। वह सैन फ्रांसिस्को की डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी रह चुकी हैं - इस पद पर चुनी जाने वाली पहली महिला, पहली अफ्रीकी-अमेरिकी और पहली भारतीय मूल की शख्स थीं। उपराष्ट्रपति के रूप में, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं। साथ ही, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी-अमेरिकी या भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति भी हैं। 5 नवंबर के चुनाव से तीन दिन पहले प्रकाशित एक लेख में हैरिस ने बचपन में की गई अपनी भारत यात्रा को याद किया और अपनी दिवंगत मां श्यामला गोपालन को याद किया, जो एक कैंसर शोधकर्ता और नागरिक अधिकार कार्यकर्ता थीं। हैरिस ने ऑनलाइन दक्षिण एशियाई प्रकाशन द जुगरनॉट के लिए लिखे लेख में कहा, बड़े होने के दौरान, मेरी मां ने मुझे और मेरी बहन को हमारी विरासत का सम्मान करना सिखाया। लगभग हर दूसरे साल हम दिवाली के लिए भारत जाते थे।



## भारतीय मूल के छह अमेरिकियों ने जीता प्रतिनिधि सभा का चुनाव

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के छह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुनाव जीत गए हैं। मौजूदा कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में इनकी संख्या पांच थी। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। भारतीय-अमेरिकी वकील सुहास सुब्रमण्यम ने वर्जीनिया और पूरे ईस्ट कोस्ट से चुने जाने वाले समुदाय के पहले व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया। सुब्रमण्यन ने रिपब्लिकन पार्टी के माइक क्लांसी को हराया। वह वर्तमान में वर्जीनिया राज्य के सीनेटर हैं। एरिजोना के पहले कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से डॉ. अमीश शाह अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मामूली अंतर से आगे हैं। अगर वह जीत हासिल करने में सफल होते हैं तो प्रतिनिधि सभा में भारतीय अमेरिकियों की संख्या बढ़कर सात हो जाएगी। सुब्रमण्यम ने कहा मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि वर्जीनिया के 10 वें जिले के लोगों ने मुझ पर भरोसा जताया ताकि मैं सबसे कठिन लड़ाई लड़ सकूं और कांग्रेस में परिणाम दे सकूं। यह जिला मेरा घर है। मैंने यहां शादी की, मेरी पत्नी मिरांडा और मैं अपनी बेटियों का पालन पोषण कर रहे हैं और हमारे समुदाय के सामने आने वाले मुद्दे हमारे परिवार के लिए व्यक्तिगत हैं। वाशिंगटन में इस जिले की सेवा जारी रखना सम्मान की बात है। पूर्व में राष्ट्रपति बराक ओबामा के व्हाइट हाउस सलाहकार रह चुके सुब्रमण्यम आस्था से हिंदू हैं और देशभर में भारतीय अमेरिकियों के बीच लोकप्रिय हैं। वह कांग्रेस में 'समोसा कॉकस' में शामिल हुए हैं जिसमें वर्तमान में पांच भारतीय अमेरिकी - अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार शामिल हैं। 'समोसा कॉकस' अमेरिकी कांग्रेस में भारतीय मूल के अमेरिकियों के एक अनौपचारिक समूह को दिया गया नाम है। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। श्री थानेदार मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार दूसरी बार चुने गए। उन्होंने इसे पहली बार 2023 में जीता था। राजा कृष्णमूर्ति ने इलिनोइस के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज की है। कृष्णमूर्ति ने कहा व्हाइट हाउस और कांग्रेस पर नियंत्रण के लिए लड़ाई जारी है लेकिन मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि इलिनोइस के लोगों ने कांग्रेस में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए मेरा अनुबंध बढ़ा दिया है। इसी प्रकार कैलिफोर्निया के 17वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले रो खन्ना और वाशिंगटन राज्य के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रमिला जयपाल ने भी जीत दर्ज की। पेशे से चिकित्सक डॉ. अमी बेरा 2013 से कैलिफोर्निया के छठे कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय मूल के सबसे वरिष्ठ अमेरिकी सांसद हैं। उन्हें लगातार सातवीं बार फिर से चुना गया। एरिजोना में डेमोक्रेटिक पार्टी के शाह रिपब्लिकन पार्टी के मौजूदा उम्मीदवार डेविड श्वीकेट से थोड़ा आगे चल रहे हैं। उन्हें 132,712 वोट हैं जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को मिले मतों की संख्या 128,606 थी। अभी तक 63 प्रतिशत मतों की गिनती हुई थी।

## एक नजर

### वियतनाम की सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट लापता

**हनोई।** वियतनाम की वायु सेना का एक लड़ाकू प्रशिक्षण विमान याक-130 मध्य बिन्ह दीन्ह प्रांत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और उसके दो पायलट लापता हैं। यह जानकारी वियतनाम की मीडिया ने बुधवार को दी। वीएन एक्सप्रेस अखबार के अनुसार, 940वीं वियतनामी वायु सेना रेजिमेंट का रूस निर्मित याक-130 फु कैट हवाई अड्डे से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर एक पहाड़ी इलाके में तकनीकी खराबी के कारण स्थानीय समयानुसार सुबह 10 :30 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### श्रीलंका में डेंगू से 20 लोगों की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका की राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई (एनडीसीयू) ने बुधवार को कहा कि इस वर्ष अब तक देश में डेंगू से 20 लोगों की मौत हो चुकी है। एनडीसीयू ने कहा कि कुल मामलों में मृत्यु दर का प्रतिशत 0 .05 है और इस वर्ष में 42,820 मामला सामने आ चुका है। पश्चिमी प्रांत में 42 .6 प्रतिशत मामले, उत्तरी प्रांत में 11 .4 प्रतिशत मामले और मध्य प्रांत में 10 .6 प्रतिशत मामले सामने आए हैं।

### श्रीलंका में पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना बहुत महंगा

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि एक समिति पूर्व राष्ट्रपतियों की सुरक्षा पर होने वाले खर्च की समीक्षा कर रही है तथा इसकी रिपोर्ट के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। विदेश मंत्री एवं मंत्रिमंडल के प्रवक्ता विजिता हेराथ ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना काफी महंगा है और सरकार को इस पर सालाना 110 करोड़ श्रीलंकाई रुपये तक का खर्च करना पड़ता है।

### सेनाओं प्रमुखों को सेवा विस्तार लोकतंत्र का नरसंहार

**लाहौर।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को कहा कि थलसेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर समेत तीनों सेनाओं के प्रमुखों को दो साल का सेवा विस्तार देना "लोकतंत्र, कानून के शासन और लोगों के अधिकारों का नरसंहार है। खान ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में मीडिया और अपने वकीलों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। खान के 'एक्स' खाते से की गयी एक पोस्ट में यह जानकारी दी गई है।

## लेबनान में हवाई हमलों में 25 की मौत, 32 घायल

बेरूत, एजेंसी

लेबनान के विभिन्न इलाकों में मंगलवार को इजराइल की ओर से किये गये हवाई हमलों में कम से कम 25 लोग मारे गए और 32 अन्य घायल हो गए। लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार, माउंट लेबनान के चौफ जिले के बारजा में एक आवासीय अपार्टमेंट को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में 15 लोग मारे गए।

नागरिक सुरक्षा दल अभी भी मलबे के नीचे हताहतों की तलाश कर रहे हैं। वहीं, बालबेक में तालिया की नगर पालिका, बालबेक-हर्मेल गवर्नरेट, साथ ही दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के कस्बों और गांवों पर इजराइली हमलों के कारण अतिरिक्त हताहत हुए। इसके अलावा, लेबनान और सीरिया के बीच मस्ना-जदीदत याबूस सीमा क्रॉसिंग पर एक पिकअप ट्रक को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया। इस बीच, हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने कब्जे वाले गोलान में इजराइल की 810वीं हरमोन ब्रिगेड के मुख्यालय माले गोलानी बैरक पर रॉकेटों से हमला किया।



### हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा

**यरूशलम।** इजराइल की सेना ने दक्षिणी लेबनान में वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा किया है। इजराइली सेना ने अपने बयान में कहा कि उसके लड़ाकू विमानों ने बुधवार को दक्षिणी लेबनान पर हमला किया, जिसमें वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर हुसैन अब्द अल-हलीम हर्ब की मौत हो गयी। बयान के मुताबिक हर्ब ने गैलील में समुदायों के खिलाफ और विशेष रूप से मेटुला के क्षेत्र के खिलाफ कई रॉकेट हमलों को अंजाम दिया था। बयान में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में इजराइली वायु सेना ने लेबनान और गाजा पट्टी में लगभग 70 हमले किये हैं।

## नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री को किया बर्खास्त, देशभर में प्रदर्शन

यरुशलम, एजेंसी

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को देश के रक्षा मंत्री योव गैलेंट को बर्खास्त कर दिया। हालांकि उनके इस कदम के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। नेतन्याहू ने यह घोषणा ऐसे समय की है, जब इजराइल क्षेत्र में कई मोर्चों पर लड़ाई लड़ रहा है। गाजा में युद्ध को लेकर नेतन्याहू और गैलेंट के बीच कथित तौर पर मतभेद रहा है।

नेतन्याहू ने मंगलवार को की गई अपनी घोषणा में विश्वास की कमी का उल्लेख किया था। नेतन्याहू ने कहा, युद्ध के बीच में, पहले से कहीं अधिक, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बीच पूर्ण विश्वास की आवश्यकता होती है। हालांकि युद्ध के शुरूआती महीनों में ऐसा विश्वास था और बहुत ही सार्थक काम हुआ था, लेकिन दुर्भाग्य से पिछले महीनों के दौरान मेरे और रक्षा मंत्री के बीच यह विश्वास टूट गया। युद्ध के शुरुआती दिनों में, इजराइल के नेतृत्व ने हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले का जवाब देते हुए एक एकीकृत मोर्चा बनाया था। लेकिन जैसे-जैसे युद्ध लंबा खिंचता गया और लेबनान तक फैल गया, प्रमुख नीतिगत मतभेद उभर कर सामने आ गए। नेतन्याहू ने हमास पर निरंतर सैन्य दबाव बनाए रखने का आह्वान किया, जबकि गैलेंट ने अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा कि सेना ने कम से कम एक अस्थायी कूटनीतिक समझौते के लिए आवश्यक परिस्थितियां पैदा कर दी हैं, जिससे आतंकवादी समूह (हमास) द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सकता है। बंधकों के परिवार, साथ ही सरकार विरोधी प्रदर्शनों में शामिल हुए हजारों लोग नेतन्याहू पर सत्ता पर पकड़ बनाए रखने के लिए समझौते को विफल करने का आरोप लगा रहे हैं। नेतन्याहू के कट्टर सहयोगियों ने धमकी दी है कि अगर वह हमास को रियायतें देते हैं तो वे सरकार गिरा देंगे, जिससे ऐसे वक्त में समय से पहले चुनाव होने की आशंका बढ़ गई है जब प्रधानमंत्री (नेतन्याहू) की लोकप्रियता कम हो गई है। विपक्षी नेता येर लैपिड ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, युद्ध के बीच में, गैलेंट को बर्खास्त करना पागलपन वाला कृत्य है। नेतन्याहू अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए इजराइल की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।


रक्षा मंत्री को निकाले जाने के बाद प्रदर्शन करते लोग।


## ऑस्ट्रेलिया से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

कैनबरा, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की और द्विपक्षीय समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

जयशंकर ने इस मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अल्बनीज को अभिवादन प्रेषित किया। विदेश मंत्री तीन से सात नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा आज कैनबरा में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मिलकर खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अभिवादन प्रेषित किया।

भारत-ऑस्ट्रेलिया समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के लिए उनके मार्गदर्शन की प्रशंसा करता हूं। उन्होंने न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री विन्स्टन पीटर्स से भी यहां मुलाकात की।


प्रधानमंत्री एंथनी से मुलाकात विदेश मंत्री जयशंकर।

### भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश किया घोषित

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार के अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा चैंपियन सर स्टीव स्मिथ ने भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश घोषित किया है। लेबर पार्टी की सरकार के तहत देश की अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा रणनीति की समीक्षा की जा रही है। इस सप्ताह लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में इंडिया-यूके अचीवर्स ऑनर्स के तीसरे संस्करण पर दोहराया कि ग्रेजुएट रूट के तहत ब्रिटेन की, अध्ययन के बाद कार्य वीजा की पेशकश अपरिवर्तित रहेगी।

## बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर पर टिप्पणी से तनाव

ढाका, एजेंसी

- फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर हो चुकी है झड़प

बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव के कुछ हिस्सों में सेना के नेतृत्व में संयुक्त बलों ने बुधवार को गश्त की, यहां एक दिन पहले एक मुस्लिम किराना दुकानदार द्वारा इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉनशस्नेस) के खिलाफ फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर झड़प हो गई थी और इसमें कई लोग घायल हो गए थे।

अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि व्यापारी उस्मान अली ने फेसबुक पर इस्कॉन को आतंकवादी समूह करार दिया था जिसके बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया था और हजारी गली क्षेत्र में रहने वाले हिंदू समुदाय ने इसके खिलाफ नाराजगी जताई थी। हजारी गली में मुख्य रूप से हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं जो आभूषण की दुकानों और थोक दवा की दुकानों के मालिक हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस्कॉन पर की गई इस टिप्पणी को लेकर रातभर संक्षिप्त झड़प हुई।

इस दौरान मौके पर पहुंची सेना, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के अर्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों द्वारा लाठीचार्ज करने से कई लोग घायल हो गए। इस दौरान हजारी गली इलाके में दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहां सेना के जवान पुलिस के साथ जीप में गश्त कर रहे हैं।

## कश्मीर पर झूठ फैलाने को लेकर पाकिस्तान की आलोचना

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंच में किया झूठ का इस्तेमाल
- भारत ने कहा- दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दा उठाने और इस वैश्विक मंच का इस्तेमाल झूठ फैलाने के लिए करने को लेकर इस्लामाबाद की आलोचना करते हुए भारत ने कहा है कि किसी भी तरह का दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा।

सूचना से संबंधित प्रश्नों पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की चौथी समिति की आम बहस को संबोधित करते हुए, राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि विश्वास, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए सूचना तक समावेशी पहुंच आवश्यक है। उन्होंने कहा एक (पाकिस्तानी) प्रतिनिधिमंडल ने एक बार फिर झूठ फैलाने के लिए इस प्रतिष्ठित मंच का इस्तेमाल किया है। दुष्प्रचार और गलत सूचना का सहारा लेना इस प्रतिनिधिमंडल की आदत है। पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर मुद्दा उठाए जाने के बाद, संयुक्त राष्ट्र की बहस में कड़ा जवाब देते हुए शुक्ला ने कहा मुझे स्पष्ट करने दीजिए। वास्तविक लोकतंत्र अलग ढंग से कार्य करते हैं। हाल में संपन्न स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों ने रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर से एक अक्टूबर तक विधानसभा चुनाव हुए।

### भारत को दीर्घकालिक बिजली निर्यात का रास्ता हुआ साफ

**काठमांडू।** नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने भारत के साथ बिजली के निर्यात के लिए हस्ताक्षरित समझौते को रद्द करने की मांग वाली एक रिट याचिका को खारिज कर दिया है। उच्चतम न्यायालय के मंगलवार को दिए गए फैसले के बाद नयी दिल्ली के साथ नेपाल के दीर्घकालिक बिजली व्यापार का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकार के दुरुपयोग की जांच के लिए आयोग (सीआईएए) के पूर्व प्रमुख सूर्य नाथ उपाध्याय द्वारा दायर रिट याचिका उस समझौते के खिलाफ थी जिसके तहत नेपाल अगले 10 वर्षों के लिए भारत को 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात करेगा। उच्चतम न्यायालय के प्रवक्ता अच्युत कुइकेल के अनुसार, पीठ ने इसे खारिज कर दिया।

**खगोल विज्ञान** नए शोध में अंतरिक्ष के विकास में एक कड़ी जोड़ने का प्रयास किया गया है

## आज भी अधूरी है ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी

संवाददाता, नैनीताल

सही मायनों में ब्रह्मांड की उत्पत्ति की गुत्थी आज भी पूर्णतः नही सुलझ सकी है। अलबत्ता बिग बैंग ब्रह्मांड के जन्म का एक सुराग है। जिसे समझने के लिए आज भी शोध जारी हैं और हालिया नया शोध ब्रह्मांड के विकास की कड़ी को जोड़ता है। नए शोध के अनुसार बिग बैंग के बाद पहले ही क्षणों के दौरान मौजूदा भौतिकी की चार मूलभूत ताकतें एक ही बल में समाहित हो गई थीं।

यह ताकतें गुरुत्वाकर्षण, विद्युत चुंबकत्व, मजबूत परमाणु बल व कमजोर परमाणु बल के रूप में जानी जाती हैं। जैसे-जैसे ब्रह्मांड का विस्तार होता चला गया और वह ठंडा भी होते चला गया। इस बीच आये परिवर्तनों में इन शक्तियों को अलग अलग कर दिया। बिग बैंग के बाद एक सेकंड के कुछ अरबवें हिस्से में ही कई परिवर्तन हो गए। क्वार्क और ग्लूऑन उप-परमाणु कण हैं जो मजबूत परमाणु बल के लिए जिम्मेदार हैं। इसकी पुष्टि कृत्रिम रूप से 2010 में ब्रुकहेवन नेशनल लेबोरेटरी में और 2015 में एलएचसी के जरिए की गई। पता चलता है कि प्रारंभिक ब्रह्मांड बेहद गर्म और घना था। मगर क्वार्क-ग्लूऑन प्लाज्मा लंबे समय तक नहीं टिक सका, जो ब्रह्मांड के विस्तार के साथ ठंडा होने से न्यूट्रॉन के रूप में एक साथ एकत्रित हो गया। वैज्ञानिक इस घटना को क्वार्क कारावास कहते हैं। यह जानकारी भी मिलती है कि जब ब्रह्मांड में अधिक उच्च ऊर्जा वाले फोटॉन थे, तो कोई भी परमाणु नाभिक उनके द्वारा तुरंत नष्ट हो जाता था।


बिग बैंग के दौरान ब्रह्मांड के विकास का काल्पनिक चित्र।

### डार्क मैटर व एनर्जी को समझना बड़ी चुनौती

नैनीताल : डार्क मैटर व डार्क मैटर को समझना वर्तमान खगोल विज्ञान की सबसे बड़ी चुनौती है। इसे तभी समझा जा सकेगा, जब ब्रह्मांड के विकास की सही जानकारी मिलेगी। इसके लिए निरंतर शोध जरूरी हैं।